भारत सरकार

परिणाम बजट

2016 - 2017

जल संसाधन, नदी विकास एवं गंगा संरक्षण मंत्रालय

विषय सूची

अध्याय/पैरा सं.	विषय	पृष्ठ सं.
	कार्यकारी सार	1-7
I	**मंत्रालय/विभाग के कार्यों, संगठनात्मक ढ़ाचे के संबंध में संक्षिप्त परिचयात्मक टिप्पण, मंत्रालय/विभाग द्वारा क्रियान्वित किए गए प्रमुख कार्यक्रम/स्कीमों की सूची, इसका अधिदेश, लक्ष्य और नीतिगत ढांचा**	8-21
II	**वार्षिक योजना 2016-17 के परिव्यय और परिणाम/लक्ष्यों का विवरण**	22-68
III	**सुधारात्मक उपाय और नीतिगत प्रयास**	69-91
IV	**विगत निष्पादन की समीक्षा**	92
V	**समग्र वित्तीय समीक्षा**	93-106
VI	**सांविधिक/स्वायत्त संगठनों और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के कार्य निष्पादन की समीक्षा**	
	सांविधिक निकाय :	
6.1.1-6.1.6	ब्रह्मपुत्र बोर्ड	107-112
6.2	रावी और व्यास जल अधिकरण	112
6.3	कावेरी जल विवाद अधिकरण	113-115
6.4	कृष्णा जल विवाद अधिकरण	115-116
6.5	वंसधारा जल विवाद अधिकरण	116-118
6.6	महादायी जल विवाद अधिकरण	118-120
6.7	गोदावरी एवं कृष्णा नदी प्रबंधन बोर्ड	120-121
	स्वायत्त निकाय (सोसाइटियां) :	
6.8	राष्ट्रीय जल विकास अभिकरण	121-124
6.9	राष्ट्रीय जल विज्ञान संस्थान	124-125
	सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम:	
6.10	जल तथा विद्युत परामर्शी सेवाएं (भारत) लिमिटेड	125-128
6.11	राष्ट्रीय परियोजना निर्माण निगम लिमिटेड	128-130

अनुलग्नक

I	**2014-15** में निष्पादन	131-187
II	2015-16 में निष्पादन	188-241
III	प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के विषय में सूचना : एआईबीपी और पीएमकेएसवाई (एचकेकेपी) (राज्य/संघ राज्य क्षेत्र योजना) और नमामि गंगे परियोजना	242-247
IV	XIवीं योजना परिव्यय की तुलना में जल संसाधन मंत्रालय के बजट का ब्यौरा दर्शाने वाला विवरण	248
V एवं **VI**	XII वीं योजना परिव्यय की तुलना में जल संसाधन मंत्रालय के बजट का ब्यौरा दर्शाने वाला विवरण	249-252

कार्यकारी सार

इस मंत्रालय का परिणाम बजट 2016-17 वित्त मंत्रालय द्वारा जारी दिशानिर्देशों में निहित व्यापक प्रारूप के अनुसार तैयार किया गया है । इस बजट में वित्त वर्ष 2014-15 और वित्त वर्ष 2015-16 में वास्तविक निष्पादन दर्शाते हुए वित्त बजट के वास्तविक पक्षों तथा 2016-17 के दौरान लक्षित निष्पादन को रेखांकित किया गया है । इस बजट में मंत्रालय के विभिन्न पहलुओं को समाहित करते हुए निम्नलिखित अध्याय हैं :-

अध्याय

शामिल पहलू

I. यह मंत्रालय के कार्यों, संगठनात्मक ढांचा, आयोजना और नीतिगत ढांचे तथा मंत्रालय द्वारा क्रियान्वित किए जा रहे कार्यक्रमों/स्कीमों का संक्षिप्त परिचय देता है । संक्षेप में भारत सरकार में जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण मंत्रालय जल के एक राष्ट्रीय संसाधन के रूप में समग्र विकास, संरक्षण और प्रबंधन तथा विभिन्न जल प्रयोगों के समन्वय सहित इस संबंध में समग्र राष्ट्रीय परिदृश्य और समन्वय हेतु नीतिगत दिशानिर्देश तैयार करने के लिए जिम्मेदार है । केन्द्रीय मंत्री, राज्य मंत्री तथा सचिव के नियंत्रणाधीन मंत्रालय प्रशासन स्कन्ध, वित्त स्कन्ध और विषयगत स्कन्धों के अंतर्गत गठित है । इस मंत्रालय के दो संबद्ध कार्यालय, आठ अधीनस्थ कार्यालय, ग्यारह सांविधिक निकाय, तीन स्वायत्त निकाय (सोसायटीज) और दो सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम हैं ।

II. इसमें सारणीबद्ध प्रारूप है जिसे बजट प्राक्कलन के विवरण (एसबीई) के "ऊर्ध्वाधर संक्षेपण और क्षैतिज विस्तार" के रूप में देखा जा सकता है इसे व्यय बजट खंड II में शामिल किया गया है । इसका मुख्य उद्देश्य (वित्तीय) बजट 2016-2017 और परिणाम बजट 2016-2017 के बीच क्रमवार सामंजस्य स्थापित करना है । इस ब्यौरे में वित्तीय परिव्यय, प्रक्षेपित परिणाम और प्रक्षेपित/बजटीय परिणाम (मध्यम, आंशिक और अंतिम, जैसा भी मामला हो) शामिल हैं ।

III. इसमें मंत्रालय द्वारा किये गये सुधार उपाय और नीतिगत कार्यों तथा सार्वजनिक निजी भागीदारी, वैकल्पिक वितरण तंत्र, सामाजिक और लिंग सशक्तीकरण प्रक्रिया व्यापक विकेन्द्रीकरण, पारदर्शिता इत्यादि जैसे क्षेत्रों में अंतरवर्ती परिणाम और अंतिम परिणामों से किस तरह इन्हें जोड़ा जाये, का विवरण दिया गया है ।

IV. इसमें अंतर के कारणों से वास्तविक निष्पादन का स्कीमवार विश्लेषण; अलग-अलग कार्यक्रमों/स्कीमों के क्षेत्र और उद्देश्यों की व्याख्या, वित्त वर्ष 2014-15 तथा 2015-16 के दौरान तक वास्तविक लक्ष्य और उपलब्धियों का ब्यौरा दर्शाया गया है ।

V. इसमें हाल के वर्षों में बजट अनुमानों और संशोधित अनुमानों की तुलना में व्यय की समग्र प्रवृत्तियों को समाहित करते हुए वित्तीय समीक्षा दी गई है । इस अध्याय में राज्यों और कार्यान्वयन अभिकरणों के पास बकाया उपयोगिता प्रमाण पत्रों और खर्च न हुई बकाया राशि की स्थिति का ब्यौरा दिया गया है ।

VI. इस अध्याय में इस मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रणधीन सांविधिक/स्वायत्त निकायों और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के निष्पादन की समीक्षा दी गई है ।

2. मंत्रालय संबंधित कार्यान्वयनकारी अभिकरणों के साथ व्यय के विषय में नियमित समीक्षा बैठकें करके विभिन्न केन्द्र क्षेत्र की स्कीमों के संबंध में वित्तीय और वास्तविक प्रगति की निगरानी करता है । राज्य क्षेत्र की स्कीमों के कार्यान्वयन की निगरानी के लिए जल संसाधन / सिंचाई / बाढ़ नियंत्रण के राज्य सचिवों के साथ बैठकें की जाती हैं ।
3. भारत सरकार के वेबसाइट दिशानिर्देशों के अनुसरण में इस मंत्रालय की वेबसाइट फिर से तदनुरूप बनाई गई है । राष्ट्रीय सूचना केन्द्र (एनआईसी)ने 11.06.2014 को इस मंत्रालय की वेबसाइट शुरू की है ।

   ई-ऑफिस - राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस योजना के अन्तर्गत एनआरसी और डीएआरपीजी के सहयोग से एक मिशन मोड परियोजना कार्यान्वित की जा रही है । इससे मंत्रालय की कार्यप्रणाली में उल्लेखनीय बदलाव आने के साथ-साथ मंत्रालय में ई-गवर्नेंस कार्य-कलापों, जवाबदेही और पारदर्शिता को बढ़ावा मिलेगा । आगे चलकर इसे मंत्रालय के संगठनों में भी कार्यान्वित किया जाएगा ।
4. जल संसाधन, नदी विकास और गंगा पुनरुद्धार मंत्रालय का संबद्ध कार्यालय केन्द्रीय जल आयोग मुख्य केन्दों पर जलवैज्ञानिक प्रेक्षणों से संबंधित विशिष्ट गतिविधियॉ, अभिज्ञात परियोजनाओ, विशेषत: पूर्वोत्तर क्षेत्र में, का सर्वेक्षण और अन्वेषण, जल संसाधन परियोजनाओं की आयोजना, डिजाइन और मूल्यांकन तथा बाढ़ पूर्वानुमान में राज्यों की सहायता करता है । केन्द्रीय जल आयोग अपने विभिन्न मानीटरिंग निदेशालयों और क्षेत्र संरचनाओं के माध्यम से चयनित चालू वृहद, मध्यम और विस्तार, पुनरूद्धार एवं आधुनिकीकरण (ईआरएम) सिंचाई परियोजनाओं की सामान्य मानीटरिंग करता है। आयोग, मुख्य रूप से त्वरित सिंचाई लाभ कार्यक्रम और बाढ़ प्रबंधन कार्यक्रम (एआईबीएफएमपी) के अंतर्गत केन्द्रीय सहायता प्राप्त कर रही मध्यम और चुनिंदा लघु सिंचाई परियोजनाओं के कार्यान्वयन की मानीटरिंग करता है । मानीटरिंग के एक भाग के रूप में सीडब्ल्यूसी के अधिकारियों द्वारा नियमित आधार पर इन परियोजनाओं का दौरा किया जाता है । इस कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न कार्यकलापों की मानीटरिंग करने के लिए इस मंत्रालय के कमान क्षेत्र विकास स्कंध के अधिकारियों द्वारा कमान क्षेत्र विकास परियोजनाओं का भी दौरा किया जाता है ।

   केन्द्रीय मंत्रिमंडल द्वारा दिनांक 6 अप्रैल, 2011 को राष्ट्रीय मिशन को अनुमोदन देने के अनुसरण में एक मिशन सचिवालय स्थापित किया गया है । वर्तमान में यह मिशन निदेशक के रूप में जल संसाधन मंत्रालय के विशेष सचिव के नेतृत्व में कार्य कर रहा है । राष्ट्रीय जल मिशन प्रलेख में परिकल्पित आठ सलाहकार समूह / समितियां बनाई गई हैं ।

   इस मंत्रालय के अंतर्गत अन्य संगठन जैसे केन्द्रीय मृदा और सामग्री अनुसंधानशाला, केन्द्रीय जल और विद्युत अनुसंधान केन्द्र, राष्ट्रीय जल विज्ञान संस्थान अन्य बातों के साथ-साथ जल संसाधन क्षेत्र में अनुसंधान और विकास कार्यकलापों में जुटे हुए हैं । मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण में दो सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम जल एवं विद्युत परामर्शी सेवाएं (भारत) लिमिटेड और नेशनल प्रोजेक्ट्स कंस्ट्रक्शन कॉरपोरेशन लिमिटेड कार्य कर रहे हैं । रावी और ब्यास जल अधिकरण, कावेरी जल विवाद अधिकरण, कृष्णा जल विवाद

अधिकरण, वंसधारा जिल विवाद अधिकरण और महादायी जल विवाद अधिकरण अंतर-राज्य जल विवादों का समाधन करने के लिए कार्य कर रहे हैं । ब्रह्मपुत्र बोर्ड जल संसाधनों के स्थायी विकास के लिए ब्रह्मपुत्र और बराक बेसिन में कार्य कर रहा है ताकि बाढ़ नियंत्रण और तटकटाव पर बल देते हुए अधिकतम लाभ प्रदान किया जा सके । वर्ष 2014-15 में आन्ध्र प्रदेश पुनर्गठन अधिनियम, (संशोधन) 2014 के अन्तर्गत दो नए बोर्ड अर्थात कृष्णा और गोदावरी प्रबंधन बोर्ड और पोलावरम परियोजना प्राधिकरण गठित किए गए हैं ।

5. केन्द्रीय भूजल बोर्ड के मुख्य कार्यकलापः-

जलभृत मानचित्रणः जलभृत मानचित्रीकरण एक बहुअनुशासनिक वैज्ञानिक प्रक्रिया है जिसमें जियोलॉजिक, जियोफिजिकल, हाइड्रो जियोलॉजिकल, हाइड्रोलॉजिकल और जल गुणवत्ता आंकड़ों को समेकित किया जा सके, जिससे जलभृत में भूजल का परिमाण, गुणवत्ता और वितरण की विशेषता बताई जा सके। उपयुक्त स्केल पर जलभृत मानचित्रण किया जाना चाहिए और इस सामान्य पूल संसाधन के लिए स्थायी प्रबंधन योजना तैयार की जाए और कार्यान्वित की जाए। इससे ग्रामीण भारत के बड़े भाग और शहरी भारत के बहुत से भागों में पेयजल सुरक्षा भूजल संसाधन विकास में सुधरी हुई सिंचाई सुविधा स्थायित्व प्राप्त करने में सहायता मिलेगी। जलभृत मैपिंग को 1:50,000 स्केल पर प्राथमिकता क्षेत्रों में लिया जाना है। जलभृत मैपिंग और जलभृत प्रबंधन योजनाओं के अंतर्गत परिकल्पित मुख्य कार्यकलाप मौजूदा आंकड़ों का संकलन, डाटा अंतराल विश्लेषण, अतिरिक्त आंकड़ों को उत्पन्न करना तथा जलभृत योजना को तैयार करना है। प्रत्येक कार्यकलाप के कई उप-कार्यकलाप और कार्य हैं और इन्हें कार्यान्वयन के लिए ब्यौरे की प्रोटोकॉल के अनुसार किया जाता है।

जलभृत मानचित्रीकरण के लिए क्षेत्रीय कार्यकलापः अतिरिक्त आंकड़ों को उत्पन्न करनाः डाटा निर्माण के मामले में 2015-16 के दौरान 1.30 लाख वर्ग कि.मी. प्राथमिकता क्षेत्रों में इन-हाउस संसाधनों के माध्यम के लिए क्षेत्रीय कार्यकलाप किए गए। भूजल प्रबंधन अध्ययन अर्थात; अन्वेषणात्मक ड्रिलिंग, जियोफिजिकल सर्वेक्षण, रासायनिक गुणवत्ता अध्ययनों और माइक्रो-स्तर जलविज्ञानीय सर्वेक्षणों को जलभृत मानचित्रों के लिए मूल्य वर्धन के लिए किया जाता है। आंकड़ों को तैयार करने के कार्यकलाप को व्यक्तिगत उपलब्धि इस प्रकार हैः

भूजल सर्वेक्षणः अन्वेषण का उद्देश्य जलभृत डिस्पोजीशन का सटीक डीमार्केशन और क्षेत्र में उप-सतही भूजल के जलविज्ञानीय पैरामीटरों की विशेषता है। इसे बोर्ड द्वारा 84 ड्रिलिंग रिंगों की एक फ्लीट (28 डायरेक्ट रोटरी, 48 डाउन दि होल और 8 परकुशन कॉम्बीनेशन टाइपों) के माध्यम से किया जाता है।

वित्तीय वर्ष 2015-16 (31.12.2015 तक) केन्द्रीय भूजल बोर्ड (सीजीडब्ल्यूबी) ने 475 कुंओं का (ईडब्ल्यू-303, ओडब्ल्यू-130, पीजेड-42) निर्माण किया है, इसमें 31 हाई यील्डिंग कुएं शामिल हैं ताकि विभिन्न जलविज्ञानीय सेटअप में भूजल क्षमता का मूल्यांकन किया जा सके।

जियोफिजिकल अध्ययनः जलभृत मैपिंग और कम-अवधि की जल आपूर्ति जांच के अभिन्न अंग के रूप में जियोफिजिकल अध्ययन किये जाते हैं। 2015-16 के दौरान 31 दिसंबर, 2015 तक सीजीडब्ल्यूबी ने 2013 वर्टिकल इलेक्ट्रिकल साउंडिंग, 65.38 किलोमीटर रेजिस्टवली प्रोफाइलिंग और 82 बोर होलों की जियोफिजिकल लॉगिंग देश के विभिन्न भागों में की है।

जल गुणवत्ता विश्लेषणः मूलभूत घटकों, भारी धातुओं (जैसे सीयू, जेडएन, एफई, एमएन, सीओ, सीडी, सीआर, एनआई, पीबी इत्यादि), ऑरगैनिक और विशिष्ट घटकों के लिए 21496 जल नमूनों का विश्लेषण वर्ष 2015-16 के दौरान 31 दिसंबर, 2015 तक किया गया।

जल आपूर्ति जांचः बोर्ड सरकारी एजेंसियों के लिए कम-अवधि की जल आपूर्ति जांच करता है और उनकी जल आपूर्ति में वृद्धि करने के लिए सहायता देता है। रक्षा को छोड़कर सभी अन्य विभागों से सामान्यतया न्यूनतम राशि ली जाती है। बोर्ड ने इस वर्ष के दौरान, 31 दिसंबर, 2015 तक कुल 170 जांच की हैं।

भूजल रिजीम मॉनिटरिंगः बोर्ड ने सभी क्षेत्रों में अप्रैल/मई माह, अगस्त 2015 के लिए लगभग 27000 भूजल प्रेक्षण कुंओं के नेटवर्क के माध्यम से देश में भूजल स्तरों की निगरानी की है। मौजूदा प्रेक्षण कुंओं में वृद्धि करने के लिए 509 अतिरिक्त कुंओं की स्थापना की है। पूर्व-मानसून अवधि के दौरान कुंओं की जल गुणवत्ता मॉनीटर की जाती है।

केन्द्रीय भूजल प्राधिकरणः भारत के माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश के अनुसरण में देश के भूजल प्रबंधन के विनियमन और नियंत्रण और विकास के प्रयोजन के लिए दिनांक 14.01.94 की अधिसूचना सं.एस.ओ.38(ई) के माध्यम से पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 के खंड 3 के उप-खंड (3) के अंतर्गत केन्द्रीय भूजल प्राधिकरण के रूप में केन्द्रीय भूजल बोर्ड का गठन किया गया है। "केन्द्रीय भूजल प्राधिकरण" के विनियामक कार्य को सरल और कारगर बनाने के भाग के रूप में राजस्व जिलों के जिला मजिस्ट्रेटों/डिप्टी कमिश्नरों की अधिसूचित क्षेत्रों में पेय/घरेलू उपयोग के लिए भूजल की निकासी के लिए अनुमति प्रदान करने के लिए प्राधिकृत अधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया है। उन्हें सीजीडब्ल्यूए द्वारा जारी किए गए दिशानिर्देशों के अनुसार अधिसूचित क्षेत्रों में पेय/घरेलू प्रयोजनों के भू-जल की निकासी के लिए अनुमति देने के लिए अनुरोध को तैयार करने की अनुमति दी गई है। केन्द्रीय भूजल प्राधिकरण ने देश में उद्योगों/परियोजनाओं द्वारा भूजल के निष्कर्षण के लिए एनओसी की मंजूरी के लिए संशोधित दिशानिर्देश भी बनाए हैं। केन्द्रीय भूजल अधिकरण को देश में भूजल विकास और प्रबंधन के विनियमन और नियंत्रण और इस प्रयोजन के लिए मार्ग निर्देश जारी करने का दायित्व सौंपा गया है। कुल अधिसूचित क्षेत्र अब 162 हैं।

देश के भूजल संसाधन का आकलनः राज्य स्तरीय समितियों के पर्यवेक्षण में संबंधित राज्य भूजल विभागों और केन्द्रीय भूजल बोर्ड द्वारा देश के डायनेमिक भूजल संसाधन का संयुक्त

रूप से मूल्यांकन किया जाता है। आधार वर्ष 2011 के संदर्भ में डायनेमिक भूजल संसाधन मूल्यांकन किया गया है जबकि "भारत के डायनेमिक भूजल संसाधन का मूल्यांकन" तैयार किया जा रहा है।

6. एचआरडी/सीबी स्कीम का सूचना, शिक्षा और संचार घटक का उद्देश्य विभिन्न जल संबंधी मुद्दों पर ध्यान देने के लिए समन्वित प्रयास पर सम्यक जोत देते हुए समग्र रूप से जल संसाधनों के विकास और प्रबंधन के महत्व के बारे में विभिन्न लक्ष्य समूहों में जागरूकता सृजन के विचार से मंत्रालय और इसके संगठनों में जन जागरूकता कार्यकलाप करना है।
7. राष्ट्रीय जल अकादमी, जो पुणे में स्थित है, जल संसाधन परियोजनाओं की आयोजना, डिजाइन, मूल्यांकन, निर्माण, प्रचालन और मॉनीटरिंग के क्षेत्रों को शामिल करते हुए जल संसाधन विकास और प्रबंधन के सभी पक्षों पर तथा जल क्षेत्र में हाई-एंड प्रौद्योगिकी के अनुप्रयोग में भी प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए एक उत्कृष्ट संस्थान है।

   राष्ट्रीय जल अकादमी ने क्लाइंट के स्थानों पर इसके कैंपस और ऑफ-कैंपस पर क्लाइंट संगठनों की विशिष्ट आवश्यकता को पूरा करने के लिए कस्टम-डिजाइंड कार्यक्रम भी तैयार किए हैं। एनडब्ल्यूए ने विश्व मीटरोलॉजिकल संगठन के सहयोग से "दूरवर्ती प्रशिक्षण कार्यक्रम" के क्षेत्र में भी पहल की है।

   राष्ट्रीय जल अकादमी सभी पणधारियों के लिए जल संसाधन विकास और प्रबंधन के पहलुओं प्रतिवर्ष लगभग 32 प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करता है। वार्षिक प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिए प्रशिक्षण कैलेंडर को अध्यक्ष, सीडब्ल्यूसी, नई दिल्ली के अनुमोदन से अंतिम रूप दिया जाता है। सभी पणधारियों की सूचना के लिए राष्ट्रीय जल अकादमी की वेबसाइट (nwa.mah.nic.in) पर अनुमोदित प्रशिक्षण कैलेंडर होस्ट किया जाता है। प्रत्येक माह सीडब्ल्यूसी के मुख्यालयों को वास्तविक और वित्तीय प्रगति रिपोर्ट की जाती है।
8. राष्ट्रीय जल विकास एजेंसी जल संसाधन विकास के लिए राष्ट्रीय संदर्श योजना के अंतर्गत जल शेष अध्ययन, पूर्व-साध्यता रिपोर्ट (पीएफआर) और हिमालयी और प्रायद्वीपीय घटकों से संबंधित अंतरबेसिन जल अंतरण के लिए साध्यता रिपोर्ट (एफआर) तैयार कर रही है। अंतः-राज्य संपर्कों के लिए पीएफआर/एफआर/डीपीआर के अंतर्गत संपर्क प्रस्तावों की विस्तृत परियोजना रिपोर्टोंकी तैयारी का कार्य भी एनडब्ल्यूडीए को सौंपा गया था। वर्ष 2015-16 के लिए अनुमोदित बजट परिव्यय 69.00 करोड़ रूपए था। वर्ष 2016-17 के लिए बजट परिव्यय 73.50 करोड़ रूपए प्रस्तावित किया जाता है।

   एनपीपी के अंतरबेसिन जल अंतरण संपर्कों के अंतर्गत, 2013-14 के दौरान केन-बेतवा लिंक परियोजना चरण-।।, दमनगंगा-पिंजाल संपर्क परियोजना 2013.14 के दौरान पूरी की गई और अगस्त. 2015 तक पार-तापी नर्मदा संपर्क की डीपीआर पूरी कर दी गई है। 2015-16 के दौरान भारतीय भाग के लिए हिमालयी घटक के अंतर्गत 3 संपर्कों की साध्यता रिपोर्टें तैयार की जा रही हैं। 2 संपर्कों की साध्यता रिपोर्टें वर्ष 2016-17 के दौरान पूरी की जाएंगी।

राज्यों द्वारा दिए गए प्रस्तावों के अनुसार वर्ष 2013-14 के दौरान बूढ़ी गंडक-नून-बया-गंगा संपर्क और बिहार के कोसी-मेची संपर्क परियोजनाओं की डीपीआर वर्ष 2013-14 के दौरान पूरी हो गई थी। 2015-16 के दौरान 4 संपर्कों नामतः महाराष्ट्र की वेनगंगा (गोसीखुर्द)-नलगंगा (पूर्णा तापी) संपर्क परियोजना, तमिलनाडु को पौन्नैयर-पलार संपर्क परियोजना, झारखंड की बाराकार-दामोदर-सुवर्णरेखा संपर्क परियोजना और उड़ीसा की वंशधारा-रूशीकुल्या संपर्क परियोजना की डीपीआर तैयार की जा रही है।

राज्यों द्वारा यथा प्रस्तावित अंतः-राज्य संपर्क परियोजनाओं के अंतर्गत 2013-14 में 6 पीएफआर पूरी की गई हैं, अंतःराज्य संपर्कों की 2 पीएफआर 2014-15 में पूरी की जाती है, 1 पीएफआर और डीपीआर 2015-16 में पूरी की जाएगी और अंतःराज्य संपर्कों की 2 डीपीआर 2016-17 के दौरान पूरी की जाएंगी।

विभिन्न स्तरों पर जल संसाधन मंत्रालय द्वारा एनडब्ल्यूडीए के वित्तीय बजट का वास्तविक आयाम नियमित रूप से मॉनीटर किया जाता है। माननीय केन्द्रीय जल संसाधन मंत्री राष्ट्रीय जल विकास एजेंसी सोसाइटी के अध्यक्ष हैं, जो एनडब्ल्यूडीए का शीर्ष निकाय है। एजेंसी के कार्यक्रम और वित्तीय बजट के वास्तविक आयामों और प्रगति की समीक्षा करने के लिए सोसाइटी की वार्षिक आम बैठक वर्ष में एक बार होती है। सचिव (जल संसाधन) की अध्यक्षता में एनडब्ल्यूडीए की गवर्निंग बॉडी वर्ष में दो बार कार्यों के कार्यक्रम और प्रगति की समीक्षा करती है। इन समितियों में सभी संबंधित राज्यों के प्रतिनिधि होते हैं। साध्यता रिपोर्टें और ऐक्जीक्यूटिव समरी/एनडब्ल्यूडीए द्वारा पहले से पूरी की गई विस्तृत परियोजना रिपोर्टों की मुख्य विशेषताएं आम जनता की सूचना के लिए एनडब्ल्यूडीए की वेबसाइट (www.nwda.gov.in) पर उपलब्ध है। एक बार कार्यान्वित किया गया अंतर बेसिन जल अंतरण कार्यक्रम सिंचाई क्षेत्र की वृद्धि, बिजली उत्पादन और जल की कमी वाले क्षेत्रों में घरेलू और औद्योगिक जल की आपूर्ति के लिए भी सहायता करेगा।

9. जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण मंत्रालय के एक अधीनस्थ कार्यालय, सरदार सरोवर निर्माण सलाहकार समिति का महत्वपूर्ण कार्यकलाप सरदार सरोवर परियोजना (एसएसपी) के यूनिट-। (बांध और संबद्ध कार्य) और यूनिट-।। (जल-विद्युत) का सक्षम, किफायती और समय पर कार्यान्वयन सुनिश्चित करना है। 07.05.2010 को हुई इसकी 77वीं बैठक में एसएससीएसी द्वारा 2008-09 के मूल्य स्तर पर एसएसपी की इकाई-। और इकाई-।।। का संशोधित आकलन अनुमोदित किया गया। मई, 2010 में योजना आयोग द्वारा 39240.45 करोड़ रूपए के लिए 2008-09 के मूल्य स्तर पर एसएसपी के परियोजना आकलन के लिए निवेश क्लियरेंस मई, 2010 में दी गई थी।

पंपिंग/रीवर्सिबुल मोड में सरदार सरोवर परियोजना के नदी तल पॉवर हाउस (6x200 एमडब्ल्यू) का प्रचालन करने के लिए मुख्य बांध के अनुप्रवाह में गरूड़ेश्वर वायर के कार्य को सौंपना, जो यूनिट-।।। कार्यों का भाग है, एसएससीएसी द्वारा इसकी 79वीं बैठक में अनुमोदित किया गया है। गरूड़ेश्वर वायर की आकलित लागत 438.18 करोड़ रूपए है और

सबसे कम बोली लगाने वाले बोलीदाता को 2,99,43,36,391.50 रूपए का कार्य दिया गया, जिसे 48 माह में पूरा किया जाना है। निर्माण का कार्य जारी है।

10. मंत्रालय ने, वर्ष 2016-17 के दौरान 5 मुख्य समूहों (केन्द्रीय क्षेत्र और केन्द्रीय रूप से प्रायोजित स्कीमों) के लिए योजना स्कीमों का कार्यान्वयन किया। 12वीं योजना अवधि के लिए, मंत्रालय द्वारा कार्यान्वित की जा रही/मॉनीटर किये गए विभिन्न कार्यक्रमों/स्कीमों के अंतर्गत कार्यकलापों को 5 समूहों 21 केन्द्रीय क्षेत्र और 2 केन्द्रीय रूप से प्रायोजित स्कीमों में क्लब किया गया है। इनमें नई केन्द्र क्षेत्रीय स्कीमें नामतः महाराष्ट्र की "वोडवाड़ परिसर सिंचन योजना" पोलावरम परियोजना प्राधिकरण, एआईबीएफएमपी का प्रभाव मूल्यांकन अध्ययन, राष्ट्रीय नदी संरक्षण योजना, राष्ट्रीय गंगा योजना, नदी के अग्रभागों सौंदर्यीकरण के लिए घाट निर्माण-कार्य, एनसीटी की जल परियोजना, नदियों की इंटरलिंकिंग की डीपीआर शामिल हैं और एक नई केन्द्रीय रूप से प्रायोजित स्कीम नामतः प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना वित्त वर्ष 2014-15 से हाल ही में जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण मंत्रालय के बजट में शामिल की गई है।

अध्याय-1

मंत्रालय/विभाग के कार्यों, संगठनात्मक ढ़ाचे के संबंध में संक्षिप्त परिचयात्मक टिप्पण, मंत्रालय/विभाग द्वारा क्रियान्वित किए गए प्रमुख कार्यक्रम/स्कीमों की सूची, इसका अधिदेश, लक्ष्य और नीतिगत ढांचा

परिचय

1.1 जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण मंत्रालय के कार्य व्यापार आबंटन नियमावली के अनुसार निम्न अनुसार हैः

I सामान्य

1) राष्ट्रीय संसाधन के रूप में जल का विकास, संरक्षण और प्रबंधन; जल के विविध उपयोगों के संबंध में जल आयोजना का समग्र राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य तथा समन्वय ।
2) राष्ट्रीय जल संसाधन परिषद ।
3) सामान्य नीति, तकनीकी सहायता, अनुसंधान और विकास प्रशिक्षण तथा बहुउद्देशीय, वृहत, मध्यम, लघु तथा आपातिक सिंचाई कार्यों सहित सिंचाई से संबंधित सभी मामले; नौवहन तथा जलविद्युत के लिए हाइड्रोलिक संरचाएं; नलकूप तथा भूजल अन्वेषण तथा दोहन; भूजल संसाधनों की सुरक्षा तथा परिरक्षण; सतही और भूजल का संयुक्त उपयोग, कृषि प्रयोजनों के लिए सिंचाई, जल प्रबंधन, कमान क्षेत्र विकास; जलाशय का प्रबंधन एवं जलाशय अवसाद; बाढ़ (नियंत्रण) प्रबंधन, जल निकास, सूखारोधन; जल जमाव और समुद्र-तट कटाव समस्याएं; बांध सुरक्षा ।
4) अंतर्राज्जीय नदियों तथा नदी घाटियों का विनियमन और विकास । स्कीमों, नदी बोर्डों के माध्यम से अधिकरणों के पंचाटों का कार्यान्वयन ।
5) जल कानून, विधान
6) जल गुणवत्ता आकलन ।
7) केन्द्रीय जल इंजीनियरी सेवा (समूह क) का संवर्ग नियंत्रण एवं प्रबंधन ।

II अंतर्राष्ट्रीय पहलू

8) जल संसाधन विकास तथा प्रबंधन, जल निकास और बाढ़ नियंत्रण से संबंधित अंतर्राष्ट्रीय संगठन, आयोग तथा सम्मेलन ।
9) अंतर्राष्ट्रीय जल कानून
10) भारत तथा पड़ोसी देशों की साझी नदियों से संबंधित मामले, बांग्लादेश के साथ संयुक्त नदी आयोग, सिन्धु जल संधि 1960; स्थायी सिन्धु आयोग ।
11) जल संसाधन विकास के क्षेत्र में द्विपक्षीय तथा बाह्य सहायता एवं सहयोग कार्यक्रम ।

1.2 जल संसाधन मंत्रालय के उपर्युक्त कार्य, इसके निम्न संगठनों/संस्थाओं द्वारा किए जाते हैं :

संबद्ध कार्यालय

1. केन्द्रीय जल आयोग

2. केन्द्रीय मृदा एवं सामग्री अनुसंधानशाला

अधीनस्थ कार्यालय

1. केन्द्रीय जल एवं विद्युत अनुसंधान केन्द्र
2. केन्द्रीय भूमिजल बोर्ड
3. फरक्का बैराज परियोजना
4. गंगा बाढ़ नियंत्रण आयोग
5. बाण सागर नियंत्रण बोर्ड
6. सरदार सरोवर निर्माण सलाहकार समिति
7. ऊपरी यमुना नदी बोर्ड
8. पोलावरम परियोजना प्राधिकरण

सांविधिक निकाय

1. ब्रह्मपुत्र बोर्ड
2. बेतवा नदी बोर्ड
3. नर्मदा नियंत्रण प्राधिकरण
4. तुंगभद्रा बोर्ड
5. रावी और व्यास जल अधिकरण
6. कावेरी जल विवाद अधिकरण
7. कृष्णा जल विवाद अधिकरण
8. वंशधारा जल विवाद अधिकरण
9. महादायी जल विवाद अधिकरण
10. कृष्णा नदी प्रबंधन बोर्ड
11. गोदावरी नदी प्रबंधन बोर्ड

स्वायत्त निकाय (सोसाइटी)

1. राष्ट्रीय जल विकास अभिकरण
2. राष्ट्रीय जल विज्ञान संस्थान
3. राष्ट्रीय गंगा सफाई मिशन (एनएमसीजी)

सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम

1. जल एवं विद्युत परामर्शी सेवा (भारत) लिमिटेड
2. राष्ट्रीय परियोजना निर्माण निगम लिमिटेड

1.3 यह मंत्रालय वर्ष 2016-17 के दौरान 5 मुख्य समूहों (केन्द्रीय क्षेत्र और केन्द्र प्रायोजित स्कीमों) में इन योजना स्कीमों का कार्यान्वयन कर रहा है। समूहवार इनका संक्षिप्त ब्यौरा निम्नानुसार है:

1.3.1 मुख्य सिंचाई परियोजनाएं

पोलावरण बहुउद्देश्यीय परियोजनाः केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने दिनांक 1 मई, 2014 को हुई अपनी बैठक में आन्ध्र प्रदेश पुनर्गठन अधिनियम, 2014 के अन्तर्गत पोलावरम परियोजना प्राधिकरण (पीपीए) और इसके शासी निकाय के गठन का अनुमोदन दिया । इसका वित्त पोषण केंद्र सरकार करेगी।

मौजूदा आन्ध्र प्रदेश राज्य में पोलावरम परियोजना (इन्दिरा सागर (पोलावरम) नाम से भी जानी जाने वाली) एक बहुउद्देशीय परियोजना है जिसमें आकलित कृष्य कमान क्षेत्र 2.91 लाख हेक्टेयर और 960 मेगावाट विद्युत उत्पादन शामिल है । इसमें विशाखापटनम शहर और अन्य क्षेत्रों को 23.44 हजार मिलियन घन फीट (टीएमसी) पेय जल आपूर्ति की व्यवस्था होने के साथ-साथ विशाखापटनम इस्पात संयंत्र को औद्योगिक जलापूर्ति की व्यवस्था है । कृष्णा नदी बेसिन को वर्ष में 80 टीएमसी के अंतरबेसिन अंतरण की भी योजना है ।

फरक्का बैराज परियोजना : फरक्का बैराज परियोजना को भगीरथ-हुगली नदी प्रणाली की व्यवस्था नौसंचालन में सुधार करके कोलकत्ता बंदरगाह का परिरक्षण और अनुरक्षण करने के लिए 1975 में शुरू किया गया था, जिसका मुख्यालाय पश्चिम बंगाल के फरक्का में है। फरक्का में गंगा से भगीरथी में अधिक ऊपरी भूमि जलापूर्ति से लवणता में कमी आती है तथा कोलकत्ता और आस-पास के क्षेत्रों में मीठे जल की आपूर्ति सुनिश्चित होती है। फरक्का में गंगा नदी पर निर्मित रेल-सह-सड़क पुल पूर्वोत्तर राज्यों का शेष देश से प्रत्यक्ष सड़क एवं रेल सम्पर्क स्थापित करता है। फरक्का में भगरथी/हुगली नदी प्रणाली, फीडर नहर और नौचालन लॉक हल्दिया-इलाहाबाद अंतर-देशीय जल मार्ग (राष्ट्रीय जल मार्ग-I) का हिस्सा है। फरक्का बैराज परियोजना के प्रमुख घटक इस प्रकार हैं:-

- गंगा नदी पर 2245 मी. लम्बा बैराज और 109 खण्ड तथा 11 खण्डों सहित एक हेड रेगुलेटर।
- जंगीपुर में भागीरथी नदी पर 213 मी. लम्बा बैराज और 15 खण्ड।
- 38.38 कि.मी. फीडर नहर, जिसकी जल संवहन क्षमता 1133 क्यूमेक (40,000 क्यूसेक) है।
- फरक्का और जंगीपुर में नौचालन लॉक।
- कालिन्द्री लॉक चैनल, शेल्टर बेसिन एवं अन्य अवसंरचनाएं।
- फरक्का बैराज का बायां अफ्लक्स बांध-33.79 कि.मी. लंबा, फरक्का बैराज का दाहिना अफ्लक्स बांध- 7 कि.मी. लंबा और जंगीपुर बैराज का अफ्लक्स बांध- 16.31 कि.मी.।
- फीडर नहर पर दो रेल-सह-सड़क पुल और दो सड़क पुल।
- पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद और मालदा जिलों में विभिन्न स्थानों पर कई रेगुलेटर।
- फीडर नहर के आरडी 48.00 पर बागमारी साइफन और फीडर नहर के आरडी 62.532 पर जेटीस शेल्टर बेसिन।

फरक्का बैराज परियोजना के मुख्य कार्य:

- फरक्का बैराज, जंगीपुर बैराज, फीडर नहर (बागमारी साइफन सहित), नौचालन लॉक का संचालन एवं अनुरक्षण।

- भारत और बांग्लादेश के बीच गंगा के जल बंटवारे के संबंध में हुए समझौते का कार्यान्वयन करना।
- फरक्का बैराज के बढ़ाए गए कार्य क्षेत्र में 40 किमी प्रतिप्रवाह और 80 किमी अनुप्रवाह में कटावरोधी और तट सुरक्षा कार्य करना।

बांध पुनरुद्धार और सुधार परियोजना (डीआरआईपी) : भारत में बांध सुरक्षा कार्यों को लगातार सुदृढ़ किए जाने के एक भाग के रूप में विश्वबैंक की सहायता से 2100.00 करोड़ रूपए की अनुमानित लागत वाली बांध पुनरूद्धार और सुधार परियोजना शुरू की गयी है। इस परियोजना के तहत चार राज्यों नामत: मध्य प्रदेश, ओड़िशा, केरल और तमिलनाडु के लगभग 223 बड़े बांधों का पुनरूद्धार किया जायेगा। बाद में डीआरआईपी में शामिल करने के लिए कुछ और राज्यों/संगठनों की पहचान भी की गयी है जिसके लिए परियोजना अनुमान में अनावंटित संसाधनों की व्यवस्था की गयी थी। डीआरआईपी के परियोजना विकास उद्देश्य इस प्रकार हैं:

- चुने गए मौजूदा बांधों को सम्बद्ध संरचनाओं की सुरक्षा एवं निष्पादन में स्थायी ढंग से सुधार और
- संबंधित राज्यों में और केन्द्र स्तर पर बांध सुरक्षा सांस्थानिक ढांचे को सुदृढ़ करना।

डीआरआईपी के उद्देश्य को भौतिक और प्रौद्योगिकीय बांध सुधारों, बांध संचालन का प्रबंधकीय उन्नयन, प्रबंधन और अनुरक्षण के साथ-साथ सांस्थानिक सुधार में निवेश करके प्राप्त करना है। इसके अतिरिक्त, आशा है कि परियोजना में शामिल चुने गए बांधों पर ध्यान केन्द्रित करने के अलावा संबंधित राज्यों में सभी बांधों के संबंध में पूरी प्रणाली प्रबंधन में, सांस्थानिक विकास कार्यों से सुधार होगा। इस तरह परियोजना से बांध प्रणाली प्रबंधन का सम्पूर्ण रूप में समाधान होगा।

डीआरआईपी के लिए परियोजना कार्यान्वयन अभिकरण, चार संबंधित राज्यों के जल संसाधन विभाग और तमिलनाडु तथा केरल के राज्य विद्युत बोर्ड हैं। परियोजना के सम्पूर्ण कार्यान्वयन का समन्वय केन्द्रीय जल आयोग प्रबंधन एवं इंजीनियरिंग परामर्शदाता फर्म की सहायता से कर रहा है।

परियोजना की कुल लागत में से 80 प्रतिशत राशि विश्वबैंक से ऋण के रूप में ली जायेगी और 20 प्रतिशत राशि संबंधित राज्य सरकारों और केन्द्रीय जल आयोग द्वारा वहन की जायेगी। पहचान किए गए बांधों के पुनरूद्धार और सुधार के लिए संरचनात्मक और गैर संरचनात्मक उपायों के अलावा परियोजनाओं के कार्य क्षेत्र में संबंधित राज्यों में सभी बड़े बांधों के सुरक्षित संचालन और अनुरक्षण से संबंधित समुचित सांस्थानिक तंत्र का विकास शामिल है। इसके अतिरिक्त, राष्ट्र स्तरीय सुरक्षा निगरानी और मार्गदर्शन के लिए केन्द्रीय जल आयोग में सांस्थानिक ढांचे का सुदृढ़ीकरण किया जायेगा। परियोजना 18 अप्रैल, 2012 से शुरू हो गयी है और 6 वर्षों तक चलेगी।

1.3.2 नमामि गंगे

मुख्य मंत्रालयों नामतः (क) जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण मंत्रालय (ख) पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन (ग) शहरी विकास (घ) पेयजल और स्वच्छता (ङ) ग्रामीण विकास (च) पर्यटन और (छ) पोत के सचिवों के समूह जून, 2014 से व्यापक कार्ययोजना तैयार करने हेतु मिलकर कार्य कर रहे हैं। इस संबंध में एक संयुक्त रिपोर्ट 28 अगस्त, 2014 को

माननीय मंत्रियों को प्रस्तुत कर दी गई है। इस रिपोर्ट में लघु, मध्यम और दीर्घावधि में आवश्यक निम्ननिखित नये व्यापक कार्यकलाप करने की सिफारिश की गई हैं। जिनके ब्यौरे नीचे दिए गए हैः

क. लघु अवधि कार्यकलाप

(क) पुनर्वास और गंगा के पास मौजूदा परिशोधन संयंत्रों का स्तरोन्नयन स्कीम

(ख) गंगा के पास अभिनिर्धारित शहरों में शत प्रतिशत सीवरेज अवसंरचना सुनिश्चित करना। खुले नालों में स्वस्थाने सीवेज परिशोधन

(ग) परियोजना के लिए एक आधार तैयार करने हेतु विस्तृत परियोजना रिपोर्टें तैयार करने हेतु सहयोग

(घ) चुनिंदा शहरों और कस्बों में घाटों के विकास हेतु नदी तट प्रबंधन

(ङ) कानपुर और अन्य शहरों में औद्योगिक प्रदूषण समाप्त करना

(च) चार धाम यात्रा हेतु कार्ययोजना- जनसुविधाएं, अपशिष्ट निपटान और स्वच्छता

(छ) शहरी स्थानीय निकायों का क्षमता निर्माण

(ज) वनारोपण- फ्लोरा का संरक्षण

(झ) जलीय जीव का संरक्षण - डॉल्फिन, मेढकों और घड़ियालों पर विशेष ध्यान

(ञ) गंगा कार्यबल (जैसे पूर्व सेनानी, स्वैच्छिक कर्मी) के माध्यम से फूलों और अन्य पूजा सामाग्रियों का सुरक्षित निपटान

(ट) गंगा बेसिन के लिए जीआईएस डाटा और स्थानिक विश्लेषण

(ठ) समुदायों की गंगा पर परंपरागत जीविकोपार्जन हेतु निर्भर समुदायों का अध्ययन

(ड) गंगा निगरानी केन्द्र

(ढ) गंगा में बालू खनन हेतु दिशानिर्देश

(ण) ऊपरी खंडों पर भागीरथी के मार्ग के अध्ययन और सुधार को सुकर बनाना

(त) गंगा नदी की विशेष विशेषताओं का मूल्यांकन

(थ) संचार और जनपहुंच कार्यकलाप इत्यादि

(ख) मध्यम अवधि कार्यकलाप (अवसंरचना और गैर-अवसंरचना)

चालू परियोजनाओं को पूरा करने के अलावा निम्नलिखित की परिकल्पना की गई हैः

- शहरी विकास मंत्रालय द्वारा गंगा के तट पर एक सौ अट्ठारह (118) को अनंतिम रूप से अभिनर्धारित किया गया है जिन्हें सीवरेज अवसंरचना के कवरेज हेतु बढ़ाया जाएगा (शहरी विकास मंत्रालय द्वारा उसकी अनंतिम आकलित लागत 51,000 करोड़ रूपए है जबकि वास्तविक राशि को डीपीआर तैयार करने के पश्चात अंतिम रूप दिया जाएगा)। सचिव, जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण ने 8 सितंबर, 2014 को आयोजित माननीय प्रधानमंत्री की बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसरण में विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने हेतु पहले ही शहरी विकास मंत्रालय से अनुरोध किया है।
- पेयजल और स्वच्छता मंत्रालय का खुले शौच से मुक्त करने के लिए गंगा तटों पर स्थित सभी 1649 ग्राम पंचायतें बनाने हेतु एक योजना तैयार करने का विचार है। सचिव, जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण ने 8 सितंबर, 2014 को आयोजित

माननीय प्रधानमंत्री की बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसरण में विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने हेतु पहले ही शहरी विकास मंत्रालय से अनुरोध किया है।

- पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय/सीपीसीबी ने सभी गंगा नदी बेसिन राज्यों में स्थित सकल रूप से प्रदूषित उद्योगों से शून्य तरल निस्सरण करने पर बल दिया है।
- गंगा बेसिन में नम भूमि और झील संरक्षण नदी पारिस्थितिकी संरक्षण के लिए अपेक्षित है। नम भूमि प्रबंधन में पर्यावरण, शहरी योजना और विकास, कृषि, वन, जनहित समूहों, अनुसंधान संस्था और नीति निर्माताओं से संबंधित राज्य विभागों जैसी विभिन्न एजेंसियों में गहन मॉनीटरिंग और उत्तम संपर्क और सहयोग को शामिल किया जाएगा। राष्ट्रीय जल जीव पारिस्थितिकी संरक्षण नामक राष्ट्रीय कार्यक्रम नम भूमि और झील प्रबंधन हेतु पहले से ही कार्यान्वित किया जा रहा है। ऐसे कार्यक्रमों के सहयोग से गंगा बेसिन में नम भूमि और झीलों का प्रस्तावित संरक्षण किया जा सकता है।

ग. दीर्घावधि कार्यकलाप

सचिव-समूह ने अपनी रिपोर्ट में निर्धारित किया है कि निर्मल धारा, अविरल धारा और पारिस्थितिकी और भूगर्भीय स्थिति को सनिश्चित करने की अवधारणा को परिभाषित करने के रूप में गंगा नदी के संरक्षण हेतु दीर्घावधि दृष्टिकोण गंगा नदी के समग्र रूप से संरक्षण हेतु 7 भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों के संघटन द्वारा तैयार की जा रही गंगा नदी बेसिन प्रबंधन योजना से तैयार होगा। इस योजना का पहला संस्करण दिसंबर, 2014 के अंत तक उपलब्ध होने की आशा रखी गई थी। तद्नुसार, वैकल्पिक पर्यावरण प्रभाव (ई-फ्लो) को निर्धारित करने की संभावना पर दिनांक 21.08.2014 को जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण मंत्रालय को पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के साथ मंत्रि स्तरीय बैठक में चर्चा की गई और यह निर्णय लिया गया कि भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों के संगठन के आयोजक की आवश्यक सहायता/सलाह लेकर उक्त दो मंत्रालयों के अवर सचिव स्तर पर इस पर अन्वेषण किया जाए।

1.3.3 नदी बेसिन प्रबंधन

राष्ट्रीय नदी मिशनः राष्ट्रीय जलवायु परिवर्तन कार्ययोजना भारत सरकार द्वारा शुरू की गई थी। इसने 8 राष्ट्रीय मिशनों की संस्थाओं जिनमें अन्य बातों के साथ-साथ राष्ट्रीय जल मिशन शामिल है, के माध्यम से जलवायु परिवर्तन के प्रभाव की चुनौतियों का सामना करने के लिए अपनाए जाने वाले दृष्टिकोण निर्धारित किया है। राष्ट्रीय जल मिशन का उद्देश्य जल संरक्षण, न्यूनतम जल की बर्बादी और समेकित जल संसाधन विकास और प्रबंधन के माध्यम से राज्यों और राज्यों के बीच और अधिक जल का समान वितरण सुनिश्चित करना है।

नदी बेसिन प्रबंधन : इस स्कीम का उद्देश्य बेसिन और सभी पणधारियों की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए जल संसाधनों के विकास और उपयोग हेतु इष्टतम विधि का पता लगाने हेतु आवश्यक अध्ययन, मूल्यांकन इत्यादि शुरू करने के लिए सभी सह बेसिन राज्यों के लिए एक मंच उपलब्ध कराना है ।

जल संसाधन विकास स्कीम की जांच : स्कीम का उद्देश्य, जल के अंतर बेसिन अंतरण अंत: राज्यीय सम्पर्क की स्कीमों के विषय में सर्वेक्षण, फील्ड अन्वेषण, साध्यतापूर्व / साध्यता रिपोर्टों तथा विस्तृत परियोजना रिपोर्टों को तैयार करने संबंधी कार्यकलाप और उक्त उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए आवश्यक समझे जाने वाले अन्य प्रासंगिक, सम्पूरक अथवा सहायक अध्ययन और कार्य करना है ।

सीडब्ल्यूसी का पुनर्गठन : स्कीम अनुमोदन चरण में है ।

ब्रह्मपुत्र बोर्ड : ब्रह्मपुत्र बोर्ड का मुख्य उद्देश्य सर्वेक्षण, अन्वेषण और मास्टर योजना तैयार करना, जल निकासी स्कीमों की डीपीआर तथा बहुउद्देशीय परियोजना की डीपीआर तैयार करना, एनईएचएआरआई का संचालन, अनुरक्षण और उन्नयन, मुख्यालय परिसर का निर्माण तथा बोर्ड द्वारा सृजित सम्पत्तियों का आर एवं एम, आईटी और जीआईएस का उन्नयन, जलवायु परिवर्तन अध्ययन करना है । (i) जल निकासी विकास स्कीमों (ii) कटावरोधी स्कीमों और बाढ़ प्रबंधन स्कीमों का निष्पादन, (iii) खड़े मंच का निर्माण करना भी इसके कार्यों में शुमार है ।

बाढ़ पूर्वानुमान : इस स्कीम का उद्देश्य भारत में बाढ़ पूर्वानुमान और अंतर्वाह पूर्वानुमान नेटवर्क को सुदृढ़ करना और पूर्वानुमान सूचना प्रणाली को विकसित करना है । मौजूदा 147 स्तर पूर्वानुमान और 28 अंतर्वाह पूर्वानुमान स्थलों पर 20 नदी बेसिनों के संबंध में बाढ़ पूर्वानुमान जारी करना जिससे कि तात्कालिक पूर्वानुमान सूचना देकर राहत और बचाव अभिकरणों की सहायता करके जान और माल की क्षति कम से कम हो। तात्कालिक समय के आंकड़े और अन्य आधुनिक उपकरणों के संबंध में संचार हेतु टेलीमीटरी प्रणाली सहित पूर्वानुमान स्थलों के मौजूदा नेटवर्क का आउटोमेशन । मौजूदा 219 केन्द्रों पर सीडब्ल्यूसी के बाढ़ पूर्वानुमान नेटवर्क सहित आउटोमेशन और टेलीमीटरी प्रणाली।

नदियों को परस्पर जोड़नाः यह एक नई योजना है जिसे वित्त वर्ष 2014-15 के दौरान जल संसाधन मंत्रालय के बजट में शामिल किया गया है। यह योजना तैयार करने के स्तर पर है।

1.3.4 जल संसाधन प्रबंधन

जल संसाधन सूचना प्रणाली का विकास : इस स्कीम का उद्देश्य एक जल संसाधन प्रणाली का विकास करना और इसे शीघ्रतिशीघ्र प्रचालनात्मक बनाना है । जल संसाधनों का प्रबंधन एक अत्यधिक जटिल कार्य है जिसमें आंकड़ा प्राप्ति, अंकीय मॉडलिंग, इष्टतमीकरण, आंकड़ा वेयर हाउसिंग और सामाजिक-आर्थिक, पर्यावरणीय और विधिक मुद्दों सहित बहुविषयक क्षेत्र शामिल हैं । मानव जीवन में जल की महत्वपूर्ण भूमिका को ध्यान में रखते हुए जल प्रणालियों के बेहतर डिजाइन और अधिकतम उपयोग किए जाने की आवश्यकता है। इस संबंध में एक युक्तिसंगत विश्लेषण किया जाना चाहिए जो कि इस दृष्टिकोण पर आधारित हो कि सभी संबंधित कारणों और प्रभावों पर विचार किया जाए और विभिन्न विकल्पों का क्रमबद्ध मूल्यांकन किया जाए । जल संसाधन सूचना प्रणाली संसाधनों का अधिकतम उपयोग करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है ।

भूमि जल प्रबंधन और विनियमनः भूमि जल प्रबंधन और विनियमन स्कीम के कार्यकलाप निम्नानुसार हैः

- राष्ट्रीय जल मैपिंग
- भूमि जल का पता लगाना
- भूमि जल संसाधन मूल्यांकन
- भूमि जल क्षेत्र की निगरानी
- कृत्रिम पुनर्भरण और वर्षा जल पुनर्भरण अध्ययन
- भूभौतिकी अध्ययन
- जल रासायन अध्यय
- भूमि जल विकास विनियमन

राष्ट्रीय जल विज्ञान परियोजना

जल विज्ञान परियोजना (एचपी) के पिछले चरण केवल 13 राज्यों में कार्यान्वित किए गए थे। जिसके परिणामस्वरूप उपस्कर, प्रौद्योगिकी, प्रयोगों और क्षमता निर्माण के रूप में एचपी और गैर-एचपी राज्य क्षेत्रीय रूप से विभाजित हो गए। जिसका जल संसाधन योजना, विकास और प्रबंधन पर सीधा प्रभाव पड़ा है। राष्ट्रीय विज्ञान परियोजना की गंगा और ब्रह्मपुत्र बेसिन राज्य जिन्हें जल विज्ञान परियोजना के पिछले चरण में शामिल नहीं किया गया था, सहित पैन इंडिया कवरेज के साथ परिकल्पना की गई है और इसके परिणामस्वरूप जल विज्ञान परियोजना चरण । और चरण ।। का विस्तार किया जाएगा। राष्ट्रीय जल विज्ञान परियोजना के घटक संक्षिप्त रूप में निम्नानुसार हैः

घटक	नाम	उद्देश्य
क	स्वस्थाने जल-मौसम विज्ञान निगरानी प्रणाली	जल संसाधन निगरानी प्रणालियों का विस्तार और स्तरोन्नयन
ख	राष्ट्रीय जल सूचना प्रणाली	रिमोटली सेंस्ड डाटा और सहायता, सहित केन्द्रीकृत जलीय डाटासेट तैयार करना- राष्ट्रीय जल सूचना केन्द्र
ग	जल संसाधन संचालन और प्रबंधन प्रणाली	चुनिंदा नदी बेसिन योजना, मूल्यांकन, बाढ़ पूर्वानुमान इत्यादि हेतु निर्णय सहायता प्रणाली (डीएसएस) तैयार करना
घ	जल संसाधन संस्थाएं और क्षमता निर्माण	प्रशिक्षण, सहायता इत्यादि के माध्यम से क्षमता निर्माण

प्रत्याशित परिणामः इसमें निम्नलिखित क्षेत्रों में सुधार करने की परिकल्पना की गई हैः

- राष्ट्रीय जल सूचना केन्द्र के माध्यम से डाटा एकत्र करना, उनका आदान-प्रदान करना, विश्लेषण और प्रचार-प्रसार करना
- कम से कम एक से तीन दिन पहले बाढ़ पूर्वानुमान का समय बताना
- आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा प्रयोग हेतु बाढ़ आप्लावन क्षेत्रों की मैपिंग
- भारत सरकार की पीएमकेएसवाई और अन्य स्कीमों की उत्तम योजना और आबंटन के लिए नदी बेसिन में सतही और भूमि जल संसाधनों का मूल्यांकन

- मौसमी पूर्वानुमान, सूखा प्रबंधन, एससीएडीए प्रणाली, इत्यादि के माध्यम से जलाशय संचालन
- एसडब्ल्यू और जीडब्ल्यू संरचनाओं का डिजाइन, जल ऊर्जा यूनिट, नदियों को आपस में जोड़ना स्मार्ट शहरों को डिजाइन करना
- डिजिटल इंडिया के उद्देश्यों के पूरा करना

जल क्षेत्र के लिए अनुसंधान और विकास कार्यक्रम : इस स्कीम के उद्देश्य हैं- (i) देश की जल संसाधन संबंधी समस्याओं का व्यावहारिक समाधान ढूंढ़ना और मौजूदा सुविधाओं की कुशलता में सुधार करने के लिए उपलब्ध प्रौद्योगिकी और अभियंत्रण विधियों में सुधार करना तथा प्रक्रियाओं, विशेषकर, अनुसंधान अध्ययनों को शुरू करना, (ii) अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी से सामंजस्य बनाये रखने के लिए राष्ट्र स्तरीय प्रमुख संगठनों/संस्थाओं की अनुसंधान सुविधाओं का सृजन करना/उनका उन्नयन करना, और (iii) जल क्षेत्र में विभिन्न संस्थाओं द्वारा शुरू किए जाने वाले अनुसंधान कार्य में सहायता करना।

सिंचाई प्रबंधन कार्यक्रमः 12वीं पंचवर्षीय योजना दस्तावेज में अन्य बातों के साथ-साथ 6,000 करोड़ रूपए के कुल परिव्यय से जल क्षेत्र का सुधार करने हेतु राज्यों को सुग्राही बनाने के लिए "सिंचाई प्रबंधन कार्यक्रम नामक" प्लान योजना प्रस्तावित की गई है। उक्त योजना को तैयार करने की दृष्टि से एक उपयुक्त कार्य ढांचे पर कार्य निष्पादन आधार पर राज्य विशिष्ट जल क्षेत्र सुधार और राज्यों के मूल्यांकन हेतु प्रणाली के लिए बेंचमार्क तैयार करने का प्रस्ताव किया गया है। यह स्कीम तैयार करने के स्तर पर है।

मानव संसाधन विकास / क्षमता निर्माण :

क. राष्ट्रीय जल अकादमी : जल क्षेत्र में क्षमता निर्माण के लिए जल संसाधन मंत्रालय द्वारा स्थापित राष्ट्रीय जल अकादमी (एनडब्ल्यूएम) के "उत्कृष्टता केन्द्र" के तौर पर कार्य करने की परिकल्पना है। एनडब्ल्यूए का प्रारंभिक दायित्व जल संसाधन के विकास और प्रबंधन में जुड़े विभिन्न राज्य और केन्द्रीय संगठनों के इंजीनियरों को सेवाकालीन प्रशिक्षण देना था । इसके बाद एनडब्ल्यूए का दायित्व बढ़ाते हुए, जल क्षेत्र के अन्य पणधारी-समूहों को प्रशिक्षण देना भी इसके कार्य क्षेत्र में शामिल कर दिया गया । तद्नुसार, अक्तूबर, 2010 से अकादमी के कार्य सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, निजी क्षेत्रों, अकादमिक संस्थानों, मीडिया कर्मियों, गैर सरकारी संगठनों, विदेशी लोगों और व्यक्तियों के लिए भी खुला है । इस प्रकार यह अकादमी की सेवाएं प्रत्येक पणधारी पहुंच रही है ।

एक अग्रणी संस्थान होने के नाते, एनडब्ल्यूए जल संसाधन विकास और प्रबंधन के सभी पहलुओं के विषय में प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाता है । प्रारंभ में एनडब्ल्यूए ने प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में प्रशिक्षण शुरू किया लेकिन हब जल संसाधन परियोजनाओं के सामाजिक, आर्थिक और पर्यावरणीय जैसे गैर-तकनीकी विषयों, अनुबंधीय एवं वित्तीय मुद्दों; जल संबंधी कानून और प्रबंधन विकास कार्यक्रमों व्यावहारिक कौशलों के विकासको भी अपने कर्यक्षेत्र में शामिल कर लिया है । मंत्रालय ने

एनडब्ल्यूए को क्षमता निर्माण की दूरी जिम्मेदारी के एक हिस्से के तौर पर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा डब्ल्यूआरडी एवं एम के क्षेत्र में राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय संगठनों के बीच सम्पर्क स्थापित करने का दायित्व भी सौंपा है । एनडब्ल्यूए ने विभिन्न क्लाइंट संगठनों तथा विदेशी प्रतिभागियों के लिए भी विदेश मंत्रालय की ओर से विशिष्ट कार्यक्रम आयोजित करने शुरू किए हैं ।

सीडब्ल्यूसी, जानकारी को बढ़ाने के विचार से, आईआईटी तथा अन्य संस्थानों अर्थात् भारतीय लोक प्रशासन संस्थान आदि के माध्यम से अपने अधिकारियों के लिए अनुकूलित प्रशिक्षण कार्यक्रमों की व्यवस्था कर रहा है ।

ख. सूचना, शिक्षा एवं संचार : इस स्कीम के उद्देश्य निम्नानुसार हैः

- देश के त्वरित, समान, आर्थिक विकास के लिए सभी पणधारियों के सक्रिय सहयोग से इस मूल्यवान प्राकृतिक संसाधन की बढ़ती हुई मांग को पूरा करने हेतु देश के जल संसाधनों के इष्टतम स्थायी विकास, गुणवत्ता को बनाए रखने एवं कुशल उपयोग के संबंध में जागरूकता फैलाना ।
- आपसी सहयोग और प्रबंधन में समग्र आयोजना एवं सहभागिता दृष्टिकोण अपनाने की अविलंब आवश्यकता के संबंध में जागरूकता सृजित करना ।
- जल संरक्षण की आवश्यकता के संबंध में लोगों के बीच जागरूकता फैलाना ।
- जल विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी और जल संसाधन के स्थायी विकास संबंधी मुद्दों के संबंध में जानकारी प्राप्त करने, प्रलेखन एवं प्रसार पर जोर देते हुए राष्ट्रीय जल नीति के सिद्धांतों का प्रचार करना ।
- जल की वर्तमान एवं भविष्य की आवश्यकता को पूरा करने के लिए वर्षा जल संचयन एवं भूजल के कृत्रिम पुनर्भरण हेतु उपाय अपनाने की आवश्यकता के संबंध में जागरूकता सृजित करना ।
- जागरूकता अवसंरचना विशेष तौर पर प्रचार तंत्र एवं सहयोग संरचना को सुदृढ़ बनाना ।

ग. राजीव गांधी प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान : राजीव गांधी प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान केन्द्रीय भूमि जल बोर्ड (सीजीडब्ल्यूबी) तथा केन्द्र और राज्य सरकार के अन्य संगठनों, अकादमिक संस्थानों गैर सरकारी संगठनों, भूमि जल से जुड़े पेशेवरों की क्षमता निर्माण अपेक्षाओं को पूरा करता है ।

घ. क्षमता निर्माण कार्यक्रम : इस स्कीम में पूर्वोत्तर क्षेत्रीय जल एवं भूमि प्रबंधन संस्थान शामिल है जो कि भारत के पूर्वोत्तर क्षेत्र में अग्रणी संस्थान है जिसकी स्थापना सोसाइटी पंजीकरण अधिनियम, 1860 के अन्तर्गत पंजीकृत स्वायत्त सोसाइटी के रूप में पूर्वोत्तर परिषद, पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा डोलाबाड़ी, तेजपुर (असम) में 23 दिसम्बर, 1989 में की गई थी । यह संस्थान, 1 अप्रैल, 2012 से जल संसाधन मंत्रालय, भारत सरकार को दे दिया गया है । संस्थान की विशिष्टता किसानों और संस्थाओं को जल एवं भूमि प्रबंधन के क्षेत्र में प्रशिक्षण देकर सिक्किम सहित सभी पूर्वोत्तर, राज्यों नामत: अरुणाचल प्रदेश, असम, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, त्रिपुरा के जल एवं भूमि प्रबंधन क्षमता निर्माण आवश्यकता को पूरा करने में निहित है ।

ड. जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण मंत्रालय के अधिकारियों का प्रशिक्षण : कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग द्वारा तैयार की गई राष्ट्रीय प्रशिक्षण नीति (एनटीपी), 2012 को भारत सरकार ने स्वीकार कर लिया है और कार्यान्वयन के लिए कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के दिनांक 4 जुलाई, 2012 के कार्यालय ज्ञापन संख्या 1200/1/2012 प्रशिक्षण - I द्वारा परिचालित की गई है । राष्ट्रीय प्रशिक्षण नीति के अनुरूप जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्ष मंत्रालय के लिए उसके छोटे से लेकर बड़े स्तर तक के सभी कार्मिकों को प्रशिक्षण देने के लिए प्रशिक्षण नीति तैयार की गई है जिससे कि नीतिगत निर्णय लेने और कार्यव्यवहार नियमावली में यथानिर्धारित कार्यक्रमों को कार्यान्वित करने में सहायता मिले । मंत्रालय के समन्वय प्रभाग में प्रशिक्षण प्रबंधक की सहायता के लिए एक प्रशिक्षण प्रकोष्ठ बनाया गया है, जो संयुक्त सचिव (प्रशासन) के प्रशासनिक नियंत्रणाधीन कार्य करेगा । यह प्रकोष्ठ मंत्रालय और उसके संगठनों के अधिकारियों / इंजीनियरों/वैज्ञानिकों / कार्मिकों / की देशी और विदेशी दोनों तरह की आवश्यकताओं सहित प्रशिक्षण संबंधी सभी मामलों में कार्रवाई करेगा । XIIवीं योजना के दौरान इसके लिए कुल परिव्यय केवल 10.00 करोड़ रुपए होगा । मानव संसाधन विकास के एक हिस्से के रूप में मंत्रालय के कर्मियों को उनकी क्षमता और कौशल में वृद्धि के लिए विभिन्न संस्थाओं में प्रशिक्षण पर भेजा जाता है।

अवसंरचना विकास : इस स्कीम में भूमि और भवन तथा सूचना और प्रौद्योगिकी विकास से संबंधित क्रियाकलाप शामिल हैं तथा इसमें विशेष रूप से निम्न से संबंधित क्रियाकलाप शामिल होंगे, (i) केन्द्रीय भूमि जल बोर्ड की भूमि और भवन और सूचना प्रौद्योगिकी योजना (ii) केन्द्रीय जल आयोग की भूमि और भवन, (iii) जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण मंत्रालय का सूचना प्रौद्योगिकी विकास योजना (iv) जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण मंत्रालय की ई-गवर्नेस।

स्कीम का उद्देश्य कार्यालयों में बेहतर कार्य परिवेश उपलब्ध कराना, परिसम्पतियों का सृजन और मासिक किराये के भुगतान में बचत है । इसे प्राप्त करने के लिए विभिन्न स्थलों पर कार्यालयों का निर्माण करने, फील्ड़ में कार्य करने वाले कार्मिकों के लिए कुटीर का प्रावधान, मंत्रालय (खास), केन्द्रीय जल आयोग और केन्द्रीय भूमि जल बोर्ड के लिए स्टाफ क्वार्टर के निर्माण और वर्तमान कार्यालयों के आधुनिकीकरण का प्रावधान इस स्कीम के कार्यक्षेत्र में शामिल किया गया है । इसका उद्देश्य वर्तमान छितराई हुई सूचना प्रणालियों को समेकित एवं कारगर बना कर एकदिशीय गत्यात्मक ई-गवर्नेंस पद्धति में लाना भी है ।

1.3.5 प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजनाः एआईबीपी और पीएमकेएसवाई (एचकेकेपी) (राज्य/संघशासित क्षेत्र योजना)

त्वरित सिंचाई लाभ एवं बाढ़ प्रबंधन कार्यक्रम : यह पुनर्गठित केन्द्र प्रायोजित स्कीम है जिसे जल संसाधन मंत्रालय के मांग शीर्ष के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2014-15 से शामिल किया गया है जिसके लिए योजना आयोग और वित्त मंत्रालय के निर्देशानुसार कुल 8992.22 करोड़ रुपये के अनुमानित बजट की व्यवस्था है । इसमें राज्यों / केन्द्र शासित प्रदेशों को इन उप स्कीमों - (i) एआईबीपी एवं राष्ट्रीय परियोजनाएं, (ii) कमान क्षेत्र विकास एवं जल प्रबंधन, (iii) बाढ़ प्रबंधन कार्यक्रम और

(iv) जल निकायों की मरम्मत, नवीकरण और पुनरुद्धार के लिए राशि जारी करना शामिल है । इस स्कीम के अंतर्गत वर्ष 2015-16 के दौरान 1,000 करोड रूपए की बजटीय व्यवस्था की गई है।

<u>एआईबीपी और राष्ट्रीय परियोजनाएं</u>

- चालू परियोजनाओं और नई एमएमआई परियोजनाओं तथा पुरानी एमएमआई परियोजनाओं की ईआरएम को पूरा करके खोई हुई सिंचाई क्षमता को पुनः बढ़ा कर 32 लाख हेक्टेयर की नई सिंचाई क्षमता सृजित करना
- नई और चल रही सतही एमआई परियोजनाओं को पूरा करके 10 लाख हेक्टेयर की सिंचाई क्षमता का सृजन

<u>सीएडी और डब्ल्यूएम</u>

- राज्य सरकार को शामिल करके सृजित सिंचाई क्षमता और सृजित सिंचाई क्षमता को पूर्ण रूप से उपयोग करने के बीच के अंतर को कम करना

<u>आरआरआर</u>

- जल निकायों की संग्रह क्षमता का संरक्षण और अधिप्रापण तथा उनकी खोई हुई सिंचाई क्षमता को पुनः सृजित करना और उसका विस्तार करना

पीएमकेएसवाई (हर खेत को पानी) : जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण मंत्रालय का त्वरित सिंचाई लाभ कार्यक्रम, भूमि संसाधन विभाग, ग्रामीण विकास मंत्रालय का समेकित जलशेड प्रबंधन कार्यक्रम तथा कृषि और सहकारिता विभाग का राष्ट्रीय सतत कृषि मिशन का ऑन फार्म जल प्रबंधन लघु सिंचाई घटक, तकनीकी सहायता/स्तर, विभिन्न कार्यकलापों को सहायता देने का स्वरूप सतत आधार पर कृषि क्षेत्र में विकास हेतु संबंधित मंत्रालयों/विभागों द्वारा जारी संबंधित कार्यक्रम घटक के दिशा-निर्देशों के अनुसार होगा जिसे कृषि और उद्यान फसलों के निरंतर उत्पादन और उत्पादिता हेतु भूमि और जल संसाधन का न्यायिक रूप से पूर्ण उपयोग करने से जोड़ा गया है। इस समय बहुत से विभाग/मंत्रालय भूमि और जल संसाधन के विकास से संबंधित मुद्दों का पता लगाने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों के कार्यान्वयन में शामिल हैं। देश के निवल क्षेत्र उत्पादित क्षेत्र के लगभग 141 मिलियन हेक्टेयर को सिंचाई के तहत शामिल किया गया है। वर्षा पर व्यापक रूप से निर्भरता शेष क्षेत्रों के लिए अत्यधिक जोखिम भरी और कम उत्पादकता का कारण है। परिधीय साक्ष्य यह दर्शाते हैं कि सुनिश्चित/संरक्षित सिंचाई/स्वस्थाने नमी संरक्षण कृषकों को खेती की प्रौद्योगिकी में और अधिक निवेश को प्रोत्साहित करती है और जिसकी वजह से उत्पादकता और कृषकों की आय में वृद्धि होगी।

इस स्कीम के मुख्य उद्देश्य हैः क्षेत्र स्तर पर सिंचाई में निवेश को शामिल करना, खेतों पर जल की वास्तविक पहुंच को बढ़ावा देना तथा सुनिश्चित सिंचाई के तहत उत्पादित क्षेत्र में वृद्धि करना। जल की बर्बादी को कम करके खेतों में जल की उपयोग दक्षता में सुधार करना और समयावधि के बीच और समय पर जल की उपलब्धता को बढ़ाना, उत्तम सिंचाई प्रणाली और अन्य जल बचत प्रौद्योगिकियों को अपनाने को बढ़ावा देना, जलाशय के पुनर्भरण को बढ़ावा देना तथा सतत जल संरक्षण प्रक्रियाओं को शुरू करना, मृदा और जल संरक्षण के लिए वाटरशेड प्रयोगों के द्वारा वर्षा जल पोषित क्षेत्रों के समेकित विकास को सुनिश्चित करना, भूमि जल को पुनः सृजित

करना, जल अपवाह पर रोक लगाना, जीविकोपार्जन विकल्प प्रदान करना और अन्य एनआरएम कार्यकलाप की व्यवस्था, जल पुनर्भरण से संबंधित विस्तारित कार्यकलापों को बढ़ावा देना, कृषकों और जमीनी स्तर से जुड़े क्षेत्रीय कार्मिकों हेतु जल प्रबंधन, अर्धशहरी कृषि हेतु अपशिष्ट जल को नगरपालिका द्वारा शोधित करके पुनः प्रयोग करने को सुकर बनाने की संभावना का पता लगाना और कृषि में निजी निवेश को और अधिक आकर्षक बनाना।

		हर खेत को पानी (पीएमकेएसवाई)			500.00	इस स्कीम को कृषि मंत्रालय को अंतरित किया गया है। इसमें कुछ संगणकों को जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण मंत्रालय द्वारा कार्यान्वित किया जाता है। यह स्कीम अनुमोदन चरण पर है।			

			एसएमआई	2000 हेक्टेयर से कम सिंचाई क्षमता के सृजन वाले संबंधित राज्यों को एसएमआई परियोजनाओं को लिए अनुदान जारी किया गया।		0.50 मिलियन हेक्टेयर की सिंचाई क्षमता के सृजन का लक्ष्य है।	0.5 हेक्टेयर की सिंचाई क्षमता के सृजन का लक्ष्य है।	1 अप्रैल, 2016 से 31 मार्च, 2017 तक। प्रगति की निगरानी तिमाही आधार पर की जाती है।	
			आरआरआर	राज्य सरकारों को जल निकायों की मरम्मत, नवीकरण एवं पुनरूद्धार के लिए अनुदान जारी किया जाता है		राज्य सरकारों को उनकी मांग के अनुसार अनुदान जारी किया गया। मात्रात्मक परिणाम ये हैं : (i) 0.40 मिलियन हेक्ट. सिंचाई क्षमता सृजित करने का लक्ष्य है। (ii) केन्द्रीय सहायता जारी की गई।	(i) भूजल पुनर्भरण (ii) लोगों का समग्र सामाजिक-आर्थिक विकास (iii) पेयजल की उपलब्धता में वृद्धि	1 अप्रैल, 2016 से 31 मार्च, 2017 तक। प्रगति की निगरानी तिमाही आधार पर की जाती है।	प्रगति, राज्यों से पूर्ण रूप से प्रस्ताव प्राप्त होने पर निर्भर करती है ।
			सीएडी	राज्य सरकारों को सीएडीडब्ल्यूएम कार्यक्रम के अंतर्गत अनुदान जारी किया जाता है । XIIवीं योजना के दौरान प्रत्येक नई परियोजना का कम से कम 10% कृषि कमान क्षेत्र (सीसीए) सूक्ष्म सिंचाई के तहत शामिल किया जाना है।		राज्य सरकारों को उनकी मांगों के अनुसार अनुदान जारी किया जाता है । मात्रात्मक परिणाम हैं: **(i)** 3.5 मिलियन हेक्टेयर की सिंचाई क्षमता सृजित किए जाने का लक्ष्य है । **(ii)** केंद्रीय सहायता जारी कर दी गई है ।	सृजित सिंचाई क्षमता के उपयोग के लिए कृषि कमान क्षेत्र (सीसीए) को शामिल किया जाना। **(i)**3.5 मिलियन हेक्ट. की सिचाई क्षमता सृजित करने का लक्ष्य है। **(ii)**केन्द्रीय सहायता जारी की गई।	1 अप्रैल, 2016 से 31 मार्च, 2017 तक। प्रगति की निगरानी तिमाही आधार पर की जाती है।	संबंधित राज्यों से पूर्ण प्रस्ताव प्राप्त करने पर प्रगति निर्भर है।

			भूजल			जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण मंत्रालय के भूजल स्कंध में भूजल लघु सिंचाई स्कीम के लिए एसएमडी।			
		एआईबीपी परियोजना के प्रभाव आकलन अध्ययन		एआईबीपी के अंतर्गत परियोजनाओं के प्रभाव आकलन अध्ययन करना।	1.00	एआईबीपी परियोजनाओं के प्रभाव आकलन अध्ययन करना।		पूरे वर्ष।	
		बाढ़ प्रबंधन कार्यक्रम		विभिन्न राज्य सरकारों को देश के संवेदनशील क्षेत्रों में नदी प्रबंधन, बाढ़ नियंत्रण, कटाव-रोधी, जलनिकास विकास, बाढ़ रोधन, क्षतिग्रस्त बाढ़ प्रबंधन कार्यों के पुनरूद्धार और समुद्री कटाव रोधन संबंधी कार्यों, आवाह क्षेत्र सुधार और संबंधित डीपीआर के कार्य के लिए वित्तीय सहायता देना ।	150.00	**(i)** गंभीर क्षेत्रों में नदी प्रबंधन कार्य **(ii)** कटाव-रोधी कार्य, जलनिकास विकास कार्य **(iii)** देश के संवेदनशील क्षेत्रों में समुद्र कटाव-रोधी कार्य	इन क्रियाकलापों से राज्यों को बाढ़, नदी तट कटाव, तट कटाव के कारण होने वाले नुकसान में कमी लाने और चयनित नदी आवाह क्षेत्रों में गाद के कारण कटाव में कमी लाने में सहायता मिलेगी।	परियोजनाओं को दिशा निर्देशों के अनुसार केन्द्रीय सहायता दी जाएगी। परियोजना को पूरा करने की समयावधि सामान्यत: 2 से 4 वर्ष होगी ।	राज्यों द्वारा सभी अनिवार्य स्वीकृतियों के साथ समय पर प्रस्ताव प्रस्तुत करना।

		नदी प्रबंधन क्रियाकलाप एवं सीमावर्ती क्षेत्रों से संबंधित कार्य		साझा/सीमावर्ती नदियों पर नदी प्रबंधन कार्यों के अतिरिक्त पड़ोसी देशों के साथ जल संसाधन परियोजनाओं के जल वैज्ञानिक प्रेक्षण और अन्वेषण। कोसी और गंडक परियोजनाओं के बाढ़ नियंत्रण, कटावरोधी तथा समुद्र कटावरोधी कार्य, बाढ़ सुरक्षा कार्यों का अनुरक्षण (नेपाल में)।	200.00	((i) बांग्लादेश के साथ गंगा नदी पर संयुक्त जल वैज्ञानिक प्रेक्षण जारी रखना, एवं ii.पड़ोसी देशों से/को बाढ़ संबंधी आंकड़ों का संप्रेषण iii पीडीए द्वारा संयुक्त विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) की तैयीरी और पंचेश्वर बहुउद्देशीय परियोजना के लिए निर्माण पूर्व कार्य करना। जेपीओ द्वारा सनकोसी डाइवर्जन-सह-भंडारण स्कीम और कमलाबांध परियोजना सहित सप्तकोसी उच्च बांध की डीपीआर तैयार करना। (iv) साझा/सीमावर्ती नदियों पर विकास कार्य। (v) संघ राज्य क्षेत्रों के कटावरोधी तथा समुद्र कटावरोधी कार्य। (vi) कोसी और गंडक परियोजनाओं के बाढ़	(i) भारत-बांग्लादेश सीमा, भारत-पाकिस्तान सीमा और संघ राज्य क्षेत्र में बार-बार आने वाली बाढ़ की समस्या को कम करने और तट सुरक्षा कार्य किए जाएंगे। ये कार्य पश्चिम बंगाल, त्रिपुरा, उत्तर प्रदेश, जम्मू एवं कश्मीर, पंजाब, हिमाचल प्रदेश और संघ राज्य क्षेत्रों में किए जाएंगे। संबंधित क्षेत्रों में बाढ़ के नुकसान को कम करने तथा कटाव नियंत्रण के लिए बांग्लादेश और पाकिस्तान के क्षेत्र में भारत की ओर और पश्चिम बंगाल, त्रिपुरा, उत्तर प्रदेश, जम्मू एवं कश्मीर, पंजाब और संघ राज्य क्षेत्रों में बाढ़ प्रबंधन कार्य किए जाने प्रस्तावित हैं। (ii) पंचेश्वर बहुउद्देशीय परियोजना के लिए डीपीआर से परियोजना के कार्यान्वयन हेतु कार्यक्रम तैयार करने में सहायता	केन्द्रीय जल आयोग, गंगा बाढ़ नियंत्रण आयोग और बिहार, उत्तर प्रदेश, त्रिपुरा, पश्चिम बंगाल, जम्मू एवं कश्मीर, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा यह कार्य किया जाएगा	राज्यों द्वारा सभी अनिवार्य स्वीकृतियों के साथ समय पर प्रस्ताव प्रस्तुत करना।

						सुरक्षा कार्यों का अनुरक्षण (नेपाल में)।	मिलेगी और निर्माण पूर्व कार्य जैसे संपर्क सड़क/भवनों आदि से मुख्य परियोजना क्रियाकलाप करने में सहायता मिलेगी।		
		सिंचाई गणना			25.13				
				उप जोड़	**1876.13**				
6		**राष्ट्रीय नदी संरक्षण योजना**			250.00	इस घटक (डब्ल्यूबी और जेआईसीए-वाराणसी) के अंतर्गत 28 अवसंरचना परियोजनाएं और संस्थागत विकास तथा परियोजना कार्यान्वयन सहयोग से संबंधित 7 परियोजनाएं स्वीकृत की जा चुकी हैं। इन परियोजनाओं में 511.7 एमएलडी की एसटीपी क्षमता के सृजन का लक्ष्य है जिसकी तुलना में 20 एमएलडी की क्षमता सृजित की जा चुकी है। वर्ष 2016-17 के दौरान एनजीआरबीए के अंतर्गत 14 एमएलडी की सीवेज शोधन क्षमता	इन प्लान में प्रदूषण संबंधी विभिन्न स्रोतों के लिए प्रदूषण को कम करने के उपाय, नदी तट विकास वनीकरण एवं जलीय जीवन के संरक्षण संचार एवं जनसंपर्क जल गुणवत्ता निगरानी आदि परियोजनाएं शामिल हैं और अविरल एवं निर्मल गंगा को सुनिश्चित करने के लिए मानकों एवं अन्य नीति संबंधी प्रयास भी शामिल हैं।	एनजीआरबीए कार्यक्रम के तहत चिन्हित परियोजनाएं वर्ष 2020 तक पूरा होने की संभावना है। जेआईसीए सहायता प्राप्त यमुना कार्य योजना III के तहत परियोजनाओं को वर्ष 2018 तक पूरा किया जाना है।	

						के सृजन का लक्ष्य रखा गया है। जेआईसीए सहायता प्राप्त यमुना कार्य योजना के अंतर्गत दिल्ली में 950 एमएलडी की एसटीपी क्षमता को पुनः प्राप्त करने के लक्ष्य के साथ 10 परियोजनाएं स्वीकृत की जाएगी। इस घटक (एनजीआरबीए-गैर ईएपी) 52 अवसंरचना परियोजनाएं स्वीकृत की गई हैं। इन परियोजनाओं में 290.53 एमएलडी की एसटीपी क्षमता के सृजन का लक्ष्य है जिसकी तुलना में 107.75 एमएलडी की क्षमता सृजित की जा चुकी है। वर्ष 2016-17 के दौरान एनजीआरबीए के गैर ईएपी घटक के अंतर्गत 125.23 एमएलडी की सीवेज शोधन क्षमता का लक्ष्य रखा गया है। एनआरसीपी घटक के अंतर्गत वर्ष 2016-17 तक हरियाणा में यमुना			

						पर 155 एमएलडी की एसटीपी क्षमता (पुनः प्राप्त करने सहित) का कार्य सौंपे जाने की संभावना है। गंगा और इसकी सहायक नदियों पर चालू गैर ईएपी परियोजनाओं को हाल ही में पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय से जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण मंत्रालय को अंतरित कर दिया गया है और ये कार्यान्वयनाधीन है।			
				कुल योग	**5500.00**				

अध्याय -III
सुधारात्मक उपाय और नीतिगत प्रयास

3.1 राष्ट्रीय जल नीति की समीक्षा

राष्ट्रीय जल नीति की समीक्षा- राष्ट्रीय जल नीति को 1987 में पहली बार तैयार किया गया था और तत्पश्चात् इसमें संशोधन किया गया और 2002 में संशोधित राष्ट्रीय जल नीति अपनायी गई थी । राष्ट्रीय जल मिशन दस्तावेज में पहचानी गई कार्यनीतियों तथा राष्ट्रीय जल बोर्ड के विचार विमर्श के अनुसार जल संसाधन मंत्रालय, नदी विकास और गंगा संरक्षण मंत्रालय ने राष्ट्रीय जल नीति, 2002 की समीक्षा शुरू की है ।

संसद सदस्य, अकादमियों, विशेषज्ञों एवं पेशवरों, गैर सरकारी संगठनों और कॉरपोरेट प्रतिनिधियों और पंचायती राज संस्थानों के प्रतिनिधियों के साथ परामर्शी बैठकों की एक श्रृंखला आयोजित की गई थी । राष्ट्रीय जल बोर्ड ने 7 जून, 2012 को आयोजित अपनी 14वीं बैठक में संशोधित राष्ट्रीय जल नीति प्रारूप (2012) पर विचार किया । प्रारूप नीति पर संसदीय परामर्शदात्री समिति द्वारा भी विचार किया गया । भारत के माननीय प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में विज्ञान भवन, नई दिल्ली में 28 दिसम्बर, 2012 को हुई अपनी 6ठी बैठक में राष्ट्रीय जल संसाधन परिषद ने प्रारूप राष्ट्रीय जल नीति, 2012 पर विचार किया जिसमें विचार विमर्श के अनुसार राष्ट्रीय जल नीति, 2012 को अपनाया गया ।

राष्ट्रीय जल कानून ढांचा

राष्ट्रीय जल कानून ढांचा संघ के प्रत्येक राज्य में जल नियंत्रण संबंधी आवश्यक विधान के लिए तथा स्थानीय जल स्थिति का सामना करने के लिए सरकार के निचले स्तर तक आवश्यक शक्तियों के हस्तांतरण का मार्ग प्रशस्त होगा । प्रारूप ढांचा जल अधिनियम तैयार करने के लिए डॉ. वाई.के. अलघ की अध्यक्षता में 3 जुलाई, 2012 को एक समिति का गठन किया गया । समिति की रिपोर्ट मई, 2013 में प्रस्तुत की गई थी । राज्य के जल संसाधन / सिंचाई मंत्रियों के राष्ट्रीय मंच की दिनांक 29.05.2013 को नई दिल्ली में हुई पहली बैठक में रिपोर्ट को उनके समक्ष रखा गया था तथा सभी राज्यों / केन्द्र शासित प्रदेशों को भी यह उपलब्ध कराई गई थी । इसे विचार जानने के लिए जल संसाधन मंत्रालय की वेबसाइट पर भी डाला गया है । मसौदा राष्ट्रीय जल ढ़ांचागत कानून बनाने के लिए एक समिति का गठन किया गया है ।

राज्यों के जल संसाधन एवं सिंचाई मंत्रियों का राष्ट्रीय मंच

इस प्रकार के मंच से आशा की जाती है कि ये विचारों का आदान-प्रदान करने और बेहतर जल नियंत्रण के लिए नए और नवीन विचारों का समर्थन करने का कार्य करेगा । तदनुसार, विचारों का आदान-प्रदान करने, नए और नवीन विचारों का समर्थन करने तथा

देश में बेहतर जल नियंत्रण के लिए आम सहमति प्राप्त करने के लिए 14 दिसम्बर, 2012 को राज्यों के जल संसाधन एवं सिंचाई मंत्रियों का राष्ट्रीय मंच बनाया गया था ।

जल मौसम विज्ञानीय आंकड़ा प्रसार नीति

इस नीति का उद्देश्य भारत सरकार की विभिन्न संबंधित नीतियों, अधिनियमों और नियमों के ढांचे के भीतर सक्रिय और आवधिक रूप से अद्यतन तरीके से पूरे देश में एक नेटवर्क के माध्यम से भारत सरकार के स्वामित्व में भागीदारी करने योग्य आंकड़ों और सूचना तक पहुंच को सुविधा प्रदान करना है जिससे कि और अधिक व्यापक रूप से सूचना तक पहुंच तथा सार्वजनिक आंकड़ों और जानकारी का उपयोग संभव हो सके । जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण मंत्रालय ने एक मौसम जलविज्ञानीय आंकड़ा प्रसार नीति तैयार की है और उसका अनुसरण किया जा रहा है । इस नीति को माननीय जल संसाधन मंत्री के अनुमोदन से वर्ष, 2013 में प्रकाशित किया गया है । संपूर्ण अवर्गीकृत आंकड़ा भारतीय जल संसाधन सूचना प्रणाली के पोर्टल पर उपलब्ध है । नीति समीक्षा के अधीन है ।

3.2 बांध सुरक्षा बिल : बांधों के सुरक्षित कार्यकरण को सुनिश्चित करने तथा एकरूप बांध सुरक्षा कार्य विधियों को सुनिश्चित करने के लिए, जो मानव जीवन, पशुधन और संपत्ति की सुरक्षा करने के द्वारा राष्ट्रीय निवेश और लाभ को सुनिश्चित करेगा, भारत में सभी बांधों के उपयुक्त बांधों की उपयुक्त निगरानी, निरीक्षण, प्रचालन और रखरखाव के लिए उपबंध करने हेतु एक व्यापक मसौदा बांध सुरक्षा विधेयक तैयार किया गया और पहले राज्य सरकारों को उनकी टिप्पणियां के लिए परिचालित किया गया ।

13 मई, 2010 को मंत्रिमंडल द्वारा यथा अनुमोदित, संविधान के अनुच्छेद 252 के अंतर्गत बांध सुरक्षा विधान के अधिनियम के लिए प्रस्ताव प्राप्त होने के पश्चात इसे 15वीं लोक सभा में प्रस्तुत किया गया और 30 अगस्त, 2010 को संसद के समकक्ष सदन में रखा गया और 9 सितम्बर,2010 को जल संसाधन संबंधी संसदीय स्थायी समिति के पास जांच हेतु भेजा गया ।

संसदीय स्थायी समिति ने इसकी सिफारिशों को प्रस्तुत कर दिया जिनकी जांच उपयुक्त अनुपालन हेतु मंत्रालय द्वारा की गई । एक संशोधित बांध सुरक्षा विधेयक तैयार किया गया जिसकी विधि मंत्रालय ने यथा विधि विधीक्षा की । इसी दौरान 15 वीं लोकसभा ने प्रस्तुत किया गया । बांध सुरक्षा बिल, 2010 15वीं लोक सभा के भंग होने के कारण समाप्त हो गया ।

इसके अतिरिक्त, आंध्र प्रदेश पुनर्गठन अधिनियम, 2014 के अनुसार पूर्ववर्ती आंध्र प्रदेश राज्य को अब तेलंगाना राज्य और आंध्र प्रदेश राज्य में विभाजित कर दिया गया है। इस मामले पर विधि और न्याय मंत्रालय के साथ चर्चा की गई और यह सलाह दी गई की नए रूप में सृजित दोनों राज्यों से उनके संबंधित सदनों में उक्त संकल्प की सहमति के लिए बात की जाए जैसा कि आंध प्रदेश के पूर्ववर्ती राज्य द्वारा पारित किया गया था । तथापि, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना राज्य से कोई प्रतिक्रिया अभी तक प्राप्त नहीं हुई है ।

इसी दौरान बांध सुरक्षा कार्य विधि के कार्यालय ने महत्व पर विचार करते हुए विधेयक की राष्ट्रीय स्तर की अनुप्रयोगता (भारत के संविधान की 7वीं अनुसूची की सूची-। की प्रविष्टि 56 अथवा प्रवृष्टि 97 के अंतर्गत) की मांग करते हुए बांध सुरक्षा विधेयक (2014) का नया मसौदा सीडब्ल्यूसी द्वारा फिर से तैयार किया गया तथा अनुच्छेद 252 (जिसकी बहुत ही सीमित अनुप्रयुक्ता है) के स्थान पर भारत के संविधान की 7वीं अनुसूची के सूची-। की प्रवृष्टि 56/97 के अंतर्गत बांध सुरक्षा विधेयक को प्रस्तुत करने के लिए इसके वैधानिक विचार हेतु यह फाइल विधि और न्याय मंत्रालय के विचाराधीन है ।

3.3 राष्ट्रीय जल मिशन : वित्तीय वर्ष 2016-17 के दौरान विभिन्न कार्यकलापों के कार्यान्वयन हेतु एनडब्ल्यूएम के परिव्यय में एनडब्ल्यूएम निदेशालय, बेसलाइन अध्ययन, राज्य विशिष्ट कार्य योजनाओं का निर्माण एच आर डी और क्षमता निर्माण, प्रदर्शनात्मक परियोजनाओं की स्थापना और राष्ट्रीय जल प्रयोग दक्षता ब्यूरो स्थापित करना शामिल है। राष्ट्रीय जल मिशन की विभिन्न कार्यकलापों की स्थिति निम्नानुसार हैः-

3.3.1 राष्ट्रीय जल मिशन निदेशालय

निदेशालय में अपर सचिव एवं एनडब्ल्यूएम मिशन निदेशक और भारत सरकार के संयुक्त सचिव श्रेणी के दो सलाहकार (समन्वय एवं निगरानी और तकनीकी) शामिल है । मिशन सचिवालय सीजीओ कांपलेक्स के दूसरे तल, ब्लॉक-।।।, लोधी रोड, नई दिल्ली से कार्य कर रहा है । पांच परामर्शदाता (विशेषज्ञ और केन्द्रीय सरकार से हाल ही में सेवानिवृत्त) चार युवा पेशेवर और एक कार्यकारी सहायक ने 2015 में एनडब्ल्यूएम में कार्यभार ग्रहण किया है । एक परामर्शदाता और एक युवा पेशेवर को सभी पांच लक्ष्यों (लक्ष्य I से लक्ष्य V तक) से संबंधित कार्यकलापों को सौंपा गया है । सभी पांच लक्ष्यों हेतु वर्ष 2016-17 के दौरान अंत:क्षेत्रीय सलाहकार समूह (आईएलएजी) की बैठकें आयोजित की जाएगी । एनडब्ल्यूएम के मुख्य कार्यकलाप निम्न प्रकार से है :-

(1) एनडब्ल्यूएम वेबसाइट पोर्टल का विकास : एनडब्ल्यूएम वेब पोर्टल का कार्य एनआईसी/एनआईसीएसआई को सौंपा गया है और एनआईसी/एनआईसीएसआई के विशेषज्ञों द्वारा एनडब्ल्यूएम के सहयोग द्वारा कार्य किया गया है । साथ-साथ प्रबंधन सूचना प्रणाली

का भी विकास किया गया है और वेब पोर्टल पर (प्रस्तावित डोमेन नाम : nationalwatermission.gov.in) पर उपलब्ध होगा । वेब पोर्टल पर खास जोर सतही जल, भूमि जल और अपशिष्ट जल के तथा मिशन दस्तावेज में वर्णित एनडब्ल्यूएम के विभिन्न कार्यकलापों पर दिया गया है।

(2) सहभागी सिंचाई प्रबंधन (पीआईएम) हेतु सम्मेलन : जल प्रयोक्ता संगठनों के राष्ट्रीय सम्मेलन और दो क्षेत्रीय सम्मेलन 2015-16 के दौरान हुए थे । 2016-17 के दौरान सहभागी सिंचाई प्रबंधन पर जल प्रयोक्ता संगठनों के तीन और सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे । पीआईएम उत्तर क्षेत्रीय सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य, जल के समान वितरण का प्रसार, जल संरक्षण हेतु जन जागरूकता, जल की बर्बादी भूमि जल तालिका के रिक्तिकरण को कम करना और कमान क्षेत्रों के खेतों में जल दक्षता तकनीकों आदि को अपनाना है ।

(3) एनडब्ल्यूएम ने इस मंत्रालय की आर एवं डी स्कीम के अंतर्गत जलवायु परिवर्तन प्रभाव अध्ययन हेतु अनुसंधान संगठनों जैसे आईआईटी, एनआईटी, आईआईएससी और एनआईएच के साथ मिलकर आठ नदी बेसिनों (महानदी, माही, लूनी, तापी, सतलुज, साबरमती, सुर्बणरेखा और ताद्री से कन्याकुमारी तक दक्षिण की ओर बहने वाली नदियां)की पहचान की है।

3.3.2 जल क्षेत्र के लिए राज्य विशिष्ट कार्य योजना की तैयारी

यह उल्लेख किया जा सकता है कि राज्य विशिष्ट कार्य योजना को बनाना, सभी राज्य/संघ राज्य क्षेत्रों में जल संसाधनों पर जलवायु परिवर्तन के प्रभाव का पता लगाने के लिए एक पूर्व अपेक्षा है और यह प्रस्तावित किया गया है कि जलवायु परिवर्तन हेतु राज्य विशिष्ट कार्य योजना की तैयारी सहभागी रूप से राज्य सरकारों और जल संरक्षण और प्रबंधन में शामिल अन्य पणधारियों के सक्रिय सहयोग से की जाएगी ।

राष्ट्रीय जल मिशन ने जलवायु परिवर्तन हेतु राज्य कार्य योजना को जल क्षेत्र के साथ जोड़ने हेतु राज्य विशिष्ट कार्य योजना की तैयारी का कार्य आरंभ कर दिया है । यह प्रस्तावित किया गया है कि राज्य-वार/संघ क्षेत्र-वार जल क्षेत्र के लिए एसएसएपी, जिसमें सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्र के संबंध में सिंचाई, कृषि, घरेलू जल आपूर्ति, औद्योगिक जल आपूर्ति और अपशिष्ट जल के उपयोग शामिल है । एसएसएपी जल संसाधनों के विकास और प्रबंधन, जल गवर्नेंस, संस्थागत व्यवस्था, जल संविधान नीतियों, सीमा-पार मुद्दों की व्यवस्था आदि के लिए स्थिति प्रदान करेगा । राज्य/संघ राज्य क्षेत्रों की समस्याओं पर स्थिति रिपोर्ट/राज्य विशिष्ट जल संसाधनों के सभी आयामों से संबंधित मुद्दे और मुख्य मुद्दों/समस्याओं के क्षेत्रों के निदान के लिए संभावित समाधनों की पहचान करते हुए,

समाधान के फायदे और नुकसान बताना । राज्य विशिष्ट कार्य योजना में खासतौर से यह शामिल होंगे :

(क) जल संसाधनों के विकास और प्रबंधन, जल संचालन, संस्थागत व्यवस्था, जल संबंधित नीतियां, सीमा-पार मुद्दे और राज्य/संघ राज्य क्षेत्र आदि की व्यवस्था की वर्तमान स्थिति पर स्थिति रिपोर्ट तैयार करना । इन दस्तावेजों में राज्य के जल संसाधनों के सभी आयामों से संबंधित समस्या/ मुद्दे का वर्णन किया जाना चाहिए ।

(ख) समाधानों के फायदे और नुकसान देखते हुए महत्वपूर्ण मुद्दों/समस्या क्षेत्रों पर ध्यान देने के लिए संभावित समाधानों का पता लगाया ।

(ग) राज्य/संघ राज्य क्षेत्र द्वारा कार्यन्वयन किए जाने वाली एनडब्ल्यूएम में पहचानी गयी प्रत्येक कार्यनीति/कार्यकलाप के लिए विस्तृत कार्य योजना तैयार करना ।

बारह राज्यों नामत: आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, पश्चिम बंगाल, उत्तराखंड, गुजरात, असम, छत्तीसगढ़, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, ओड़िशा और तमिलनाडु से चरण-। में उनके राज्य विशिष्ट कार्य योजना को तैयार करने का अनुरोध किया गया है। इन राज्य सरकारों से 18.9.2015 को हुई बैठक में एएस एवं एमडी, एनडब्ल्यूएम की अध्यक्षता में एसएसएपी की तैयार के लिए एक अभिकरण/संगठन को पहचानने का अनुरोध किया गया है कि उत्तर पूर्वी अनुसंधान संस्थान जल और भूमि प्रबंधन (एनईआरआईडब्ल्यूएएलएम), तेजपुर,असम जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण मंत्रालय के अंतर्गत है उसे समन्वय, निगरानी और एसएसएपी की तैयारी के लिए चयनित राज्य अभिकरणों के लिए नोडल अभिकरण के रूप में प्रस्तावित किया गया है ।

"राष्ट्रीय जल मिशन का कार्यान्वय" की स्कीम में एसएसएपी के लिए 20.00 करोड़ रूपये के प्रावधान को अनुमोदित किया गया । एनडब्ल्यूएम ने सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को सीडब्ल्यूसी के क्षेत्रीय कार्यालयों और राज्य स्तर पर सीजीडब्ल्यूबी के माध्यम से तकनीकी सहायता प्रदान करने के लिए विचार व्यक्त किया है । एनडब्ल्यूएम ने जल क्षेत्र में बृहत/बड़े राज्य में एसएसएपी की तैयारी हेतु 50 लाख रूपये और छोटे राज्य/संघ राज्य क्षेत्रों के लिए 30 लाख रूपये की सहायता प्रदान करने का प्रस्ताव दिया ।

3.3.3 (क) मानव संसाधन विकास/और क्षमता निर्माण/जागरूकता सृजन

राष्ट्रीय जल मिशन का लक्ष्य-।। "जल संरक्षण के लिए नागरिक और राज्य कार्य योजना प्रसर, संवर्धन और संरक्षण" है । पंचायती राज्य संस्थाओं शहरी स्थानीय निकायों, जल प्रयोक्ता संगठनों, अन्य प्राथमिक पणधारियों के संवेदीकरण और क्षमता निर्माण की

परिकल्पना की गई है । इस लक्ष्य के तहत मिशन दस्तावेज में एनजीओ, पीआरआई, स्थानीय निकायों के शामिल होने के बारे में कहा गया है ।

एनडब्ल्यूएम, टीआईएसएल-मुंबई के साथ समझौता ज्ञापन में शामिल हुआ है; एनआईआरडी, हैदराबाद प्रत्येक के लिए एक साल के लिए और आईसीएआर-आईआईडब्ल्यूएम, भुवनेश्वर के लिए जल संसाधन प्रबंधन, संवर्धन और संरक्षण के कार्यक्रमों में संवेदीकरण,प्रशिक्षण, क्षमता निर्माण लाने हेतु दो वर्षों के लिए । एनडब्ल्यूएम, एचआरडी/प्रशिक्षण/क्षमता निर्माण/जन जागरूकता कार्यक्रमों के आयोजन हेतु दिशानिर्देशों को तैयार करने की प्रक्रिया में है ।

टीआईएसएस अधिकारियों के साथ एनडब्ल्यूएम-टीआईएसएस परियोजना के निर्वहन कार्यान्वयन हेतु मुद्दों पर विचार करने के लिए मासिक बैठकों को आयोजन होता है जिसके टीआईएसएस को उपयुक्त वेबसाइट को विकसित करने, एनजीओ/वीओ को उपलब्ध कराने का कार्य सौंपा गया है । टीआईएसएस ने अन्य लक्ष्यों की कार्य पद्धतियों को संबोधित करने के लक्ष्य की सलाह दी गई और उनकी कार्य योजना का मूल्यांकन एनडब्ल्यूएम किया गया है । इसके अलावा टीआईएसएस एनजीओ/वीओ के लिए राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन करेगा । वित्तीय वर्ष 2016-17 के दौरान लगभग 25 प्रशिक्षण/जागरूकता कार्यक्रमों का विभिन्न संगठनों के साथ समन्वय करके आयोजन किया जाएगा ।

3.3.3 (ख) राष्ट्रीय जल उपयोग दक्षता ब्यूरो (एनबीडब्ल्यूयूई)

जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण मंत्रालय ने राष्ट्रीय जल उपयोग दक्षता ब्यूरो के गठन को प्रस्तावित किया है । ईएफसी की बैठक 22.07.2013 को वित्त सचिव और सचिव (व्यय) की अध्यक्षता में हुई थी । ईएफसी ने एनबीडब्ल्यूयूई के गठन के लिए 50 करोड़ रूपये की सिफारिश की है । एनबीडब्ल्यूयूई, जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण के अंतर्गत एक स्वायत्त निकाय के रूप में कार्य करेगा । एनडब्ल्यूएम ने एनबीडब्ल्यूयूई के सृजन हेतु पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 धारा 3(3) के अंतर्गत अधिसूचना के माध्यम से एक प्रस्ताव तैयार किया है । एक मसौदा मंत्रिमंडल नोट को संबंधित मंत्रालयों/विभागों ने अंतर-मंत्रालयी परामर्श के लिए मई, 2015 को प्रचालित कर दिया गया है । विभिन्न मंत्रालय/विभागों ने प्रस्ताव का समर्थन किया है लेकिन पर्यावरण एवं वन मंत्रालय और पीएमओ ने एनबीडब्ल्यूयूई के सृजन पर कुछ टिप्पणियां दी है, जिनमें सुधार किया जा रहा है ।

3.3.4 जल उपयोग दक्षता की वर्तमान स्थिति पर सूचना प्राप्त करने हेतु बृहत/मध्यम जल संसाधन परियोजनाओं का बेसलाइन अध्ययन

एनडब्ल्यूएम स्कीम में बेसलाइन अध्ययन के लिए 36 करोड़ रूपये का प्रावधान है। यह उल्लेख किया गया है कि "जल उपयोग दक्षता को 20 प्रतिशत तक बढ़ाना" राष्ट्रीय जल मिशन का चौथा महत्वपूर्ण लक्ष्य है । हालांकि परियोजनाओं की जल उपयोग दक्षता की वर्तमान स्थिति और जल के सभी उपयोगों का पता लगाने के लिए बेसलाइन अध्ययन की आवश्यकता है । सिंचाई परियोजनाओं के लिए केन्द्रीय जल आयोग ने पहले ही परियोजनाओं के जल उपयोग दक्षता/बेसलाइन अध्ययन 138 बृहत और 73 मध्यम सिंचाई परियोजनाओं की पहचान की है । मंत्रालय ने सैद्धांतिक रूप से महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना राज्य और पूर्वोत्तर राज्यों में 25 बृहत-मध्यम परियोजनाओं की जल उपयोग दक्षता के बेसलाइल अध्ययन के प्रस्ताव को अपना अनुमोदन दिया है । कार्य को वाल्मी औरंगाबाद, वलमतारी, हैदराबाद और नेरीवाल्म, तेजपुर के माध्यम से दो चरणों में किया जाएगा ।

चरण-। में पांच परियोजनाएं	-	182.42 लाख रूपये
चरण-।। में बीस परियोजनाएं	-	646.44 लाख रूपये
	कुल लागत	828.86 लाख रूपये

यह कहा गया है कि पांच परियोजनाओं के प्रथम चरण में (पाहूमारा- असम, लोकतक-मणिपुर, अरूणावती- महाराष्ट्र, राल्लापाडु- आंध्र प्रदेश और पेड्डावाडु-तेलंगाना) 182.42 लाख रूपये की राशि खर्च को प्रस्तावित किया गया है और पहली किस्त को 40 प्रतिशत@ की अग्रिम भुगतान के रूप में जारी किया गया है ।

आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, महाराष्ट्र, असम और मणिपुर राज्यों में शेष बची 20 बृहत-मध्यम सिंचाई परियोजनाओं को 646.49 लाख रूपये की अनुमानित लागत के साथ आरंभ किया जाना है । 40 प्रतिशत की अग्रिम भुगतान (258.58 लाख रूपये) पहली किस्त के रूप में जारी किया जाएंगा ।

नेरीवाल्म, तेजपुर - असम राज्य में कालीबोर लिफ्ट सिंचाई, रूपाही मध्यम सिंचाई और सुक्ला सिंचाई

बलमतारी, हैदराबाद- तेलंगाना राज्य में तोरीगुड्डा मध्यम सिंचाई, थटीपुड़ी मध्यम सिंचाई, गुंटर चैनल मध्यम सिंचाई, वेनंगालारायासागर मध्यम सिंचाई, तलीपेरू मध्यम सिंचाई, सथमल्ला मध्यम सिंचाई, आंध्र प्रदेश राज्य की मूसी मध्यम सिंचाई और वट्टीवागु मध्यम सिंचाई ।

वाल्मी, औरंगाबाद - महाराष्ट्र राज्य में बोर सिंचाई, गिरना बृहत सिंचाई, करपारा मध्यम सिंचाई, पलखेड़ सिंचाई, पंजारा बृहत सिंचाई और 4 अन्य परियोजनाएं।
2016-17 के दौरान सिंचाई, घरेलू जल आपूर्ति और औद्योगिक क्षेत्र में और अधिक परियोजनाओं का आरंभ किया जाएगा ।

3.3.5 प्रर्दशनात्मक परियोजनाओं की तैयारी :

ईएफसी की 22.07.2013 को राष्ट्रीय जल मिशन स्कीम के कार्यान्वयन के प्रस्ताव पर हुई बैठक में परियोजनाओं के प्रचालन और बेंचमार्किंग के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्टों की तैयारी हेतु 50 करोड़ रूपये की मंजूरी दी है । एनडब्ल्यूएम ने जल क्षेत्रों नामत: सिंचाई, उद्योग, घरेलू जल आपूर्ति और जल के पुन:चक्रण और पुन: उपयोग हेतु प्रदेर्शनात्मक परियोजना प्रस्तावों को आरंभ करने का प्रस्ताव दिया है । इन प्रदर्शनात्मक परियोजनाओं का उद्देश्य जल के विभिन्न क्षेत्रों में जल उपयोग दक्षता को बढ़ाना है जिसमें आधुनिकीकरण प्रौद्योगिकियां शामिल है । यह उल्लेख किया जा सकता है कि जल उपयोग दक्षता में वृद्धि को विभिन्न इंजीनियरिंग और गैर-इंजीनियरिंग उपायों का कार्यान्वयन करके प्राप्त किया जा सकता है । सिंचाई क्षेत्र में जल उपयोग दक्षता बढ़ाने के लिए विभिन्न उपाय अपनाए गए है : माइक्रो-सिंचाई तरीकों का उपयोग, ड्रिप, छिड़काव सिंचाई पद्धति, मात्रात्मक आधार पर जल आपूर्ति का कार्यान्वयन, सहभागी सिंचाई प्रबंधन को बढ़ावा, जल शुल्क के संग्रहण हेतु जल प्रयोक्ता संगठनों का सृजन और जल संसाधन अवसंरचना का रखरखाव, सतही और भूमि जल क सिंचाई, ड्रेनेज आदि के पुन:उपयोग सहित, संयुक्त उपयोग को बढ़ावा देना । एनडब्ल्यूएम ने डीपीआर की तैयारी हेतु निम्नलिखित सिंचाई परियोजनाओं की पहचान की है । इन परियोजनाओं को आरंभ करने के लिए अनुपूरक अनुदान चरण में अधिक निधि प्रदान करने का अनुरोध किया जा सकता है।

क्र.सं.	**राज्य**	**परियोजना**
1.	तेलंगाना	कड्डम परियोजना (सीसीए- 27519 हेक्टे.)
2.	महाराष्ट्र	खेखरावाला परियोजना (सीसीए- 3810 हेक्टे.)
3.	राजस्थान	चंबल परियोजना (सीसीए- 2,29,000 हेक्टे.)
4.	राजस्थान	इंदिरा गांधी नहर परियोजना, चरण-।।, लिफ्ट स्कीम (सीसीए- 3,20,000 हेक्टे.)
5.	पंजाब	कोकारी वितरिका के नवीकरण हेतु परियोजना, अभोर शाखा, सरहिंद नहर प्रणाली (सीसीए- 28,756 हेक्टे.)
6.	हरियाणा	हिसार की मुख्य वितरिका, डब्ल्यूजेसी प्रणाली की उप-प्रणाली के नवीकरण हेतु परियोजना (सीसीए- 21270 हेक्टे.)

अन्य क्षेत्रों के लिए एनडब्ल्यूएम ने एनआईएच, रूड़की, सीपीडब्ल्यूडी, नीरी, नागपुर और सीएसआरआई, भावनगर, गुजरात के सहयोग द्वारा जल के पुन:चक्रण, पुन:उपयोग और जल गुणवत्ता में सुधार हेतु प्रर्दशनात्मक परियोजनाओं को आरंभ करना प्रस्तावित किया है । परियोजना प्रस्तावों के नाम नीचे दिए गए है:-

(1) **एनआईएच, रूड़की** - रूड़की में मटमैले जल से नीले जल की ओर परिवर्तित करना- 1.34 करोड़ रूपये

(2) सीपीडब्ल्यूडी - जल का पुन: चक्रण और पुन:उपयोग 300 के एलडी क्षमता वाले सीवेज शोधित संयंत्र सीजीओ कांपलेक्स, लोधी रोड, नई दिल्ली में आपूर्ति, संस्थापना, सीवेज की जांच और संयंत्रों को लगाना। लागत - 2.70 करोड़ रूपये

(3) सीएसआईआर - सेंट्रल साल्ट और मैरिन कैमीकल अनुसंधान संस्थान, भावनगर, गुजरात में पहचानी गई 15 लवणता क्षेत्र । गुजरात, आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु के गांवों में नवीन जल- विलवणीकृत और शोधन इकाई के परीक्षण और संस्थापन का विकास- लागत 1.29 करोड़ रूपये

(4) सीएसआईआर - नीरी, नागपुर- ओड़िशा शहर (भुवनेश्वर) के लिए एकीकृत अपशिष्ट जल संयंत्र योजना- लागत प्रक्रियाधीन है ।

(5) दिल्ली जल बोर्ड- जल के पुनर्चक्रण और पुनः प्रयोग के लिए महरौली क्षेत्र, नई दिल्ली की मौजूदा परियोजना के एस टी पी का आधुनिकीकरण और नवीनीकरण।

3.4 राष्ट्रीय जल विकास अभिकरण : सह-बेसिन राज्यों की सहमति के बाद अंत:राज्यीय सम्पर्कों की डीपीआर तैयार करने के लिए राष्ट्रीय जल विकास अभिकरण (एनडब्ल्यूडीए) का कार्य एनडब्ल्यूडीए सोसाइटी की चौथी विशेष आम बैठक में अनुमोदित किया गया है । अंत:राज्यीय सम्पर्कों की डीपीआर तैयार करने के कार्य सहित एनडब्ल्यूडीए का संशोधित ईएफसी ज्ञापन अनुमोदित हो चुका है तथा बढ़ाए गए कार्यों के विषय में राजपत्र में अधिसूचना जारी की जा चुकी है । एनडब्ल्यूडीए ने बिहार के दो अन्त: राज्यीय सम्पर्कों अर्थात बूढ़ी गंडक-नून-बया-गंगा और कोसी-मेची सम्पर्क की डीपीआर, XIवीं योजनाअवधि के संशोधित ईएफसी ज्ञापन के अनुमोदन के बाद 2011-12 में तैयार करनी शुरू कर दी थी तथा दो और सम्पर्कों (एक महाराष्ट्र और एक तमिलनाडु) का कार्य वर्ष 2012-13 के दौरान शुरू किया गया । दो और अंतर्राज्यीय संपर्कों (झारखंड का एक और ओड़िशा का एक) की डीपीआर तैयार करने का कार्य भी वर्ष 2014-15 में शुरू किया गया है ।

नदियों को आपस में जोड़ने वाली विशेष समिति की अध्यक्षता माननीय मंत्री (ज.सं., न.वि. और गं.सं.) द्वारा की गई । इसका गठन माननीय सर्वोच्च न्यायालय के दिशानिर्देशों

के अनुसार दिनांक 23 सितम्बर, 2014 की राजपत्र अधिसूचना द्वारा किया गया है । अब तक इस समिति की 7 बैठकें क्रमश: 17.10.2014, 06.01.2015, 19.03.2015, 14.05.2015, 13.07.2015, 15.09.2015 और 18.11.2015 को नई दिल्ली में हो चुकी है। आईएलआर की विशेष समिति नियमित रूप से दो महीने में एक बार आईएलआर की प्रगति की समीक्षा कर रही है । सहमत राज्यों के मंत्री/प्रधान सचिव, विशेष समिति के सदस्य है ।

नदियों को आपस में जोड़ने वाली विशेष समिति ने चार विशिष्ट उप समितियों का गठन किया है; (i) विभिन्न अध्ययनों/रिपोर्टों का विस्तृत मूल्यांकन करने वाली उप समिति (ii) अति उपयुक्त वैकल्पिक योजना की पहचान करने वाली, प्रणाली अध्ययन हेतु उप समिति (iii) संबंधित राज्यों के बीच बातचीत के माध्यम से और किसी समझौता तक पहुंचने पर सर्वसम्मति हेतु उप-समिति (iv) राष्ट्रीय जल विकास अभिकरण की पुन: संरचना के लिए उप समिति ।

राष्ट्रीय जल विकास अभिकरण की पुन: संरचना हेतु बनायी गई उप समिति ने 7 बैठकें की है और अपनी रिपोर्ट को माननीय मंत्री (ज.सं., न.वि. और गं.सं.) और 21.09.2015 को विशेष समिति के अध्यक्ष को प्रस्तुत किया है ।

केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने आईएलआर के लिए विशेष समिति का अनुमोदन करते समय उसकी 24 जुलाई, 2014 को हुई बैठक में निर्देश दिये कि विशेषज्ञों की समिति का गठन नदियों को आपस में जोड़ने के संबंधित मुद्दों को देखने के लिए किया गया है । केन्द्रीय मंत्रिमंडल जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण मंत्रालय के दिशानिर्देशों की अनुपालना में दिनांक 13 अप्रैल, 2015 के कार्यालय ज्ञापन द्वारा श्री बी.एन. नवलावाला, मुख्य सलाहकार, जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण मंत्रालय की अध्यक्षता के अंतर्गत नदियों को आपस में जोड़ने के लिए कार्यबल (टीएफ-आईएलआर) का गठन किया है। कार्यबल का समयकाल 2 वर्ष का है या जब तक आगे के आदेश नहीं आते जो भी पहले। कार्यबल आईएलआर की विशेष समिति की सहायता करेगी और जल संसाधन, नदी विकास और जल संरक्षण मंत्रालय आईएलआर कार्यक्रम के कार्यान्वयन से संबंधित कार्य करेगा । कार्यबल की दो बैठकें क्रमश: 23 अप्रैल, 2015 और 5 नवम्बर, 2015 को हुई है।

3.5 सिंचाई प्रबंधन कार्यक्रम

XIIवीं पंचवर्षीय योजना दस्तावेज में अन्य बातों के साथ-साथ राज्यों को कुल 6000 करोड़ रूपये के परिव्यय के साथ जल क्षेत्र में सुधार करने को प्रोत्साहित नियोजित स्कीम नामत: सिंचाई प्रबंधन कार्यक्रम को प्रस्तावित किया है । इस स्कीम को बनाने हेतु यह प्रस्तावित किया गया है कि राज्य विशिष्ट जल क्षेत्र सुपोरा और उपयुक्त ढांचे पर आधारित

राज्यों के कार्य निष्पादन के मूल्यांकन के लिए कार्य प्रणाली हेतु बैंचमार्क को विकसित किया जाए ।

राज्य विशिष्ट जल क्षेत्र सुधार उपयुक्त ढांचे पर आधारित राज्यों के कार्य निष्पादन के मूल्यांकन के लिए कार्य प्रणाली हेतु बैंचमार्क को विकसित करने के लिए अंतिम रूप दिया गया है । इसे राज्यों की टिप्पणी प्राप्त करने हेतु भेज दिया गया है। राज्यों से उत्तर/टिप्पणियां प्राप्त होने पर आगे कार्रवाई की जाएगी।

'जल क्रांति अभियान'- जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण मंत्रालय नई दिल्ली में वर्ष 2015-16 के दौरान देश में एक समग्र और एकीकृत विचार धारा के माध्यम से सभी पणधारियों को शामिल करके इसे एक जन आंदोलन बनाते हुए, जल संरक्षण और प्रबंधन को समन्वित करने हेतु 'जल क्रांति अभियान' का आयोजन कर रहा है । अभियान को देश भर में 5 जून, 2015 में आरंभ किया गया है और जयपुर, शिमला और झांसी में इसके विशेष कार्यक्रम आयोजित हुए ।

जल क्रांति अभियान के अंतर्गत आने वाली पांच मुख्य कार्यकलाप यह है :

1. जल ग्राम योजना
2. मॉडल कमान क्षेत्र का विकास
3. प्रदूषण नियंत्रण
4. जन जागरूकता कार्यक्रम
5. अन्य कार्यकलाप

3.6 अन्तर्राष्ट्रीय सहयोग : भारत, अन्तर्राष्ट्रीय सहयोग के तहत विश्व बैंक के तत्वावधान में भारत और पाकिस्तान के बीच हस्ताक्षरित सिंधु जल संधि को कार्यान्वित कर रहा है ।

क. सिंधु जल संधि 1960

- स्थाई सिंधु आयोग का निरीक्षण दौरा और बैठकें
- पाकिस्तान से आंकड़ा संग्रहण और आपूर्ति-
  1. पाकिस्तान को सिंधु बेसिन नदियों के प्रेक्षित और सूचीबद्ध स्थलों का दैनिक गेज और नि:सरण आंकड़ा उपलब्ध कराना।
  2. जिलावार/ तहसील वार खरीफ और रबी मौसम के लिए सिंधु बेसिन के पश्चिमी नदियों के लिए सिंचित फसल क्षेत्र सांख्यिकी उपलब्ध कराना।
  3. चिनाब, जम्मू तवी, रावी और सतलुज नदियों के संबंध में प्रत्येक वर्ष के 01 जुलाई से 10 अक्टूबर तक पाकिस्तान का बाढ़ चेतावनी संदेश उपलब्ध कराना।

4. संधि के अनुसार पश्चिमी नदियों के संबंध में जल विद्युत (एचई) और भंडारण परियोजनाओं की सूचना देना, परियोजनाओं से आंकड़ा संग्रहण, निरंतरता विश्लेषण, समीक्षा और आपूर्ति।

- संधि की दृष्टि से सिंधु बेसिन की परियोजनाओं की स्वीकृति।
- समय-समय पर संधि की दृष्टि से परियोजनाओं के संबंध में उठाए गए मुद्दों पर बातचीत। वर्तमान में सक्रिय
- सरकार के स्तर पर वार्ता के लिए पाकिस्तान के साथ सचिव स्तरीय बैठक के संबंध में कार्य।
- संधि के तहत उठे मुद्दों के संबंध में विदेश मंत्रालय के एलएंडटी, पीएआई प्रभागों के साथ बातचीत।
- संधि की दृष्टि से और समय-समय पर उठे अन्य मामलों के संबंध में जम्मू कश्मीर आदि में परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा से संबंधित बैठकें।
- संधि के तहत अनुमत्य सीमा तक पश्चिमी नदियों के संरक्षण संबंधी मुद्दे।
- पूर्वी नदियों के जल के इष्टतम उपयोग संबंधी मुद्दे।
- समय-समय पर आवश्यकतानुसार पाकिस्तान से प्राप्त आंकड़ों का विश्लेषण।

ख. सिंधु बेसिन के अन्तर-राज्यीय जल से संबंधित मुद्दे

- पंजाब, हरियाणा और राजस्थान के बीच अन्तर-राज्यीय मुद्दे- शाहपुर कांडी परियोजना, रावी ब्यास के अतिरिक्त जल में राजस्थान के हिस्से के 0.6 एमएएफ का पुनर्स्थापन, रोपड़, फिरोजपुर और हरिक में हैड वर्क्स के नियंत्रण का हस्तांतरण, बीएमएल-हंसी शाखा-बुटाना शाखा बहुद्देशीय संपर्क चैनल, सतलुज-यमुना संपर्क (एसवाईएल) नहर, पंजाब करार समाप्ति अधिनियम, 2004 के संदर्भ में राष्ट्रपतिय संदर्भ, आदि।
- रावी और सतलुज नदियों के आकस्मिक प्रतिरोधी सुरक्षात्मक कार्य के लिए केंद्रीय सहायता, और इसके संबंध में निगरानी समिति से संबंधित कार्य।
- इंदिरा गांधी नहर बोर्ड से संबंधित मामलें।
- भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड से संबंधित मामलें।
- सिंधु बेसिन के अन्तर-राज्यीय मुद्दों से संबंधित उत्तरी क्षेत्रीय परिषद की बैठकें।
- पोंग बांध विस्थापितों का पुनर्वास- उच्चस्तरीय समिति और उपसमिति की बैठकें,

(ग) घग्घर मामलों से संबंधित घग्घर स्थाई समिति

घ. आस्ट्रेलिया के साथ द्विपक्षीय सहयोग :

भारत और आस्ट्रेलिया की सरकार ने 10 नवम्बर, 2009 को जल संसाधन प्रबंधन के क्षेत्र में एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया है । इस एमओयू में परिकल्पना की

जाती है कि सतही और भूमिजल, दोनों जल प्रबंधन तथा विशेष रूप से नदी बेसिन प्रबंध और जल संसाधन पर जलवायु परिवर्तन के प्रभाव पर नीतिगत और तकनीकी अनुभव को साझा करके जल संसाधन प्रबंधन और विकास के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने के लिए दोनों पक्ष कार्य करेंगे । अन्य पांच वर्षों के लिए एमओयू को 05.09.2014 को नवीकरण किया गया।

उपर्युक्त एमओयू को पूरा करने के लिए दोनों पक्षों से समान संख्या में सदस्यों वाले एक संयुक्त कार्य दल (जेडब्ल्यूजी) का गठन किया गया था । जेडब्ल्यूजी ने दिनांक 19.11.2012 को नई दिल्ली में अपनी पहली बैठक के दौरान उक्त एमओयू के उद्देश्यों को पूरा करने के लिए एक कार्रवाई योजना को तैयार /अंतिम रूप दिया है । इस कार्रवाई योजना में एक प्रमुख कार्यकलाप, एकीकृत जल संसाधन प्रबंध (आईडब्ल्यूआरएम), प्रमुख नीतियों पर दोनों को एक साथ लाना, भारत में नदी बेसिन के लिए वैज्ञानिक और सूचना इनपुट्स एक साथ तैयार करने में सहयोगात्मक विकास की पहचान की गई थी ।

जेडब्ल्यूजी आस्ट्रेलिया के अधीन, आईडब्ल्यूआरएम में अपने अनुभव साझा कर रहा है और भारत के साथ योजना तैयार कर रहा है । आईडब्ल्यूआरएम के विकास के लिए ओड़िशा, झारखंड और छत्तीसगढ़ के ब्राह्मणी-बैतरणी नदी बेसिन को चुना गया है, जिसके साथ आस्ट्रेलिया कॉमनवेल्थ वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान संगठन (सीएसआईआरओ), ई-वाटर और अन्य आस्ट्रेलियाई संगठनों के विशेषज्ञ भारत के समकक्ष अधिकारियों के साथ कार्य कर रहे हैं ।

29 अप्रैल से 03 मई, 2013 तक आस्ट्रेलिया में जेडब्ल्यूजी की दूसरी औपचारिक बैठक आयोजित की गई थी जिसके दौरान आस्ट्रेलिया द्वारा जल सुधार में नीतिगत अनुभव को साझा किया गया था। इस बैठक के दौरान अगले दो वर्षों के लिए विस्तृत कार्य योजना को अंतिम रूप दिया गया था। तत्पश्चात्, नदी बेसिन सुधारों के रास्ते और ब्राह्मणी-बैतरणी बेसिन के लिए आईडब्ल्यूआरएम योजना तैयार करने और पर्याप्त जल उपयोग पर विचार-विमर्श करने के लिए मंत्रालय के वरिष्ठ स्तर के अधिकारियों और संबंधित संगठनों के लिए 30-31 अक्तूबर, 2013 को सीडब्ल्यूसी में आस्ट्रेलियाई जल विशेषज्ञों द्वारा एक दो दिवसीय कार्यकारी मास्टर क्लास (कार्यशाला) आयोजित की गई थी । उसके पश्चात्, 18-29 नवम्बर, 2013 तक के दौरान आस्ट्रेलियन जल विशेषज्ञों द्वारा राष्ट्रीय जल अकादमी, पुणे में ई-वाटर पर दो सप्ताह का प्रशिक्षण भी आयोजित किया गया था जिसमें सीडब्ल्यूसी, सीजीडब्ल्यूबी, एनआईएच और आईएमडी से अभियंताओं / अधिकारियों ने भाग लिया। आस्ट्रेलिया के जल विशेषज्ञों ने आईडब्ल्यूआरएम योजना को तैयार करने के एक भाग के रूप में 10-13 मार्च, 2014 के दौरान ओड़िशा और झारखण्ड में ब्राह्मणी-बैतरणी नदी बेसिन का क्षेत्रीय दौरा शुरू किया है । इसके पश्चात् आगन्तुक प्रतिनिधिमण्डल जिसमें संबंधित राज्यों और जेडब्ल्यूजी के सदस्यों ने भी भाग लिया, के साथ नई दिल्ली में सचिव, (जल संसाधन) की अध्यक्षता में अनुवर्ती बैठक आयोजित की गई थी ।

हाल ही में, ब्राह्मणी-बैतरणी बेसिन के लिए आईडब्ल्यूआरएम योजना में अब तक प्राप्त प्रगति की चर्चा और इसके भविष्य का रोडमैप तैयार करने के लिए 19 जनवरी, 2015 को नई दिल्ली में जेडब्ल्यूजी की तीसरी बैठक का आयोजित की गई । गंगा नदी के संरक्षण पर अपने विशेष टिप्पणी देने हेतु आस्ट्रेलिया के प्रस्ताव पर भी चर्चा की गई।

ड.. अन्य देशों के साथ द्विपक्षीय सहयोग

जल संसाधन मंत्रालय ने हाल ही में जल संसाधनों के प्रबंधन और विकास के क्षेत्र में द्विपक्षीय सहयोग के लिए भी अन्य देशों के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं । माननीय जल संसाधन मंत्री और रवांडा गणराज्य के माननीय कृषि और पशु संसाधन मंत्री ने 22 जनवरी, 2013 को नई दिल्ली में जल संसाधन विकास और प्रबंधन के क्षेत्र में सहयोग पर एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए । इसके पश्चात्, इस एमओयू के संभावित कार्यों को करने के लिए प्रत्येक पक्ष की ओर से तीन सदस्यों वाले एक संयुक्त आयोग का गठन किया गया है ।

(i) भारत-ईरान संयुक्त आयोग की तेहरान में हुई 17वीं बैठक के दौरान, 4 मई, 2013 को जल संसाधन प्रबंधन में द्विपक्षीय सहयोग के लिए एक एमओयू पर हस्ताक्षर किया गया था। वर्तमान में, एक संयुक्त कार्य दल के निर्माण की प्रक्रिया प्रगति पर है ।

(ii) अगस्त, 2013 में इराक के माननीय प्रधानमंत्री के भारत दौरे के दौरान जल संसाधन विकास और प्रबंधन के क्षेत्र में द्विपक्षीय सहयोग पर भारत सरकार और इराक सरकार के बीच 23 अगस्त, 2013 को नई दिल्ली में एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए थे । इस एमओयू को लागू करने के लिए सितम्बर, 2014 में दोनों पक्षों से समान संख्या के सदस्यों वाले संयुक्त कार्य दल का गठन किया गया है।

(iii) फिजी गणराज्य सरकार के वित्त मंत्री के भारत दौरे के दौरान, जल संसाधन प्रबंध के क्षेत्र में फिजी के साथ द्विपक्षीय सहयोग करने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर सचिव (जल संसाधन) और भारत में फिजी के उच्चायुक्त ने दिनांक 12.02.2014 को नई दिल्ली में हस्ताक्षर किए थे । संयुक्त कार्यदल के गठन की प्रक्रिया जारी है ।

(iv) हाल ही में, नई दिल्ली में भारत बहरीन उच्चस्तरीय संयुक्त आयुक्त की बैठक के दौरान जल संसाधन विकास और प्रबंधन के क्षेत्र में द्विपक्षीय सहयोग के लिए 22 फरवरी, 2015 को बहरीन के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए थे।

(v) जल संसाधन में द्विपक्षीय सहयोग के लिए हंगरी और मोरक्को के साथ भी एमओयू विचाराधीन है ।

(vi) जल संसाधनों के विकास और प्रबंधन के क्षेत्र में भारत और इजराइल के बीच सहयोग के लिए हस्तांतरित किए जाने वाले प्रस्तावित मसौदा समझौता ज्ञापन को 02.12.2015 को मंत्रिमंडल ने अनुमोदन कर दिया है । विदेश मंत्रालय से मंत्रालय के दिनांक 17.12.2015 के पत्र द्वारा अनुरोध किया गया है कि वह मामले को समझौता ज्ञापन के जल्द हस्ताक्षरित होने के लिए इजाराइली पक्ष के साथ देखे ।

3.7 केंद्रीय और विद्युत अनुसंधान संस्थान (सीडब्ल्यूपीआरएस): 2014-15 और 2015-16 के दौरान (31 दिसंबर, 2015 तक उपलब्धियां) उद्देश्यों और उपलब्धियों पर और 2015-16 की कार्य योजना पर प्रकाश डालता संक्षिप्त ब्यौरा निम्न प्रकार से है:-

(क) जल क्षेत्र में अनुसंधान और विकास, ज.सं.न.वि. और ग.सं. मंत्रा.- शीर्ष संगठनों में आर एवं डी- सी डब्ल्यू पी आर एस घटक।

उद्देश्य-

12वीं योजना स्कीम के तहत जल क्षेत्र में अनुसंधान एवं विकास, सी डब्ल्यू पी आर एस का मुख्य लक्ष्य उसकी प्रयोगशालाओं, उपकरणों और आधारभूत सुविधाओं का सुदृढीकरण और आधुनिकीकरण करना है। अन्य मुख्य मदों में आई सी टी, प्रशिक्षण और प्रसार, बुनयादी अनुसंधान और गणितीय माडलिंग साफ्टवेयर शामिल है।

2014-15 के दौरान कार्यकलाप-

2014-15 के दौरान, 9.00 करोड़ रू. के बजट परिव्यय के साथ आरंभ किए गए मुख्य कार्यक्लापों को शामिल किया गया है।

स्थापना- (प्रशिक्षण और बुनयादी अनुसंधान) (10.45 करोड़ रू.)

अवसंरचना- नदी के मुहाने के लिए ज्वारीय बेसिन सुविधा का विकास और मौजूदा हैंगर (0.45 करोड़ रुपए) के नवीकरण द्वारा ज्वारीय हाइड्रोडायानमिक अध्ययन, स्वलवे और ऊर्जा डिसीपेटर्स (0.0059) के अध्ययन के लिए प्रायोगात्मक सुविधा का विकास, विभिन्न कार्यकलाप-सह-प्रयोगशाला भवनों, बाधा दीवार, रोडो, का नवीकरण, आवासीय और कार्यालय भवन और बागवानी कार्यों (2.13 करोड़ रु.) आदि की विशेष मरम्मत।

स्टोर एवं मशीनरी - स्टोर और मशीनरी के लिए, जल स्तर (0.063 करोड़) को मापने के लिए डिजीटल गाज की खरीद, थर्मल डिसचार्ज (0.265 करोड़) के सिमुलेशन के लिए जल हीटर प्रणाली की खरीद, खरीज जैसे) सुदूर संवेदन/जीआईसी के लिए साफ्टवेयर (ii) सुदूर संवेदन/जीआईएस (0.45 करोड़) के लिए कार्यस्टेशन भूमि भेदने वाली रडार प्रणाली/(0.04 करोड़) के विनिर्देशों के लिए बैटरी और केबल, एलआईटीपीसी के, एमआईकेई 21 (0.223 करोड़) साफ्टवेयर की खरीद के लिए गणितीय मॉडलिंग साफ्टवेयर, फिल्टर असेम्बली (0.004 करोड़) की खरीद, एलएएन स्विचों और साफ्टवेयर (0.28 करोड़) की खरीद,

जीओटेक्निकल परमीमीटर, सीएफडी साफ्टवेयर (एफएलओ डब्ल्यू 3 डी की खरीद (उन्नत प्रशिक्षण और साफ्टवेयर का एक वर्ष का एएमसी) (0.014 करोड़)

संचालन लागत- इलैक्ट्रिकल उपयोग चार्ज, घरेलू/ विदेशी यात्रा, कार्यालय/स्टाफ कॉलोनी स्थल की सुरक्षा, सुरक्षा की आऊटसोर्सिंग और घरेलू-कार्यों आदि पर खर्च (1.19 करोड़) है।

2015-16 के दौरान कार्यकलाप :

2015-16 के दौरान, 31 दिसम्बर, 2015 तक (दिसम्बर 2015 तक व्यय 8.58 करोड़ रु. है) 11.65 करोड़ रु. के बजट परिव्यय के साथ, आरंभ किए गए मुख्य कार्यकलापों को शामिल किया गया है।

अवसरंचना (9.05 करोड़)

नदी इंजीनियरी और गाद को कम करने के लिए अध्ययन (2.15 करोड़) के लिए हैंगर/कार्यालय भवन निर्माण और केन्द्रीय प्रयोगात्मक सुविधा। नदी मुहाने और ज्वारीय हाइड्रोडायनिमिक अध्ययन (0.30 करोड़) ज्वारीय बेसिन सुविधा के विकास के लिए संप और पंप हाऊस का निर्माण। टेहरयल डिस्परसन अध्ययन (1.05 करोड़) हेतु हेंगर, मॉउल ट्रे और जल पम्पिंग प्रणाली का निर्माण स्पिलवे में मूल अध्ययन और ऊर्जा डिसीपेंटर्स विभाजन (0.20) हेतु 2 डी स्पिलवे मॉडल का निर्माण। विभिन्न कार्यालय-सह-प्रयोगशाला भवनों, सीमा दीवार, रोडो, का नवीकरण, आवासीय और कार्यालय भवनों, सीमा दीवार, रोडो का नवीकरण, आवासीय और कार्यालय भवनो, सीवेज लाइन और बागवानी कार्यों के लिए विशेष मरम्मत आवासीय क्वाटरों आदि का नवीकरण (5.35 करोड़)

स्टोर एवं मशीनरी-(1.30 करोड़ रु.)

नवीनतम उपकरण और गणीतीय मॉडलिंग साफ्टवेयर की खरीद और यंत्रों जैसे डिजिटलमाइक्रो भूकंप रिकार्डर, फोर्स ट्रासडूयसर, जल गुणवत्ता निगरानी सैंसर और डिजिटल कम्पाउंड माइक्रोस्कोप, माइक साफ्टवेयर, डिजिटल स्टिल कैमरा, कम्प्युटर पेरीफेलस आदि (1.30 करोड़) कम्प्युटर द्वारा प्रयागशाला का अद्यतीकरण और आधुनिकरण

संचालन लागत (1.03)

बिजली बिलों, घरेलू/विदेश यात्रा, टेलीफोन बिलों, सुरक्षा, इटरनेट खर्चे आदि के प्रति खर्च (1.03 करोड़) है।

2016-17 की कार्य योजना

XIIवीं योजना का आरंभ और 2012 में, 72 करोड़ रू. के परिव्यय के साथ हुआ। जिसमें से 2016-17 के लिए 15.00 करोड़ रु; का प्रावधान किया गया, जिसमें शामिल हे

स्थापना : 0.55 करोड़ रु. स्थापना के लिए (पशिक्षण और मूल अनुसंधान)

अवसंरचना

9.33 करोड़ रूपया अवसंरचना विकास के लिए जिसमें नदी अभियांत्रिकी के लिए केन्द्रीय प्रायोगिक सुविधा शामिल है और गाद कम करने के लिए अध्ययन (4.17 करोड़ रू.) नदी अभियांत्रिकी की अध्ययन (3.00 करोड़ रू.) हेतु केन्द्रीय सुविधा के लिए कार्यालय भवन का निर्माण। विभिन्न कार्यालय-सह-प्रयोगशाला। भवनों, सीमा दीवार, रोडो, का नवीकरण, आवासीय और कार्यालय भवनों बागवानी कार्यों (2.16 करोड़ रू.) की विशेष मरम्मत।

स्टोर एवं मशीनरी

स्टोर और मशीनरी के लिए 3.00 करोड़ रु. जिसमें प्रयोगशाला उपकरणों और गणीतीय माडलिंग साफ्टवेयरों की खरीद शामिल है। जैसे साइक्लिक ट्रिइक्सल मृदा टेस्ट प्रणाली की खरीद (0.47 करोड़) जियोटेक्सटाइल टेसिल टेंसिल टेस्टिंग मशीन (0.32 करोड़ रू.) यूडीईसी 2 डी और 3 डी ईसीसाफ्टवेयर (0.32 करोड़ रू.) की खरीद। सीएडी साफ्टवेयर की खरीद (0.10 करोड़) नदी अभियांत्रिकी की अध्ययन हेतु केन्द्रीकृत सुविधा (0.29 करोड़ रू.) वेल लॉगिंग ईकाई (1.5 करोड़ रू.)

संचालन लागत :

इलैक्ट्रिकल उपयोग खर्चे की संचालन लागत हेतु 2.12 करोड़ रू. घरेलू/विदेशी यात्रा, कार्यालय की सुरक्षा/स्टॉफ कॉलोनी स्थान, सुरक्षा और हाऊस कीपिंग कार्यों की आऊटसोर्सिंग के प्रति खर्च।

(ख) राष्ट्रीय जल विज्ञान परियोजना

उद्देश्य -

सीडब्ल्यूआरएस, अनुसंधान एवं विकास, प्रशिक्षण में मददगार की भूमिका निभा रहा है और अध्ययनों जिसमें, विश्व बैंक द्वारा सहायता प्राप्त राष्ट्रीय जलविज्ञान परियोजना के पूरे ढांचे के भीतर विशेष तकनीकी सहायता प्रदान करना शामिल है।

2015-16 के दौरान कार्यकलाप

2015-16 के दौरान निम्नलिखित कार्यकलाप किए गए -

- परियोजना कार्यान्वयन योजना तैयार की गई
- एनएचपी की लागत तालिका जो 56.26 करोड़ रु. है तैयार कर ली गई है।
- परियोजना के लिए अनुमोदन प्रक्रियाधीन है।

2016-17 के लिए कार्ययोजना

आगे आने वाली जलविज्ञान परियोजनाओं के तहत निम्नलिखित कार्यकलापों को प्रस्तावित किया गया है (जो 8 वर्षों अर्थात-2015-2023 में खर्च होंगे और पीआईपी के लिए अनुमोदन, 2015-2016 के दौरान ले लिया गया।

- जल स्तर माप, गति माप, एफसीएस संचार प्रणाली, साफ्टवेयर विकास, कम्प्यूटर प्रयोगशाला के प्रशिक्षण हेतु राज्य आएए की मदद करने के लिए हाइड्रोमेट उपकरणीय प्रयोगशाला का निर्णय ।
- जल संसाधनों के विकास हेतु उद्देश्य प्रेरक अध्ययन एचपीआकंडा के उपयोग द्वारा जो कार्यान्वयन अभिकरणों के लिए जैसे जल उपलब्धता, जल गुणवत्ता, हाइड्रोजिकल सूखा, अन-गोगंड बेसिन आदि के महत्वपूर्ण मुद्दों से निपटने में सहयोग करेगा, जो राज्य की आवश्यकता आधारित है।
- संस्थागत सुदृढ़ीकरण हेतु कार्यालय/प्रशिक्षण उपकरणों की खरीद ।
- सीडब्ल्यूपीआरएस ने विभिन्न राज्यों ने डीएसएस(पी) के प्रशाकरण और कार्यान्वयन के लिए एक दल के भाग का गठन करने का प्रस्ताव किया है और साथ स्थाई डीएसएस(पी) एवं डीएसएस-आर टी के लिए क्षमता निर्माण उपाय।
- सीडब्ल्यूपीआरएस में संस्थागत सुदृढ़ीकरण क्षमता निर्माण, विश्व बैंक सहायता पाप्त जलविज्ञानीय परियोजना-3 के पूरे ढांचे के अंतर्गत प्रशिक्षण अवसंरचना सुविधा प्रदान करने सहित, अनुसंधान सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए एच-पी-।।। की तैयारी।

(ग) तकनीकी ज्ञान का प्रसार- अन्य बातों के साथ-साथ सीडबल्यूपीआरएस के आदेशपत्र में अनुसंधान पत्रों का राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय जर्नल, सेमिनारों/संगोष्ठियों/कार्यशालाओं आदि में प्रकाशन द्वारा तकनीकी ज्ञान का प्रसार शामिल है। प्रशिक्षण कोर्सों/कार्यशालाओं आदि में प्रकाशन द्वारा तकनीकी ज्ञान का प्रसार शामिल है, प्रशिक्षण कोर्सों/कार्यशालाओं का आयोजन तकनीकी ज्ञापन का प्रकाशन, भाषण देना और तकनीकी समिति सभाओं आदि में भाग लेना।

2014-15 के दौरान वास्तविक लक्ष्य, 2015-16 के दौरान उपलब्धियों और 2016-17 में विभिन्न कार्यकलापों के संबंध में विभिन्न उद्देश्यों को नीचे तालिका में दिया गया है।

3.8 केन्द्रीय भूमि जल बोर्ड- सीजीडब्ल्यूबी के सभी कार्यालयों में वेब आधारित वर्कफ्लो आवेदनों का कार्यान्वयन ई-गवर्नेन्स में मदद करेगा और सभी कार्यकलापों में पारदर्शिता लाएंगे।

3.9 एनडब्ल्यूए, क्षमता निर्माण के भाग के रूप में जल जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन कर सकता है। 2014-15 में स्कूल अध्यापकों के लिए कार्यशालाएं/कार्यक्रमों, का आयोजन जल संरक्षण, ग्राम पंचायत के अधिकारियों, एनजीओ और मीडिया से संबंधित व्यक्तियों द्वारा संदेशों को प्रसारित करने की परिकल्पना की गई है।

3.10 प्रधान मंत्री कृषि सिंचाई योजना (पीएमकेएसवाई) को जुलाई, 2015 में आरंभ किया गया है जिसके तहत एआईबीपी, पीएमकेएसवाई घटकों के अंतर्गत (हर खेत को पानी) विभिन्न कार्यकलापों को शामिल किया गया है। पीएमकेएसवाई (प्रति बूंद प्रति खेत के लिए) और पीएमकेएसवाई (वाटरशेड विकास) जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण मंत्रालय , विभिन्न सिंचाई परियोजनाओं को पूर्ण करने हेतु विभिन्न राज्य सरकारों को केन्द्रीय सहायता प्रदान करता है।

निरंतर आधार से कृषि क्षेत्रों में वृद्धि नजदीकी रूप से भूमि और जल संसाधनों के कृषि और बागवानी फसलों के उत्पादन और उत्पादकता के स्थाईकरण हेतु, विवेकपूर्ण उपयोग सं संबंधित है। वर्तमान में कुछ विभाग/मंत्रालय भूमि और जल संसाधनों के विकास के मुद्दों के हल के लिए, विभिन्न कार्यकलापों के कार्यान्वयन में शामिल है। देश में बुवाई किए गए कुल क्षेत्रों में से लगभग 141मिलियन हेक्टेयर में से लगभग 65 मिलियन हेक्टेयर को वर्तमान में सिंचाई के अंतर्गत शामिल किया गया है। वर्षा पर वास्तविक निर्भरता, शेष बचे क्षेत्रों में जुताई को जोखिम से भरा और कम उत्पादक व्यवसाय बनाता है। अनुभवजन्य प्रमाण सुझाते हैं कि सुनिश्चित/संरक्षित कृषि/स्वास्थाने आर्द्रता संरक्षण किसानों को फार्मिंग प्रोद्योगिकी में अधिक निवेश करने के लिए प्रेरित करती है और इस जानकारी द्वारा उत्पादकता और फार्म की आय में वृद्धि होगी।

पीएमकेएसवाई के कार्य, उद्देश्य और धारक निम्न प्रकार से हैं :-

फरवरी, 2012 के माह में उपयुक्त पीठ के समक्ष रखा जाए। 'तथापि, फरवरी, 2012 में इसे सूचीबद्ध नहीं किया जा सका। इसी बीच माननीय उच्चतम न्यायालय ने 2002 के ओएस 3 के तहत 2013 की आईए 1, 2012 की आईए 5 एवं 6 में कावेरी के मुद्दों पर 04.01.2013, 04.02.2013, 07.02.2013 और अंतत: 25.02.2013 को सुनवाई की और केन्द्र सरकार को यथाशीघ्र, लेकिन किसी भी मामले में 20 फरवरी, 2013 से पहले, सीडब्ल्यूडीटी के दिनांक 5.02.2007 के अंतिम निर्णय को प्रकाशित करने का निर्देश दिया और 2013 की आईए संख्या 1 संबंधी अवमानना याचिका सहित 2002 के ओएस 3 के तहत 2013 की आईए 1, 2012 की आईए 5 व 6 को निस्तारित किया । इसके अतिरिक्त, 6 अगस्त, 2013 को अंतिम सुनवाई करने हेतु संबंधित मामले के साथ 2007 का 2453 और 2001 को ओएस 3 तथा 2002 का ओएस 3 को सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया। तदनुसार केन्द्र सरकार ने सरकारी राजपत्र में दिनांक 19.02.2013 की अधिसूचना के माध्यम से सीडब्ल्यूडीटी के दिनांक 5.2.2007 के अंतिम निर्णय को प्रकाशित कराया है।"

2007 की सिविल अपील संख्या 2456 संबंधी आईए संख्या 06 पर दिनांक 01.07.2013 को माननीय उच्चतम न्यायालय में कार्यवाही शुरू की गई थी और प्रत्युतर द्वारा जवाब देने के लिए 04 जुलाई, 2013 तक का समय देते हुए 05 जुलाई, 2013 को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने का आदेश दिया गया था । मामले पर 05 जुलाई ,2013 को पुन: सुनवाई की गई थी और यह आदेश दिया गया था कि तमिलनाडु राज्य द्वारा 3 सप्ताह के अंदर प्रत्युतर-शपथ पत्र दाखिल किया जाये और इसे 05 अगस्त, 2013 को सूचीबद्ध किया जाये ।

इस मामले पर 05 अगस्त, 2013 को सुनवाई की गई थी जहां यह आदेश दिया गया था कि अच्छी वर्षा होने के कारण तमिलनाडु राज्य के वरिष्ठ अधिवक्ता 2013 की आईए संख्या 06 पर जोर नहीं देना चाहते और तद्नुसार इस अपील को 15 जनवरी, 2014 को सूचीबद्ध करने का आदेश दिया गया था ।

माननीय उच्चतम न्यायालय ने 2002 के मूल वाद संख्या 3 पर दिनांक 03.12.2013 के सुनवाई की और आदेश दिया कि यह मामला मूल वाद 3/2001 से जुड़ा है तथा मामले को सूचीबद्ध करने की आगामी तारीख 15.01.2014 है । 15.01.2014 को माननीय उच्चतम न्यायालय ने मामले को 12.03.2014 को सूचीबद्ध करने का निदेश दिया और उसके बाद 25.11.2014 को सूचीबद्ध करने का निदेश दिया जो उसके बाद दिनांक 20.11.2015 को और उसके बाद, 10.02.2015, 03.11.2015 को सूचीबद्ध हुआ और 12.01.2016 को सूचीबद्ध होने की संभावना है ।

21 मई, 2014 को माननीय अध्यक्ष द्वारा पदभार ग्रहण किए जाने पर अधिकरण में 15 जुलाई, 2014 को सीएमपी संख्या 01/2012 पर कार्यवाही शुरू की गई थी जहां अधिकरण ने दिनांक 15.07.2014 के आदेश द्वारा यह इच्छा जताई कि तमिलनाडु राज्य नए सिरे से आवेदन दायर करे अथवा इसके द्वारा माननीय उच्चतम न्यायालय में 2007 की सिविल अपील संख्या

2453 में दायर किए गए आईए संख्या 11 पर जोर दे और उचित निर्देश प्राप्त करें जिससे अधिकरण, अधिनियम, 1956 की धारा 5(3) के अंतर्गत आवेदन पर कार्यवाही कर सके ।

अधिकरण द्वारा किया गया व्यय:-

i)	वर्ष 2014-15 के दौरान अधिकरण द्वारा किया गया व्यय	**2,38,840,26**
ii)	3/15 तक संचयी व्यय	**24,65,86,538**
iii)	2015-16 के लिए बजट आवंटन	**2,89,00,000**
iv)	4/15 से 12/16 तक व्यय	**1,76,29,334**
v)	31/12/15 तक संचयी व्यय	**26,42,15,877**

6.4 कृष्णा जल विवाद अधिकरण :

अंतर्राज्यीय नदी कृष्णा एवं इसकी नदी घाटियों के जल के बंटवारे से संबंधित आंध्र प्रदेश, कर्णाटक और महाराष्ट्र राज्य के बीच विवादों के अधिनिर्णय के लिए 2 अप्रैल, 2004 को कृष्णा जल विवाद अधिकरण (केडब्ल्यूडीटी) का गठन किया गया था। रिट याचिका संख्या 408 में माननीय उच्चतम न्यायालय ने यह आदेश दिया है कि अधिकरण के गठन की प्रभावी तारीख 01.02.2006 होगी । परिणामस्वरूप, अधिकरण का कार्यकाल आईएसआरडब्ल्यूडी अधिनियम, 1956 के प्रावधानों के अनुसार 31.12.2010 तक बढ़ा दिया गया था ।

अधिनियम की धारा 5(2) के अन्तर्गत अधिकरण की रिपोर्ट और निर्णय की घोषणा की गई और 30 दिसंबर, 2010 को जल संसाधन मंत्रालय को अग्रेषित कर दिया गया था ।

तत्पश्चात संबंधित राज्यों अर्थात आंध्र प्रदेश, कर्णाटक, महाराष्ट्र और और केन्द्र सरकार द्वारा अधिकरण को अधिनियम की धारा 5(3) के तहत 29 मार्च, 2011 को अपने संदर्भ आवेदन दायर किए गए थे । उनके बाद संबंधित मामलों और केन्द्र सरकार द्वारा उत्तर और प्रत्युत्तर किए गए अधिकरणों ने राज्य सरकारों और केन्द्र सरकार द्वारा दी गई दलीलों पर दिनांक 30.08.2013 को सुनवाई पूरी की ।

आगे की रिपोर्ट के माध्यम से दिनांक 29.11.2013 को अधिकरण द्वारा अधिनियम की धारा 5(3) के तहत संदर्भ आदेश की घोषणा की गयी थी और इसे केन्द्र सरकार एवं संबंधित पक्षकार राज्यों को अग्रेषित किया गया था।

अन्तरराज्यीय नदी जल विवाद अधिनियम, 1956 की धारा 12 के प्रावधानों के अनुसार केन्द्र सरकार, अधिकरण द्वारा इसकी रिपोर्ट अग्रेषित किए जाने के बाद और इस बात से संतुष्ट होने के बाद कि इस मामले में अधिकरण द्वारा कोई कार्यवाही की जानी आवश्यक नहीं होगी, अधिकरण को भंग कर सकती है । तथापि, आंध्र प्रदेश पुनर्गठन अधिनियम, 2014 (2014 का 06) की धारा 89 के अनुसार केडब्ल्यूडीटी का कार्यकाल उपर्युक्त धारा के खंड (क) और (ख) में

निर्दिष्ट विचारार्थ विषयों के अनुसार बढाया जाना है । तद्नुसार केन्द्र सरकार ने उपर्युक्त अधिनियम की धारा 5 की उपधारा 3 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए दिनांक 15.05.2014 की अधिसूचना संख्या एस.ओ.1290 (ई) और शुद्धि पत्र संख्या एस.ओ.1483 (ई) द्वारा अगली रिपोर्ट प्रस्तुत करने की अवधि 01 अगस्त, 2014 से दो वर्ष की अवधि के लिए (अथवा अगले आदेशों तक, जो भी पहले हो) बढा दी थी जिससे आंध्र प्रदेश पुनर्गठन अधिनियम, 2014 (2014 का 6) की धारा 89 के खंड (क) और (ख) में विनिर्दिष्ट विचारार्थ विषयों का अनुसरण किया जा सके ।

अधिकरण ने सभी संबंधित राज्यों को और केन्द्र सरकार को एक नोटिस जारी किया है कि पक्षकारों अर्थात आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, महाराष्ट्र और कर्णाटक को अधिकरण के समक्ष उनके अधिवक्ता के माध्यम से अथवा उनकी ओर से यथोचित रूप से प्राधिकृत एक अधिकारी के माध्यम से प्रस्तुत होने के लिए तिथि 24 जुलाई, 2014 निर्धारित की गई है । सभी पक्षकारों के उत्तर एवं प्रतिक्रियाओं तथा प्रत्युतर पर विचार करने और पक्षों को सुनने के बाद अधिकरण ने अगले सुनवाई के लिए 7 जनवरी, 2015 के पत्र द्वारा मुद्दे तय किए हैं । प्रारंभिक मुद्दों पर दिनांक 25 फरवरी, 26 फरवरी और 27 फरवरी, 2015 को तीन बार और सुनवाई की । आगे की कार्यवाही 30 मार्च, 2015 और उससे बाद तय थी । लेकिन दिनांक 26 मार्च, 2015 को कार्यालय परिसर में आग लगने के कारण कार्यालय और अदालत स्कंध को भारी नुकसान पहुंचने के कारण आगे की कार्यवाही नहीं की जा सकी । अधिकरण के क्षतिग्रस्त न्यायालय स्कंध की मरम्मत चल रही है जो संभवत: फरवरी, 2016 तक पूरी हो जाएगी । उसके बाद, प्राथमिकता के आधार पर कार्यवाही शुरू करने के उपाय किए जाएंगे ।

वित्तीय परिव्यय

(करोड़ रूपये में)

स्कीम कार्यक्रम का नाम	**2013-14 के लिए वास्तविक व्यय**	**ब. प्रा. 2014-15 गैर योजना**	**2014-15 के लिए वास्तविक व्यय**	**ब.प्रा. 2015-16 गैर योजना**	**सं. प्रा. 2015-16 गैर योजना**	**ब.प्रा. 2016-17 गैर योजना**
	20615	23000	19847	22000	24900	27900

6.5 वंसधारा जल विवाद अधिकरण

माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा रिट याचिका (सिविल) संख्या 443/2006 में दिए गए निर्देशों के अनुसरण में वंसधारा जल विवाद अधिकरण (वीडब्ल्यूडीटी) का गठन भारत सरकार द्वारा अंतर्राज्यीय नदी वंसधारा और संबंधित नदी घाटी के संदर्भ में जल विवाद का न्यायनिर्णयन करने के लिये 24 फरवरी, 2010 को किया गया था ।

कार्यालय स्थान के अभाव के कारण अधिकरण ने केन्द्रीय जल आयोग, सेवा भवन, सेक्टर - 1, आर. के. पुरम, नई दिल्ली स्थित कार्यालय में 09 सितम्बर, 2010 और 23 नवम्बर, 2010 को दो प्रारंभिक बैठकें की थी । इसी बीच एक सदस्य माननीय श्री जस्टिस निर्मल सिंह ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया और केन्द्र सरकार ने उनके स्थान पर 08.05.2012 को माननीय श्री जस्टिस गुलाम मोहम्मद, पूर्व न्यायाधीश, आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय को नियुक्त किया ।

डब्ल्यू पी (सिविल) सं. 2006 का 443, दिनांक 13.12.2013 में आई ए सं. 2013 का 8 में माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुसरण में जल संसाधन मंत्रालय ने दिनांक 14 मार्च, 2014 की अधिसूचना एसओ 778 (ई) के माध्यम से यह निर्णय लिया था कि उल्लिखित अधिकरण के गठन की प्रभावी तिथि 17 सितम्बर, 2012 होगी और तद्नुसार उल्लिखित अधिनियम की धारा 5 की उपधारा (2) के प्रावधानों के तहत रिपोर्ट के प्रस्तुत करने हेतु 3 वर्ष की अवधि और वंसधारा विवाद जल अधिकरण द्वारा निर्णय देने की शुरूआत 17 सितम्बर, 2012 से होगी।

माननीय अधिकरण ने दिनांक 17 दिसम्बर, 2013 को 2010 की आईए संख्या 1 में अपना आदेश दिया था जिसमें आंध्र प्रदेश सरकार को उनके प्रस्ताव के अनुसार आनुषंगिक कार्यों के साथ साइड वीयर का निर्माण करने की अनुमति दी गई थी और अन्य बातों के साथ-साथ वंसधारा नदी पर एक तीन सदस्यीय पर्यवेक्षण प्रवाह प्रबंधन एवं विनियमन समिति गठित करने का निर्देश दिया है । ओडिशा राज्य ने माननीय उच्चतम न्यायालय में उपर्युक्त आदेश के विरूद्ध एक विशेष अनुमति याचिका दायर की है और यह सुनवाई के लिए लम्बित है।

विवाद के मुद्दे पहले ही तय कर लिए गए हैं । अधिकरण ने ओडिशा राज्य के गवाहों के बयान भी रिकार्ड करने शुरू कर दिए हैं ।

अधिकरण ने प्रस्तावित कटारगड्डा साइड वीयर और प्रस्तावित नेराडी बैराज के भौतिक मॉडल की निगरानी के लिए 03.12.2014 से 05.12.2014 तक पुणे में सीडब्ल्यूपीआरएस कार्यालय का दौरा किया था और सीडब्ल्यूपीआरएस, पुणे में संबंधित अधिकारियों तथा पक्षकारों के साथ चर्चा भी की थी ।

सुनवाई के दौरान दोनों राज्यों द्वारा किए गए अनुरोध और अधिकरण के दिनांक 30.07.2015 के आदेशानुसार अधिकरण ने विवादों को पूरी तरह समझने के लिए दिनांक 10.09.2015 से 12.09.2015 तक विजयवाड़ा और दिनांक 06.10.2015 से 07.10.2015 तक कटक का दौरा किया ।

वर्तमान में अधिकरण ओड़िशा राज्य के गवाहों के बयान दर्ज कर रहा है और दो गवाहों से एक्जामीवेश-इन-चीफ तथा जिरह पूरी कर ली है और ओड़िशा राज्य के तीसरे गवाह की

इक्जामीनेशन-इन-चीफ रिकार्ड कर ली गई है तथा उससे आंशिक जिरह की गई है । ओड़िशा राज्य का प्रमाण जुटा पाने के बाद, आंध्र प्रदेश राज्य के गवाहों के बयान दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी । उसके बाद, अधिकरण में मुद्दों पर बहस शुरू की जाएगी ।

6.6 महादायी जल विवाद अधिकरण

1. गोवा, कर्णाटक और महाराष्ट्र राज्यों के बीच अंतर्राज्यीय नदी महादायी और उसकी नदी घाटी से संबंधित जल विवाद का न्यायनिर्णयन करने के लिये अन्तर्राज्यीय नदी विवाद अधिनियम 1956 की धारा 3 के तहत में 16 नवंबर, 2010 को भारत सरकार द्वारा महादायी जल विवाद अधिकरण (एमडब्ल्यूडीटी) का गठन किया गया था । अधिकरण में एक अध्यक्ष और दो सदस्य हैं।

अधिकरण के अध्यक्ष, भारत के उच्चतम न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश हैं और अन्य दो सदस्य उच्च न्यायालयों के पूर्व न्यायाधीश हैं। माननीय न्यायमूर्ति जे.एम. पंचाल, अधिकरण के अध्यक्ष ने भारत के उच्चतम न्यायालय के न्यायधीश पद से सेवानिवृत्त होने के बाद, दिनांक 1.11.2011 को अध्यक्ष पद का कार्यभार संभाला तथा पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय और आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय के माननीय न्यायमूर्ति विनय मित्तल और न्यायमूर्ति पी.एस. नारायण ने क्रमश: 16.11.2010 और 1.12.2010 को सदस्य के रूप में कार्यभार ग्रहण किया ।

2. सम्पदा निदेशालय ने दिनांक 27.12.2011 के पत्र द्वारा नई दिल्ली के जनपथ भवन की 5 वीं मंजिल पर अधिकरण के कार्यालय हेतु 4159 वर्ग फुट का स्थान आवंटित किया है। अधिकरण ने उक्त परिसर में कब्जा ले लिया है। सीपीडब्ल्यूडी ने जुलाई, 2013 में कार्यालय स्थल की साज-सजा पूरी की और स्टाफ के सभी सदस्यों ने अधिकरण को उपलब्ध कराए गए परिसर में स्थान ग्रहण किया। अधिकरण ने अपनी पहली बैठक दिनांक 21.08.2013 को जनपथ भवन, नई दिल्ली के 5वें तल, 'ए' विंग में कोर्ट हाल में की और आगे की बैठकें जनपथ भवन, जनपथ, नई दिल्ली के 5वें तल पर अपने स्वयं के हाल में कर रहा है।

3. उल्लेखनीय है कि उपायुक्त (बीएम), जल संसाधन मंत्रालय ने दिनांक 19.01.2015 के पत्र संख्या 19/04/2010 -एमबी /97-100 के जरिए, भारत सरकार द्वारा जारी 13 नवम्बर, 2014 की अधिसूचना अग्रेषित की है जिसमें अन्य बातों के साथ-साथ यह उल्लेख है :-

''इसलिए, उपर्युक्त समान मामलों में माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा दिए गए निर्णय को देखते हुए अब केन्द्र सरकार ने निर्णय लिया है कि उक्त अधिकरण के गठन की प्रभावी तारीख 21 अगस्त, 2013 होगी------।''

4. यह उल्लेख है कि 21 अगस्त, 2013 से अब तक कई बार अधिकरण द्वारा सुनवाई की गयी जिनमें तीनों प्रत्याक्षी राज्यों ने अपने विख्यात वकीलों के जरिए अपना-अपना पक्ष अधिकरण के समक्ष रखा है। अधिकरण ने प्रत्याक्षी राज्यों द्वारा प्रस्तुत कई आवेदनों को निस्तारित किया है। संबंधित राज्यों ने मामले के अपने बयान और मामले के संशोधित बयान ही

प्रस्तुत किए हैं जिन्हें अधिकरण ने रिकार्ड में ले लिया है। अधिकरण के दिनांक 17.07.2015 के आदेश के अनुपालन में पक्षकारों ने अपने दस्तावेजों को चिनिहत करते हुए प्रदर्शित किया है जिन्हें दिनांक 23.02.2016 को माननीय अधिकरण के समक्ष रखा जायेगा।

5. यह जाहिर है कि तीनों राज्यों ने दस्तावेजों समेत लम्बी और भारी भरकम दलीलें प्रस्तुत की हैं। तीनों राज्यों के वकीलों द्वारा अब तक प्रस्तुत दस्तावेजों के खण्डों की संख्या 175 तक पहुंच गयी है। मूल दलीलों और संशोधित दलीलों के आधार पर तथा तीनों राज्यों द्वारा दिए गए सुझावानुसार अधिकरण ने निर्णय के लिए 70 मुद्दे तय किए हैं। अधिकरण के समक्ष अपना पक्ष प्रमाणित करने के लिए गोवा राज्य ने 11 गवाहों से पूछताछ का प्रस्ताव रखा है जबकि कर्णाटक राज्य ने 5 गवाहों और महाराष्ट्र ने अधिकरण के समक्ष मामले को प्रस्तुत करने के लिए एक गवाह से पूछताछ का प्रस्ताव रखा है।

6. वित्तीय वर्ष 2014-15 का वास्तविक वित्तीय व्यय, वर्ष 2015-16 का बजट प्राक्कलन, दिसम्बर, 2015 तक वास्तविक व्यय, 1.1.2016 से 31.03.2016 तक अनुमानित व्यय, 01.04.2015 से 31.03.2016 तक कुल अनुमानित व्यय और वित्तीय वर्ष 2016-17 के लिए मांगा गया बजट इस प्रकार है:

संशोधित चार्ट

(आंकडे हजार रूपये में)

क्र.सं.	विवरण	वास्तविक 2014-15	ब.प्रा. 2015-16	वास्तविक 2015-16 (दिसम्बर, 2015 तक)	1.1.2016 से 31.3.2016 तक अनुमानित व्यय	1.4.2015 से 31.3.2016 तक अनुमानित कुल व्यय	बजट मांग 2016-17
1.	वेतन	18872	18710	15920	4200	20120	25879
2.	पारिश्रमिक	0	0	0	0	0	0
3	चिकित्सा उपचार	48	150	2	0	2	150
4.	समयोपरि भत्ता	0	10	0	0	0	10
5.	घरेलू यात्रा व्यय	0	700	33	0	33	700
6.	विदेश यात्रा व्यय	0	0	0	0		0
7.	कार्यालय का व्यय	3865+ *353	#5000	1889+274 @	950+108%	3221	5000
8.	प्रकाशन	83	200	84	50	134	200
9.	अन्य प्रशासनिक खर्च	7	30	18	4	22	30

10	अन्य संविदात्मक सेवायें	2922	3200	2807	1093	3900	4160
	कुल योग	**26150**	**28000**	**21027**	**6405**	**27432**	**36129**

मंत्रालय के दिनांक 8 अप्रैल, 2015 के पत्र संख्या 2/23/2014-बीएम/596-600 के अनुसरण में एमडब्ल्यूडीटी ने अपने दिनांक 10 अप्रैल, 2015 के पत्र फाइल सं. 9/एमडब्ल्यूडीटी/2015-16/बजट द्वारा कृष्णा जल विवाद अधिकरण के नवीकरण हेतु 5 लाख रूपए वापिस कर दिए थे क्योंकि आग लगने के कारण अधिकरण क्षतिग्रस्त हो गया था।

* अनुरक्षण सेवा के लिए वह सीपीडब्ल्यूडी हेतु बुक।

@ सीपीडब्ल्यूडी हेतु बुक 382 हजार रूपए के व्यय में से दिसम्बर, 2015 तक खर्च।

% सीपीडब्ल्यूडी हेतु बुक 382 हजार रूपए के व्यय में से शेष व्यय बुक किया जाना।

6.7 गोदावरी और कृष्णा नदी प्रबंधन बोर्ड:-

1. दिनांक 1 मार्च, 2014 को अधिसूचित आंध्र प्रदेश पुनर्गठन अधिनियम, 2014 (2014 का 6) की धारा 85(1) यह आदेश देती है कि केन्द्र सरकार ऐसी परियोजनाओं, जो कि समय-समय पर केन्द्र सरकार द्वारा अधिसूचित की जा सकती हैं, के प्रशासन विनियमन, अनुरक्षण और परिचालन के लिए गोदावरी नदी बोर्ड और कृष्णा नदी बोर्ड नामक दो अलग बोर्डों का गठन करेगी। इसके अनुसरण में केन्द्र सरकार ने 28 मई, 2014 को क्रमश: अधिसूचना सं. एस ओ-1403(ई) और एसओ-1391(ई) के माध्यम से गोदावरी नदी बोर्ड और कृष्णा नदी बोर्ड का गठन किया। दोनों बोर्ड के मुख्यालय हैदराबाद में स्थित हैं ।

2. प्रत्येक बोर्ड के कार्यों में निम्नलिखित शामिल होंगे:

(क) उत्तरवर्ती राज्यों को परियोजना से जलापूर्ति का विनियमन निम्नलिखित से संबंधित हैं:

(i) अंतर्राज्यीय जल विवाद अधिनियम,1956 के तहत गठित अधिकरणों द्वारा दिया गया पंचाट;

(ii) आंध्र प्रदेश राज्य की मौजूदा सरकार और अन्य कोई राज्य अथवा संघ राज्य क्षेत्र को शामिल करते हुए किया गया कोई समझौता अथवा व्यवस्था;

(ख) आंध्र प्रदेश राज्य की मौजूदा सरकार और अन्य कोई राज्य अथवा संघ राज्य क्षेत्र को शामिल करते हुए किया गया कोई समझौता अथवा व्यवस्था से संबंधित विद्युत वितरण के प्रभारी प्राधिकरण को सृजित विद्युत आपूर्ति का विनियमन;

(ग) उत्तरवर्ती राज्यों, जैसा कि केन्द्र सरकार सरकारी राजपत्र में अधिसूचना द्वारा उल्लेख कर सकती है, के माध्यम से नदियों अथवा उनकी सहायक नदियों से संबंधित जल संसाधन परियोजनाओं के विकास से जुड़े शेष चालू अथवा नए कार्यों का निर्माण;

(घ) गोदावरी अथवा कृष्णा नदियों पर नई परियोजनाओं के निर्माण हेतु किसी परियोजना का मूल्यांकन यह सुनिश्चित करने के पश्चात करना कि ऐसी परियोजनाएं पहले ही पूरी कर ली गई परियोजनाओं अथवा निर्धारित तिथि से पहले शुरू किए गए परियोजनाओं के लिए अंतर्राज्यीय नदी जल विवाद अधिकरण 1956 के तहत गठित अधिकरणों के निर्णयों के अनुसार जल की उपलब्धता पर नकारात्मक प्रभाव नहीं डालेगी; और

(ड.) ऐसे अन्य कार्य जैसा कि ग्यारहवीं अनुसूची में विनिर्दिष्ट सिद्धांतों के आधार पर केन्द्र सरकार सौंपती है।

3. उत्तरवर्ती राज्यों की सरकारें बोर्ड के कार्यों को करने हेतु अपेक्षित सभी व्ययों (कर्मचारियों के वेतन और भत्ते सहित) को पूरा करने के लिए बोर्ड को आवश्यक निधि हमेशा उपलब्ध करायेंगी और यह राशि संबंधित राज्यों के बीच इस अनुपात में बांटा जायेगा जैसा कि केन्द्र सरकार उल्लिखित राज्यों को लाभ पहुंचाने के अनुपात में विनिर्दिष्ट करती है ।

4. दिनांक 3 अप्रैल, 2014 को आयोजित मंत्रिमंडल की बैठक में गोदावरी और कृष्णा नदी बोर्ड के गठन हेतु प्रस्ताव का अनुमोदन करते समय मंत्रिमंडल ने प्रतयेक बोर्ड के लिए एक करोड़ रूपए का प्रारम्भिक योगदान का भी अनुमोदन किया था, जिसे बाद में पक्षकार राज्यों से योगदान प्राप्त होने के पश्चात बोर्डों द्वारा केन्द्र सरकार को लौटा दिया जायेगा। दिसम्बर, 2014 में प्रत्येक बोर्ड को एक करोड़ रूपये का प्रारंभिक अंशदान जारी किया गया है ।

स्वायत्त निकाय (सोसाइटियां) :-

6.8 राष्ट्रीय जल विकास अभिकरण

जल संसाधन मंत्रालय (एमओडब्ल्यूआर) और केंद्रीय जल आयोग (सीडब्ल्यूसी) ने 1980 में जल संसाधन विकास के लिए एक राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य योजना (एनपीपी) तैयार की जिसमें देश में जल की अधिकता वाले क्षेत्रों से जल की कमी वाले क्षेत्रों में जल के अंतर बेसिन अंतरण की योजना है जिसमें दो घटक अर्थात हिमालयी नदी विकास घटक और प्रायद्वीपीय नदी विकास घटक शामिल हैं। राष्ट्रीय जल विकास अभिकरण (एनडब्ल्यूडीए) जो कि सिंचाई मंत्रालय (अब जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण मंत्रालय) के अंतर्गत एक पंजीकृत सोसाइटी है, की स्थापना जल संसाधन विकास हेतु राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य के प्रायद्वीपीय घटक के संबंध में व्यापक अध्ययन, सर्वेक्षण और अन्वेषण के लिए 1982 में की गई थी। एनडब्ल्यूडीए के कार्य दिनांक 26.08.1981 की राजपत्र अधिसूचना संख्या1(7)/80-पीपी के पैरा-4 के तहत प्रकाशित किए गए थे। तत्पश्चात सरकार ने जल संसाधन विकास हेतु राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य के हिमालयी घटक को शामिल करने के लिए 11 मार्च, 1994 के संकल्प संख्या 22/27/92-बीएम, दिनांक 26.08.1981 के संकल्प संख्या 1(7)/80-पीपी के पैरा 3 व 5 में उल्लिखित सोसाइटी व शासी निकाय के गठन के लिए 13 फरवरी, 2003 और 12 मार्च, 2004 के संकल्प संख्या 2/9/2002-बीएम द्वारा

संशोधन किया तथा राज्यों की सहमति के बाद जल संसाधन विकास हेतु राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य योजना (एनपीपी) के अंतर्गत नदी संपर्क प्रस्तावों की डीपीआर तैयार करने के कार्य को शामिल करने के लिए दिनांक 30.11.2006 की अधिसूचना संख्या 2/18/2005-बीएम द्वारा एनडब्ल्यूडीए के कार्यों में संशोधन किया।

यह निर्णय लिया गया है कि एनडबल्यूडीए अंत: राज्यीय संपर्कों की डीपीआर भी तैयार कर सकता है तथा बढ़ाए गए कार्यों की अधिसूचना "भारत के राजपत्र में दिनांक 11 जून, 2011" को प्रकाशित की जा चुकी है।

राष्ट्रीय जल विकास अभिकरण द्वारा उपर्युक्त कार्यों को करने के लिए उनके कार्यों में निम्न संशोधन किए गए हैं :-

क) प्रायद्वीपीय नदी विकास और हिमालयी नदी विकास घटकों के प्रस्ताव की व्यवहार्यता स्थापित करने के लिए संभावित जलाशय स्थलों के विस्तृत सर्वेक्षण और अन्वेषण कार्य करना और संपर्कों को आपस में जोड़ना जो तत्कालीन सिंचाई मंत्रालय (अब जल संसाधन मंत्रालय) और केंद्रीय जल आयोग द्वारा तैयार की गई जल संसाधन विकास संबंधी राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य योजना के हिस्सा हैं।

ख) विभिन्न प्रायद्वीपीय नदी प्रणालियों और हिमालयी नदी प्रणालियों और जिन्हें भविष्य में बेसिन राज्यों की वास्तविक आवश्यकताएं पूरी करने के पश्चात अन्य बेसिनों/राज्यों को हस्तांतरित किया जा सकता हो, में जल की मात्रा के बारे में विस्तृत अध्ययन करना।

ग) प्रायद्वीपीय नदी विकास और हिमालयी नदी विकास से संबंधित स्कीमों के विभिन्न घटकों की व्यवहार्यता रिपोर्टें तैयार करना।

घ) संबंधित राज्यों की सहमति के पश्चात जल संसाधन विकास संबंधी राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य योजना के अंतर्गत नदी संपर्क प्रस्तावों की विस्तृत परियोजना रिपोर्टें तैयार करना।

ड.) राज्यों द्वारा प्रस्ताव किए जा सकने वाले अंत: राज्य संपर्कों की व्यवहार्यतापूर्व/व्यवहार्यता रिपोर्टें तैयार करना। व्यवहार्यता-पूर्व रिपोर्टें/डीपीआर प्रारंभ करने से पहले इन प्रस्तावों के लिए संबंधित सह बेसिन राज्यों की सहमति प्राप्त की जा सकती है।

च) ऐसी सभी अन्य कार्रवाइयां करना जो उपरोक्त उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए यह सोसाइटी आवश्यक, प्रासंगिक, अनुपूरक अथवा अनुकूल समझती है।

माननीय जल संसाधन मंत्री राष्ट्रीय जल विकास अभिकरण सोसाइटी के अध्यक्ष हैं जो कि एन. डब्ल्यू डी ए. का शीर्षस्थ निकाय है । अभिकरण के कार्यक्रम और प्रगति की समीक्षा करने के लिए सोसाइटी की वार्षिक आम बैठक वर्ष में एक बार आयोजित की जाती है। सचिव (जल संसाधन) की अध्यक्षता में एनडब्ल्यूडीए का शासी निकाय प्रत्येक छ: महीने में कार्यक्रम और कार्यों की प्रगति की समीक्षा करता है। अध्यक्ष, केंद्रीय जल आयोग की अध्यक्षता में अभिकरण की तकनीकी सलाहकार समिति (टीएसी) अभिकरण द्वारा तैयार किए गए विभिन्न तकनीकी प्रस्तावों की जांच करती है। सभी संबंधित राज्यों का इन समितियों में प्रतिनिधित्व है।

भारत के माननीय उच्चतम न्यायालय के निर्देशानुसार, 23 सितम्बर, 2014 की राजपत्र अधिसूचना द्वारा नदियों को परस्पर जोड़ने की विशेष समिति बनाई गयी है। इस समिति की दिनांक 17.10.2014, 6.01.2015, 19.03.2015, 14.05.2015, 13.07.2015, 15.09.2015 तथा 18.11.2015 को नई दिल्ली में 7 बैठकें हो चुकी हैं। नदियों को परस्पर जोड़ने की विशेष समिति ने चार विशिष्ट उपसमितियां, (i) विभिन्न अध्ययनों /रिपोर्टों के व्यापक मूल्यांकन हेतु उपसमिति ; (ii) सबसे उपयुक्त वैकल्पिक योजना का पता लगाने के लिए प्रणाली अध्ययनों हेतु उपसमिति; (iii) संबंधित राज्यों के बीच बातचीत द्वारा सहमति बनाने और समझौता करने हेतु उपसमिति और (iv) राष्ट्रीय जल विकास अभिकरण के पुनर्गठन हेतु उपसमिति, गठित की हैं। क्र.सं. (iii) पर उल्लिखित सहमति बनाने की उपसमिति सीडब्ल्यूसी के अध्यक्ष के नियंत्रणाधीन सहमति समूह के रूप में पहले से कार्य कर रही है। जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण मंत्रालय ने दिनांक 13.02.2015 के कार्यालय ज्ञापन द्वारा अन्य तीन उपसमितियां गठित कर ली हैं।

विभिन्न अध्ययनों के आधार पर एनडब्ल्यूडीए ने व्यवहार्यता रिपोर्ट (एफआर) तैयार करने के लिए 30 संपर्कों (प्रायद्वीपीय घटक के अंतर्गत 16 और हिमालयी घटक के अंतर्गत 14) की पहचान की है। इनमें से प्रायद्वीपीय घटक के अंतर्गत 14 संपर्कों एवं हिमालयी घटक के अंतर्गत 2 संपर्कों (भारतीय भाग) की व्यवहार्यता रिपोर्ट (पीएफआरएस) पूरी हो चुकी हैं । इसके अतिरिक्त हिमालयी घटक के अंतर्गत अन्य 7 संपर्कों के संबंध में सर्वेक्षण एवं अन्वेषण (भारतीय भाग) पूरे कर लिए गए है और प्रारूप एफआर तैयार की गयीं । मार्च, 2015 तक राज्यों द्वारा प्रस्तावित 35 अंत:राज्यीय संपर्कों की भी व्यवहार्यता पूर्व रिपोर्टें (पीएफआरएस) पूरी कर ली गई हैं और वर्ष 2015-16 के दौरान एक संपर्क की साध्यतापूर्व रिपोर्टें जारी रही ।

एनडब्ल्यूडीए द्वारा 2015-16 के दौरान (दिसम्बर, 2015 तक) नदियों को आपस में जोड़ने संबंधी कार्यक्रम पर 39.78 करोड़ रूपये का व्यय किया गया था। वर्ष के दौरान एनडब्ल्यूडीए द्वारा विभिन्न अध्ययन जारी रखे गए। इसके अतिरिक्त, केन-बेतवा संपर्क चरण-I की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) पूरी करके मई, 2010 में संबंधित राज्यों को भेज दी गई है। केन-बेतवा संपर्क चरण-I की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) सीडब्ल्यूसी में मूल्यांकनाधीन है। केन-बेतवा संपर्क चरण-।। तथा दमनगंगा-पिंजाल की डीपीआर तैयार करने का कार्य 2013-14 के दौरान पूरी हो गया था।। केन-बेतवा सम्पर्क चरण -II और दमनगंगा पिंजाला की डीपीआर तैयार करने का कार्य पूरा हो गया है। बिहार के 2 अंत: राज्यीय संपर्कों की डीपीआर तैयार करने का कार्य भी 2013-14 में पूरा हुआ । विस्तृत परियोजना रिपोर्टों, एक महाराष्ट्र की और एक तमिलनाडु की, का कार्य भी शुरू किया गया है और 2015-16 के दौरान जारी रहा । झारखंड और ओड़िशा के दो और अंत:र्राज्यीय सम्पर्कों की डीपीआर तैयार करने का भी कार्य वर्ष 2014-15 में शुरू किया गया जो वर्ष 2015-16 में जारी रहा।

पार-तापी-नर्मदा की डीपीआर अगस्त, 2015 में पूरी हुई और पोन्नियार -पलार सम्पर्क की डीपीआर 2015-16 में पूरी की जानी है तथा अन्य कार्य प्रगति पर रहे। केन-बेतवा सम्पर्क चरण-I की डीपीआर के बाद के कार्य उन्नत चरण में हैं।

वर्ष 2016-17 के दौरान एनडब्ल्यूडीए के लिए 73.50 करोड़ रूपये का परिव्यय प्रस्तावित किया गया है। एनडब्ल्यूडीए सर्वेक्षण एवं जांच कार्य जारी रखेगा और हिमालयी घटक (भारतीय भाग) में तीन संपर्कों का सर्वेक्षण एवं जांच कार्य पूर्ण करने की योजना है। केन-बेतवा सम्पर्क परियोजना चरण-I, केन-बेतवा सम्पर्क परियोजना चरण-II और दमन-गंगा पिंजाल सम्पर्क परियोजना और पार-तापी-नर्मदा सम्पर्क की डीपीआर तैयार करने के संबंध में पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय से आवश्यक स्वीकृति प्राप्त करने का कार्य, सीडब्ल्यूसी/राज्य सरकार/अन्य केन्द्रीय अभिकरणों के साथ बैठक आयोजित करने आदि से संबंधित कार्य वर्ष 2016-17 के दौरान किया जायेगा। दो अंत:राज्यीय सम्पर्कों की डीपीआर भी वर्ष 2016-17 में पूरी की जायेगी।

वित्तीय परिव्यय

(रूपए करोड़ में)

स्कीम/गतिविधि का नाम	**XII वीं योजना परिव्यय**	**वास्तविक व्यय 2014-15**	**वास्तविक व्यय 2015-16**	**बजट अनुमान 2016-17**
जल संसाधन विकास स्कीमों की जांच-नदी सम्पर्क प्रस्तावों की जांच	280.00	62.01	39.78*	73.50 (प्रस्तावित)

*दिसम्बर, 2015 तक

6.9 राष्ट्रीय जल विज्ञान संस्थान (एनआईएच) :

राष्ट्रीय जल विज्ञान संस्थान, जल संसाधन मंत्रालय के तहत भारत सरकार की एक संस्था है जिसकी स्थापना दिसम्बर, 1979 में रूड़की में हुई थी। यह संस्थान जल विज्ञान और जल संसाधन विकास के क्षेत्र में मूल, अनुप्रयुक्त और नीतिगत अनुसंधान संबंधी कार्य कर रहा है।

***उद्देश्य**

जल संसाधन मंत्री एनआईएच सोसाइटी के अध्यक्ष हैं और जल संसाधन राज्य मंत्री उपाध्यक्ष हैं। राज्यों में सिंचाई/जल संसाधन के प्रभारी मंत्री भारत सरकार के मंत्रालयों के सचिव, और जल विज्ञान तथा जल संसाधन संबंधी श्रेष्ठ विशेषज्ञ सोसाइटी के सदस्य हैं। सचिव (जल संसाधन) शासी निकाय के अध्यक्ष हैं। तकनीकी सलाहकार समिति (टीएसी) द्वारा संस्थान के अनुसंधान तथा अन्य तकनीकी कार्यकलापों की निगरानी तथा मार्गदर्शन किया जाता है। संस्थान के निदेशक सोसाइटी के प्रधान कार्यकारी अधिकारी होते हैं।

यह संस्थान जल विज्ञान के विशेषीकृत क्षेत्रों में प्रौद्योगिकी, का अंतरण मानव संसाधन विकास और सांस्थानिक विकास के लिए उत्कृष्टता केंद्र के रूप में कार्य करता है और संबंधित राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के साथ मिलकर प्रयोक्ता-अनुकूल, मांग के अनुरूप अनुसंधान

करता है। राष्ट्रीय जल विज्ञान, राष्ट्रीय जल मिशन के प्रभावी-कार्यान्वयन के लिए मंत्रालय के नोडल केंद्र के तौर पर कार्य करता है।

अध्ययन एवं अनुसंधान : संस्थान में अध्ययन और अनुसंधान, पांच वैज्ञानिक विषयों के तहत मुख्यालयों, दो बाढ़ प्रबंधन अध्ययन केंद्र और चार क्षेत्रीय केंद्रों में किए जाते हैं। संस्थान में एक अनुसंधान समन्वय एवं प्रबंधन इकाई है जो विभिन्न अनुसंधान और शिक्षण संस्थाओं के बीच समन्वय स्थापित करती है। संस्थान में जल विज्ञान में परमाणु अनुप्रयोग, जल गुणवत्ता, मृदा जल, दूर संवेदी एवं जीआईएस अनुप्रयोग, जल विज्ञानीय उपकरण और भूमि जल मॉडलिंग के क्षेत्र में आधुनिकतम प्रयोगशाला सुविधाएं हैं।

तकनीकी प्रकाशन एवं प्रौद्योगिकी अंतरण : संस्थान के अनुसंधान का परिणाम, रिपोर्टों, वैज्ञानिक पर्चों, मार्ग निर्देशों, नियमावली आदि के तौर पर प्रकाशित होते हैं। लक्षित प्रयोक्ताओं को विकसित प्रौद्योगिकी और तकनीकों के अंतरण के लिए संस्थान, कार्यशालाएं, प्रशिक्षण कोर्स, सेमिनार, संगोष्ठी, सम्मेलन और गहन विचार विमर्श सत्र आयोजित करता है।

वर्ष 2015-16 के दौरान निष्पादन एवं वर्ष 2016-17 के लिए लक्ष्य इस प्रकार हैं :-

क्रम सं.	**मद का विवरण**	**वर्ष 2015-16 के लिए वास्तविक लक्ष्य**	**वर्ष 2015-16 के दौरान उपलब्धियां ***	**वर्ष 2016-17 के लिए लक्ष्य**
1.	तकनीकी रिपोर्टों को तैयार करना/पूर्ण हो चुके अध्ययन	50	15	50
2.	शोध पत्रों का प्रकाशन	148	96	150
3.	मार्गदर्शिकाओं/मैनुअलों को तैयार करना	2	0	2
4	कार्यशालाओं/सेमिनारों/सम्मेलनों का आयोजन	25	14	25
5.	कार्मिकों का प्रशिक्षण	40	30	40

*दिसम्बर, 2015 तक

सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम

6.10 जल तथा विद्युत परामर्शी सेवाएं (भारत) लिमिटेड (वाप्कोस):

प्रस्तावना :

जल तथा विद्युत परामर्शी सेवाएं (भारत) लिमिटेड केंद्रीय जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण मंत्रालय के संरक्षण में "मिनी रत्न-1" सार्वजनिक उपक्रम है। कंपनी अधिनियम, 1956

के अंतर्गत 26 जून 1969 को निगमित वाप्कोस, जल संसाधन, विद्युत तथा अवसंरचना क्षेत्र के प्रत्येक पहलू में भारत तथा विदेशों में परामर्शी सेवाएं उपलब्ध करा रहा है। वाप्कोस की गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली, जल संसाधन, विद्युत एवं अवसंरचना विकास परियोजनाओं में परामर्शी सेवाओं के लिए आईएसओ 9001:2000 के गुणवत्ता आश्वासन आवश्यकताओं के अनुसार है। कम्पनी का ध्येय ''भारत और विदेशों में समग्र परियोजना समाधानों हेतु जल, विद्युत और अवसरंचना विकास में एक ब्रांड के तौर पर मान्यता प्राप्त अग्रणी परामर्शी संगठन बनना है।''

विजन

भारत तथा भारत से बाहर समग्र परियोजना समाधान हेतु जल विद्युत और संरचना विकास में ब्रांड के रूप में जाने गए अग्रणी परामर्शी संगठन हो।

मिशन

सोसाइटी की वैश्विक अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए स्थायी लाभ प्रद वृद्धि, उत्कृष्ट निष्पादन, आधुनिकतम तकनीकी विशेषज्ञों का उपयोग, नवीनता और क्षमता निर्माण है ।

उद्देश्य

- परियोजनाओं की इष्टतम आयोजना तथा विकास के लिए वैज्ञानिक, तकनीकी और प्रबंधकीय गुणवत्ता की सेवाओं का एकीकृत पैकेज प्रस्तुत करने हेतु एक प्रमुख अभिकरण की भूमिका निभाना।
- गुणवत्ता तथा परिशुद्धता का निर्माण करने हेतु आधुनिक प्रौद्योगिकी तथा प्रणालियों को अपनाकर उपभोक्ता की अत्यधिक संतुष्टि सुनिश्चित करना ।
- घरेलू तथा विदेशी व्यापार के विकास की गति को बनाए रखना तथा जानकारी को अन्य विकासशील देशों में अंतरित करना ।
- जल संसाधनों, विद्युत तथा अवसंरचना परियोजनाओं के लागत-प्रभावी तथा एकीकृत विकास हेतु पर्यावरणीय अध्ययनों तथा परियोजना प्रबंधन सेवाओं को शामिल करते हुए सर्वेक्षणों, अन्वेषणों, डिजाइनों, लागत अनुमानों, परियोजना आयोजना में अंतर्राज्यीय मानकों को अपनाना।
- अन्य राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय अभिकरणों के साथ विचार-विमर्श के माध्यम से सक्रिय रूप से अनुसंधान एवं विकास को बढ़ावा देना ।
- संबद्ध क्षेत्र में विविधता के माध्यम से परामर्शी क्षेत्र में उत्कर्षता बनाए रखना ।
- सुधारीकृत उत्पादकता के माध्यम से अपने प्रचालन के परिणामस्वरूप उद्यम के उचित लाभ को सुनिश्चित करना ।
- अभिनव डिजाइन विकल्पों के लिए नवीनतम परामर्शओं के उपयोग में सक्रिय भूमिका निभाना।
- उपलब्ध सर्वश्रेष्ठ योग्यता को आकर्षित करना तथा दृढ़ संकल्प एवं निष्ठ कार्यबल को

प्रोत्साहित करना ।

- ग्राहक संतुष्टि की पूर्ण रूप से प्राप्ति के लिए प्रयास करते रहना ।
- वाप्कोस को ब्रैंड नाम के रूप में प्रचारित करना ।

विशेषज्ञता के क्षेत्र

कंपनी की विशेषज्ञता के मुख्य क्षेत्रों में सिंचाई एवं जल निकासी, बाढ़ नियंत्रण और भूमि पुनरूद्धार, नदी प्रबंधन बांधों जलाशय इंजीनियरिंग और बैराज एकीकृत कृषि विकास वाटर शेड प्रबंधन, जल विद्युत और ताप विद्युत का उत्पादन, विद्युत पारेषण और वितरण, ग्रामीण विद्युतीकरण, भूजल अन्वेषण, लघु सिंचाई, जल आपूर्ति और स्वच्छता, ग्रामीण और शहरी पर्यावरणीय प्रभाव आकलन और पर्यावरणीय लेखा परीक्षा सहित पर्यावरणीय इंजीनियरिंग, पत्तन और बंदरगाह तथा अन्तर-देशीय जलमार्ग, वर्षा जल संचयन, घाट विकास, सर्वेक्षण एवं अन्वेषण मानव संसाधन प्रबंधन, प्रणाली अध्ययन और सूचना तकनीक शामिल है । वाप्कोस ने साफ्टवेयर विकास, शहरी विकास योजना, वित्तीय प्रबंधन प्रणाली, तकनीकी शिक्षा, गुणवत्ता नियंत्रण और निर्माण देख-रेख, सड़क एवं पुल जैसे कुछ नए क्षेत्रों में कार्य शुरू किया है । भारत तथा भारत से बाहर विकासात्मक परियोजनाओं के लिए सेवाएं शुरू करने हेतु अवधारणा उपलब्ध कराने के लिए कम्पनी ने अपने संगमज्ञापन में संशोधन किया है।

परामर्शी सेवाओं की सीमा

वाप्कोस द्वारा प्रदत्त सेवाओं के तहत व्यापक कार्यकलाप अर्थात व्यवहार्यता-पूर्व अध्ययन, व्यवहार्यता अध्ययन, अनुरूपण अध्ययन, नैदानिक अध्ययन, सामाजिक-आर्थिक अध्ययन, मास्टर योजनाएं और क्षेत्रीय विकास योजनाएं, क्षेत्र अन्वेषण, अभिकल्पों सहित विस्तृत अभियांत्रिकी, विस्तृत विनिर्देश, निविदा प्रक्रिया, अनुबंध और निर्माण प्रबंधन, प्रारंभ और जांच, प्रचालन एवं अनुरक्षण, गुणवत्ता आश्वासन व प्रबंधन, सॉफ्टवेयर विकास और मानव संसाधन विकास शामिल हैं ।

वाप्कोस के यूएसपी में भारतव विदेशों में सिंचाई, जल संसाधन एवं कृषि संबंधी 300 से ज्यादा परियोजनाओं जिनसे 12 मिलियन हेक्टेयर से अधिक सिंचाई क्षमता का विकास होगा; का सर्वेक्षण एवं अन्वेषण/साध्यतापूर्व रिपोर्ट/डीपीआर; पोत पत्तन एवं अंतर्देशीय नौचालन की 180 परियोजनाएं; जलापूर्ति एवं स्वच्छता, ग्रामीण एवं शहरी विकास, सड़क एवं राजमार्ग अभियांत्रिकी की 250 से अधिक परियोजनाएं; सिंचाई/हाइड्रो/ताप विद्युत, पोत पत्तन एवं बंदरगाह के क्षेत्र में 250 परियोजनाओं का इर्आईए शामिल है । इसी प्रकार, जल विद्युत क्षेत्र में वाप्कोस ने 19 देशों में लगभग 51 जल विद्युत परियोजनाएं पूरी की है जिनकी संस्थापित क्षमता 20,500 मेगावाट से अधिक है; भारत में 47 जल विद्युत परियोजनाएं पूरी की हैं जिनकी संस्थापित क्षमता 9000 मेगावाट है; ताप विद्युत में कंपनी ने विदेशों में 10 परियोजनाएं सफलतापूर्वक पूरी की हैं जिनकी संस्थापित क्षमता 2900 मेगावाट से अधिक है तथा भारत में 9 परियोजनाएं पूरी की है जिनकी संस्थापित क्षमता 12000 मेगावाट से अधिक है। संचार और संवितरण में वाप्कोस ने

भारत तथा विदेशों में 25 से अधिक परियोजनाएं पूरी की हैं ।

अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के साथ पंजीकरण:

वाप्कोस, वित्तपोषित परियोजनाओं में सहभागिता के लिए विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय वित्त पोषण अभिकरणों जैसे विश्व बैंक, एशियायी विकास बैंक, अफ्रीकन विकास बैंक, जापान बैंक फॉर इंटरनेशनल कॉर्पोरेशन (जेवीआईसी) और संयुक्त राष्ट्र परियोजना सेवा कार्यालय (यूएनओपीएस) के साथ पंजीकृत है ।

विदेशों में प्रचालन

भारत के अतिरिक्त वाप्कोस ने विदेशों में सफलतापूर्वक परामर्शी सेवाएं पूरी की हैं/कर रहा है और इस समय निम्नलिखित देशों में परामर्शी सेवाएं दे रहा है:

अंगोला, अफगानिस्तान, बंग्लादेश, बेनिन, भूटान, बुरकिनाफासो, बरूंडी, कम्बोडिया, केन्द्रीय अफ्रीकी गणराज्य, चैड, डीआर कांगो, इथोपिया, फीजी, घाना, गिनि कोनाकरी, कीनिया, लाओ पीडीआर, लेसोथो, लिबेरिया, मालदीव, मलावी, माली, मंगोलिया, मोजाम्बिक, म्यांमार, नेपाल, नाइजर, नाइजीरिया, फिलिपींस, रवांडा, सेनेगल, दक्षिणी सुडान, श्रीलंका, स्वाजीलैंड, सियरा लिओन, तंजानिया, टोगो, युगांडा, यमन और जिम्बाब्वे ।

लाभांश

वर्ष 2014-15 कम्पनी के उत्कृष्ट निष्पादन को देखते हुए जिसमें लाभांश 16.50 करोड़ रूपए रहा, जो कि कम्पनी के इतिहास में अब तक का सर्वाधिक लाभांश है और प्रदत्त पूंजी 25.00 करोड़ रूपए का 66% है, का सितम्बर, 2015 में भुगतान किया गया।

6.11 राष्ट्रीय परियोजना निर्माण निगम लिमिटेड (एनपीसीसी लि.):

प्रस्तावना : राष्ट्रीय परियोजना निर्माण निगम लिमिटेड (एनपीसीसी लि.) की स्थापना सिंचाई तथा जल संसाधन, विद्युत और भारी उद्योगों के प्रमुख क्षेत्रों में देश के आर्थिक विकास के लिए आवश्यक अवसंरचना के निर्माण के लिए एक अग्रणी निर्माण कंपनी के रूप में वर्ष 1957 में की गई थी । इसका प्रशासनिक नियंत्रण वर्ष 1989 में सिंचाई एवं विद्युत मंत्रालय से जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण मंत्रालय को स्थानांतरित कर दिया गया था । वर्तमान में कोलकाता, भुवनेश्वर, गुवाहाटी, सिल्चर, शिलांग, इटानगर, रायपुर, मुंबई, जम्मू तथा कश्मीर, बंगलोर, पटना, रांची, लखनऊ, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र गुड़गांव और देहरादून में स्थित 15 क्षेत्रीय कार्यालयों और 105 प्रचालन इकाइयों के साथ संपूर्ण भारत में एनपीसीसी की उपस्थिति है। एनपीसीसी लि. सिविल कार्यों के निष्पादन के लिए आईएसओ 9001-2008 की गुणवत्ता प्रबंधन आवश्यकताओं की अनुपालना करता है । निगम को आईसीआरए द्वारा ए+ कंपनी की श्रेणी में भी रखा गया है । इस समय कंपनी की कुल जनशक्ति दिनांक 31.01. 2016 को 1045 है ।

विजन: "विश्वस्तरीय अभियांत्रिकी परियोजना कार्यान्वयन संगठन बनना । "

मिशन: "हमारे ग्राहकों के साथ वार्ता के सभी बिंदुओं पर बेहतर प्रदर्शन पर ध्यान देकर 2021-22 तक धनात्मक निवल राजस्व के साथ 3500 करोड़ रूपए से अधिक का व्यापार करना और नवाचार के माध्यम से लगातार संगठन और कर्मचारियों की क्षमता बढ़ाना । "

उद्देश्य :

1. निम्न के माध्यम से ग्राहक संतुष्टि सुनिश्चित करना :

- निर्धारित समय एवं लागत के अंदर परियोजनाओं का निष्पादन,
- संविदा के विनिर्देशों तथा शर्तों का अनुपालन करना,
- ग्राहकों की प्रतिक्रिया एवं सुधार करके ।

2. समझौता ज्ञापन के अनुसार व्यापार का लक्ष्य प्राप्त करना ।
3. व्यापार से तीन गुणा अधिक कार्य आदेश पुस्तिका स्थिति बनाये रखने के लिए व्यापार सुनिश्चित करना ।
4. एनपीसीसी की वित्तीय स्थिति सुधारने के लिए अधिकतम स्तर तक एवं शीघ्र पुराने बकाये चुकाना ।
5. कार्मिकों की जानकारी एवं कौशल में लगातार सुधार करना ।
6. व्यापार में लाभ और ग्राहक संतुष्टि पर जोर देते हुए सतत संगठनात्मक पुनर्संरचना एवं विविधीकरण ।
7. क्रियाकलापों के सभी क्षेत्रों में आईएसओ 9001-2008 आधारित प्रबंधन प्रणालियों का रखरखाव एवं सुधार ।

प्रचालन के क्षेत्र

- टाउनशिप और अन्य रिहायशी भवन
- संस्थागत भवन
- कार्यालय भवन
- सड़कें, पुल और फ्लाईओवर
- अस्पताल और स्वास्थ्य क्षेत्र की परियोजनाएं
- औद्योगिक संरचनाएं
- सतही परिवहन परियोजनाएं
- पर्यावरणीय परियोजनाएं
- ताप विद्युत परियोजनाएं
- जल विद्युत परियोजनाएं
- बांध, बैराज और नहर
- सुरंग और भूमिगत परियोजनाएं
- रीयल एस्टेट कार्य

वित्तीय स्थिति : कॉरपोरेशन की प्राधिकृत पूंजी 700 करोड़ रूपए है और इसकी प्रदत्त पूंजी 94.53 करोड़ रूपए है । कॉरपोरेशन ने पिछले वर्ष के 1174 करोड़ रूपए के व्यापार की तुलना में वर्ष 2014-15 के दौरान 1108.51 करोड़ रूपए का व्यापार किया । वर्ष 2015-16 के दौरान

1100 करोड़ रूपए का व्यापार होने का अनुमान है जबकि दिसम्बर, 2014 तक 676 करोड़ रूपए का व्यापार किया गया है । 31 दिसंबर, 2015 तक 583.12 करोड़ रूपए का कारोबार किया गया है।

कम्पनी ने लगातार 5 वर्षों तक निवल लाभ कमाया है और पिछले तीन वर्षों के दौरान धनात्क निवल पूंजी है । वित्तीय वर्ष 2015-16 के दौरान प्रत्याक्षित निवल लाभ 14.15 करोड़ रूपये (अनुमानित) है।

कम्पनी ने वर्ष 2016-17 के लिए निम्नलिखित लक्ष्य निर्धारित किया है:-

(रूपए करोड़ में)

क्र. सं.	वित्तीय सूचक	उत्कृष्ट श्रेणी हेतु लक्ष्य
1	सकल मार्जिन	34.75
2	सकल बिक्री	1200
3	सकल लाभ	30.40
4	नया व्यापार	1200

2014-15 का निष्पादन

अनुलग्नक - I

(अध्याय -IV)

(रूपए करोड़ में)

क्र.सं.	स्कीम का	उद्देश्य/	बजट प्राक्कलन 2014-15	मात्रात्मक सुपुर्दगिया/वास्तविक परिव्यय	प्रक्रिया/ समय सीमी	31.03.2015 की स्थिति के अनुसार कॉलम 5 के संदर्भ में उपलब्धियां	अभ्युक्ति/ जोखिम फैक्टर
1	2	3	4	5	6	7	8
1	**जल संसाधन सूचना प्रणाली का विकास (डीडब्ल्यूआरआईएस)**		225.40				
	जलवैज्ञानिक प्रेक्षण एवं निगरानी प्रणाली						
	मौजूदा एचओ स्टेशनों का उन्नयन और नए एचओ स्थलों की स्थापना करना	1) हिम जल विज्ञान, जलगुणवत्ता तथा ग्लेशियर झीलों की निगरानी सहित जल विज्ञानीय प्रेक्षण कार्यकलापों को जारी रखना। 2) आधुनिक तकनीकों तथा उपस्करों के साथ जल विज्ञानीय प्रेक्षण नेटवर्क का विस्तार तथा आधुनिकीकरण । 3) जल वर्ष पुस्तक के रूप में आंकड़ों का संग्रह,संकल्नभण्डारण, प्रसार, विश्लेषण और प्रकाशन।		933 स्थानों पर आंकड़ों का प्रेक्षण जारी रहा तथा जी एवं डी स्थलों और हिम प्रेक्षण स्थलों पर विभिन्न उपयोगों आदि के लिए आंकड़ा संग्रहण जारी रहा । मौजूदा 100 स्थलों पर उन्नयन, 236 नए केन्द्रों की स्थापना करके आंकड़ा प्रेक्षण नेटवर्क का विस्तार	स्थापित प्रेक्षण के अनुसार जल मौसम विज्ञान का प्रेक्षण, हिम प्रेक्षण, जल गुणवत्ता मानकों का प्रेक्षण दैनिक/आवधिक आधार पर साल भार जारी रहा	(i) बर्फ आंकड़ा और ग्लैशियर झीलों की निगरानी सहित 878 कार्यस्थलों पर जल विज्ञानीय आंकड़ों का प्रेक्षण जारी है । (II) संग्रह, संकलन, भंडारण, प्रसार, विश्लेषण और जल वर्ष पुस्तक के रूप में आंकड़ों का प्रकाशन किया गया (III) 100 एचओ स्टेशनों का अपग्रडेशन किया गया । जल वर्ष पुस्तिका के प्रपत्र में आंकड़ों विश्लषण और प्रकाशन किया गया । (iv) 177	बजट प्राक्कलन केवल प्रेक्षण घटक के लिए, आरएमसीडी, सीडब्ल्यूसी

क्र.सं.	स्कीम का	उद्देश्य/	बजट प्राक्कलन 2014-15	मात्रात्मक सुपुर्दगिया/वास्तविक परिव्यय	प्रक्रिया/ समय सीमी	31.03.2015 की स्थिति के अनुसार कॉलम 5 के संदर्भ में उपलब्धियां	अभ्युक्ति/ जोखिम फैक्टर
1	2	3	4	5	6	7	8
						नए स्थल खोले जाने हैं।	
	देश में बड़े जलाशयों के संबंध में भंडारण आंकड़ों का संग्रह	उनके आंकड़े 120 जलाशयों का जलाशय जल स्तर संग्रह करना, जिसका सक्रिय भंडारण टेलीमेट्री प्रणाली द्वारा सीडब्ल्यूसी द्वारा मॉनीटर करने का प्रस्ताव है ।		87 जलाशयों पर टेलीमीटरी प्रणाली स्थापित की जाएगी ।	12वीं योजना अवधि में पूरे किए जाने वाले कार्यक्रम के एक हिस्से के रूप में वर्ष भर कार्यकलाप जारी रहे ।	जलाशय भंडारण डेटा पारंपरिक तरीकों का उपयोग कर एकत्र किया जा रहा है। निविदाएं टेलीमेटरी आधारित निगरानी प्रणाली के लिए मसौदा तैयार किया गया है।	
	तटीय प्रबंधन सूचना प्रणाली का विकास (सीएमआईएस)	डेटा संग्रह और प्रलेखन (6 साइटों) सहित तलछट सेल / कटाव के कारण तलछट परिवहन/तलछट प्रकोष्ठ की परिमाण/तलछट बजट का निर्धारण तटीय डेटा का संग्रह, विश्लेषण, प्रसंस्करण और डब्ल्यूआरआईएस में एकीकरण सीपीडीएसी, उप समितियों, क्षेत्रीय दौरे, प्रशिक्षण / अध्ययन दौरे, प्रौद्योगिकी हस्तांतरण का सुदृढ़ीकरण,		दो साइटे शुरू करना और डेटा संग्रह सीपीडीएसी और इसकी उप-समितियों की बैठक का आयोजन समुद्र तट कटाव निदेशालय का सुदृढ़ीकरण।	कार्यकलाप पूरे वर्ष जारी रहेंगे।	आईआईटी, मद्रास के साथ एक बैठक आयोजित की गयी थी और 66 करोड़ के लिए उनके अनुमान पर चर्चा की गई। उन्हें संशोधित करके प्रस्तुत करने की सलाह दी गई । एनआईओ गोवा से भी इसी तरह का प्रस्ताव	

क्र.सं.	स्कीम का	उद्देश्य/	बजट प्राक्कलन 2014-15	मात्रात्मक सुपुर्दगिया/वास्तविक परिव्यय	प्रक्रिया/ समय सीमी	31.03.2015 की स्थिति के अनुसार कॉलम 5 के संदर्भ में उपलब्धियां	अभ्युक्ति/ जोखिम फैक्टर
1	2	3	4	5	6	7	8
		तट कटाव निदेशालय को उत्कृष्टता केन्द्र के रूप में सुदृढ़ करना, मैनुअल, दिशानिर्देश तैयार करना, कार्यशाला/ सेमिनारों आदि				प्रस्तुत करने का अनुरोध किया गया है।	
	सिंचाई गणना						
	लघु सिंचाई सांख्यिकी का युक्तिकरण (आरएमआईएस)	पारंपरिक पद्धति का उपयोग करके देश में 5वीं लघु सिंचाई गणना।		(i) पारम्परिक पद्धति से राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में 5वीं लघु सिंचाई गणना का आयोजना- राज्यों द्वारा प्रशिक्षण फील्ड कार्य तथा एनआईसी द्वारा साफ्टवेयर का विकास (ii) राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को निधि जारी करना (iii) एनआईसी के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर तथा एनआईसी को पहली किस्त जारी करन। वास्तविक लक्ष्य : एनआईसी द्वारा, गणना के लिए आंकड़ा प्रविष्टि का विकास/ साफ्टवेयर संसाधन (iv) 6वीं लघु सिंचाई		1.छह क्षेत्रों में 6 क्षेत्रीय प्रशिक्षण कार्यशालाएं, आयोजित की जिसमें राज्यों / संघ शासित क्षेत्रों के अधिकारियों को 5वीं लघु सिंचाई जनगणना के कार्यक्रम / नियमावलियों के विषय में प्रशिक्षण दिया गया। 2. दिसंबर,.2014 तक 25 राज्यों / संघ शासित क्षेत्रों को गणना के लिए निधि जारी/पुन: वैध की गई 3. डेटा प्रविष्टि / सत्यापन के लिए सॉफ्टवेयर के विकास के	

क्र.सं.	स्कीम का	उद्देश्य/	बजट प्राक्कलन 2014-15	मात्रात्मक सुपुर्दगिया/वास्तविक परिव्यय	प्रक्रिया/ समय सीमी	31.03.2015 की स्थिति के अनुसार कॉलम 5 के संदर्भ में उपलब्धियां	अभ्युक्ति/ जोखिम फैक्टर
1	2	3	4	5	6	7	8
				गणना हेतु अध्ययन, आऊटसोर्स स्टॉफ का वेतन, मूल्यांकन अध्ययन, तकनीकी परामर्श करना ।		लिए एनआईसी के साथ इस हसमझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं।	
	बृहत और मध्यम सिंचाई परियोजनाओं की प्रायोगिक गणना	आउटसोर्सिंग के माध्यम से प्रथम चरण में शामिल आठ परियोजनाओं के आउटलेट के स्तर पर जनगणना के आंकड़ों का संग्रह (द्वितीय चरण)		गणना और तत्संबंधी दिशा-निर्देशों के लिए अनुसूची को अंतिम रूप देना।		बृहत और मध्यम परियोजनाओं की प्रायोगिक गणना के पहले चरण के लिए उत्तर, दक्षिण, पूर्व, पश्चिम, उत्तर-पूर्व और मध्य क्षेत्र से आठ परियोजनाओं चयन किया गया था। भौतिक संपत्ति अर्थात पहले चरण के दौरान परियोजनाओं की सूची संबंधी डेटा इकट्ठा करने के उद्देश्य से अनुसूची और दिशा- निर्देश तैयार करन के राज्य परियोजना अधिकारियों से जानकारी इकट्ठा करने	

क्र.सं.	स्कीम का	उद्देश्य/	बजट प्राक्कलन 2014-15	मात्रात्मक सुपुर्दगिया/वास्तविक परिव्यय	प्रक्रिया/ समय सीमी	31.03.2015 की स्थिति के अनुसार कॉलम 5 के संदर्भ में उपलब्धियां	अभ्युक्ति/ जोखिम फैक्टर
1	2	3	4	5	6	7	8
						के लिए क्षेत्रीय मुख्य अभियंताओं को भेजा गया था। सात से आठ से बाहर का सम्मान क्षेत्रीय सीई से परियोजनाओं में प्राप्त हुए थे। एक ही जांच पर, कुछ अधूरापन । तदनुसार इन अनुसूचियों को आवश्यक कार्रवाई करने के लिए संबंधित क्षेत्रीय सीईएस वापस भेजा गया था । क्षेत्रीय मुख्य अभियंताओं (सीई) से, आठ में से सात (ऊपरी गंगा नहर परियोजना को छोड़कर) परियोजनाओंके बारे में भरी हुई अनुसूचि प्राप्त हुई थी । जांच करने पर भरी गई अनुसूचियों में कुछ कमियां पाई गई।	
	जल गुणवत्ता मूल्यांकन	डब्ल्यूक्यूएए को सौंपे गए दायित्वों के		(i) जल गुणवत्ता निगरानी संबंधी समरूप	कार्यकलापों को जारी रखना		

क्र.सं.	स्कीम का	उद्देश्य/	बजट प्राक्कलन 2014-15	मात्रात्मक सुपुर्दगिया/वास्तविक परिव्यय	प्रक्रिया/ समय सीमी	31.03.2015 की स्थिति के अनुसार कॉलम 5 के संदर्भ में उपलब्धियां	अभ्युक्ति/ जोखिम फैक्टर
1	2	3	4	5	6	7	8
	प्राधिकरण और निगरानी प्रणाली	निर्वाह के लिए सचिवीय सहायता प्रदान करना		प्रोटोकॉल (ii) डब्ल्यूक्यूएए की बैठकें आयोजित करना (iii) जल गुणवत्ता के मुद्दों पर प्रशिक्षण/कार्यशाला /सेमिनार आयोजित करना। (iv) अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम/लघु कोर्स आयोजित करना । (v) डब्ल्यूक्यूएए के अनुसंधान एवं विकास कार्य करना/आयोजित करना ।			
	सीडब्ल्यूसी में निगरानी इकाई का सुदृढ़ीकरण	बृहत / मध्यम / ईआरएम परियोजनाओं की सामान्य / एआईबीपी निगरानी		**Q1** में **13 + 36** दौरे / **Q2** में **14 + 37** दौरें /**Q3** में **13 + 37** दौरे / **Q4** में **14 + 37** दौरे। अग्रिम भुगतान / कार्य सौंपने / अधिप्राप्ति एवं प्रसंस्कृत छायाचित्रण / डिजिटलीकरण और मूल्यांकन अध्ययन के अनुमोदन के लिए कार्यवाही करना।		क्षेत्रीय मॉनिटरिंग इकाईयों द्वारा 1 और 2 तिमाही के लिए सामान्य मॉनिटरिंग दौरे 4 (2+2) 27 में से, तथा 73 में से 12 एआईबीपी मॉनिटरिंग दौरे।	
	डाटा बैंक और सूचना प्रणाली						
	वेब-आधारित जल संसाधन	वाटरशेड मानचित्रण तैयार करना तथा		**(i)** एनआरएससी द्वारा		एनडब्ल्यूआईसी और **19**	

क्र.सं.	स्कीम का	उद्देश्य/	बजट प्राक्कलन 2014-15	मात्रात्मक सुपुर्दगिया/वास्तविक परिव्यय	प्रक्रिया/ समय सीमी	31.03.2015 की स्थिति के अनुसार कॉलम 5 के संदर्भ में उपलब्धियां	अभ्युक्ति/ जोखिम फैक्टर
1	2	3	4	5	6	7	8
	सूचना प्रणाली और राष्ट्रीय जल सूचना केन्द्र स्थापित करना	1 : 50000 पैमाने पर देश की वेब आधारित जल सूचना प्रणाली का विकास। राष्ट्रीय जल संसाधनों की योजना हेतु बेसिन वार जल उपलब्धता का पुन: आकलन ।		इण्डिया डब्ल्यूआरआईएस को पूरा करना **(ii)** सीडब्ल्यूसी द्वारा इण्डिया डब्ल्यूआरआईएस परियोजना को लेकर तथा सीडब्ल्यूसी मुख्यालय में केन्द्र स्थापित करना **(iii).** इण्डिया डब्ल्यूआरआईएस को अद्यतन बनाना और सुधार करना **iv).** एमओडब्ल्यूआर द्वारा प्रस्ताव का अनुमोदन **(v)** फेस-**I** डाटा संग्रह और सीडब्ल्यूसी के अधिकारियों का क्षमता निर्माण **(vi)** फेस **II** - डेटा की निरंतरता की जाँच करना और डेटा और मॉडल मापदंडों को मापना। **(vii)** चरण-**II** जारी		बेसिनों की पानी की उपलब्धता के पुनर्मूल्यांकन का प्रस्ताव (**6** करोड रुपये) अनुमोदन के लिए जल संसाधन मंत्रालय को भेज दिया गया है। अनुममोदन प्राप्त नहीं हुआ है।	

क्र.सं.	स्कीम का	उद्देश्य/	बजट प्राक्कलन 2014-15	मात्रात्मक सुपुर्दगिया/वास्तविक परिव्यय	प्रक्रिया/ समय सीमी	31.03.2015 की स्थिति के अनुसार कॉलम 5 के संदर्भ में उपलब्धियां	अभ्युक्ति/ जोखिम फैक्टर
1	2	3	4	5	6	7	8
	सीडब्ल्यूसी में पुस्तकालय सूचना ब्यूरो का उन्नयन तथा आधुनिकीकरण	पुस्तकालय की सुविधाओं को उन्नत बनाकर और पुस्तकालय सूचना प्रणाली के आधुनिकीकरण द्वारा विषयगत बेहतर सामग्री उपलब्ध कराकर सीडब्ल्यूसी के अधिकारियों का ज्ञान बढ़ाना ।		पुस्तकों/प्रकाशन/सॉफ्टवेयर खरीद इत्यादि पुस्तकालय एवं पुस्तकालय भवन का आरएंण्डएम, एमएण्डई +एसी+कम्प्यूटर की खरीद, सीडब्ल्यूसी के प्रकाशनों का डिजटीकरण, पुस्तकालय और पुस्तकालय भवन का आरएण्डएम +होर्टीक्ल्चर सेवाओं के लिए भुगतान		पुस्तकों / प्रकाशनों /पत्रिकाओं /जरनल आदि प्राप्त करना। एसी/कम्प्यूटर और स्टेशनरी/पुस्तकालय फर्नीचर प्राप्त करना। बिजली /पानी /सीवेज का शुल्क । स्टाफ को प्रशिक्षण।	
	सीडब्ल्यूसी में सॉफ्टवेयर प्रबंधन	वेब आधारित कस्टम निर्मित सॉफ्टवेयर के साथ ई-गवर्नेंस क्षमताओं को बढ़ाना। सीडब्ल्यूसी-मुख्यालय और क्षेत्रीय कार्यालयों के लिए हार्डवेयर / सॉफ्टवेयर / नेटवर्क संसाधनों को मजबूत बनाना		लैपटॉप / कंप्यूटर / प्रिंटर की खरीद, सीडब्ल्यूसी-मुख्यालय और क्षेत्रीय कार्यालयों के लिए हार्डवेयर / सॉफ्टवेयर / नेटवर्क संसाधनों को अपग्रेड करना और मजबूत बनाना।		सीडब्ल्यूसी-मुख्यालय और क्षेत्रीय कार्यालयों के लिए हार्डवेयर / सॉफ्टवेयर / नेटवर्क संसाधनों को अपग्रेड करना और मजबूत बनाना।	
